नई दिल्ली
शुक्रवार 10 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 356
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

मौसम
अधि. 38
न्यून. 24

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**इजरायल-हिजबुल्लाह जंग के बीच...**

## 'ब्लू लाइन' पर तैनात भारतीय शांति सैनिकों की कड़ी निगरानी करती सेना, फिलहाल सभी सुरक्षित




कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

विशेष खबर

पश्चिम-एशिया से लेकर खाड़ी क्षेत्र में बीते लगभग 40 दिनों से अधिक वक्त तक चले युद्ध के बाद अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच हुए संघर्षविराम के ग्राउंड पर कोई मायने नहीं हैं। क्योंकि इसकी घोषणा के साथ ही इजरायल की सेना (आईडीएफ) ने लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई का आगाज कर दिया। एक के बाद एक कई हवाई हमले किए गए, नतीजा हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम के सहयोगी (निजी सचिव) और भतीजे अली युसूफ हरशी की मौत के ▶▶ शेष पेज 5 पर

- यूएन शांति सैनिकों की इस टुकड़ी में शामिल हैं भारत के 600 से ज्यादा रणबांकुरे
- बढ़ते तनाव के बीच यूएन के दिशानिर्देशों के हिसाब से लगातार निभा रहे शांति स्थापना का अपना दायित्व

## ईरानः 'बारूद और बात' साथ-साथ नहीं, लेबनान पर फंसी 'शांति वार्ता'

### आज इस्लामाबाद में बैठक : यूएस से जेडी वेंस तैयार, ईरान की 'हां' का इंतजार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भले ही अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते का शांति समझौता गया है लेकिन धमाकों की गूंज अभी भी सुनाई दे रही है। इजराइल ने लेबनान के बरूत शहर में 100 ठिकानों पर महज 10 मिनट के भीतर धमाके कर दिए। इससे करीब 254 लोगों की मौत हो गई। इन धमाको के साथ इजराइल साफ संदेश दिया कि शांति समझौते में लेबनान शामिल नहीं है।

ईरान ने नाराजगी जाहिर करते हुए साफ कह दिया कि बारूद और बात साथ-साथ नहीं चल सकते। मतलब एक बार फिर लेबनान को लेकर शांति वार्ता अटकने की संभवना बन गई। गौर हो कि आज शुक्रवार को इस्लामाबाद में शांति वार्ता होने वाली है। अमेरिका और इजराइल की पीएम प्रधानमंत्री बेंजामिन ▶▶ शेष पेज 5 पर


डोनाल्ड ट्रंप | मोजतबा | नेतन्याहू

इजराइल सीजफायर में लेबनान को शामिल करने को राजी नहीं


लेबनान में इस तरह धमाके हो रहे हैं

### 4 मुद्दों पर अटकी है शांति वार्ता

**पहलाः लेबनान**

- ईरान और पाकिस्तान का कहना है कि युद्धविराम में लेबनान और हिज़्बुल्ला भी शामिल हैं। इसके विपरीत, अमेरिका का तर्क है कि यह समझौता केवल ईरान के साथ है, जिसके कारण इजराइल ने लेबनान पर हमले जारी रखे हैं। ईरान ने चेतावनी दी है कि यदि लेबनान पर हमले नहीं रुके तो वह समझौते से पीछे हट सकता है।

**दूसरा : स्ट्रेट ऑफ होर्मुज**

- समझौते के तहत ईरान को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज व्यापारिक मार्ग को खोलना था। हालांकि, ईरान ने इजराइली हमलों के विरोध में जहाजों की आवाजाही को फिर से सीमित कर दिया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय तेल आपूर्ति पर संकट बना हुआ है।

**तीसराः परमाणु कार्यक्रम**

- अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने परमाणु ठिकानों (जैसे फोर्डो और नतांज़) को पूरी तरह नष्ट कर दे और ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरआर आरसीबी
शाम 7.30 बजे से

### हल्दिया में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने छह गारंटी दी

# पश्चिम बंगाल से घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे सातवां वेतन आयोग लागू करेंगेः पीएम मोदी

*टीएमसी पर बरसे प्रधानमंत्री मोदी, ममता सरकार पर लगाए कई आरोप*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के हल्दिया में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राज्य की जनता से कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर कानून व्यवस्था स्थापित करने, शासन में पारदर्शिता लाने, भ्रष्टाचार के हर मामले की जांच करने, घुसपैठियों को बाहर निकालने और सातवें वेतन आयोग को लागू किया जाएगा। उन्होंने राज्य में आर्थिक कुप्रबंधन और कानून व्यवस्था की विफलता को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोला। मोदी ने अपनी छह गारंटियों की घोषणा करते हुए कहा आज मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि भाजपा संविधान के अनुसार कार्य करेगी। सभी को उनका उचित हक मिलेगा, और यह मोदी की गारंटी है।

राज्य में दो इंजन वाली सरकार बनाने की वकालत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाएगी। उन्होंने कहा यह विकासशील बंगाल के लिए चुनावी लड़ाई है। उन्होंने आगे कहा कि वास्तविक प्रगति तभी आएगी जब प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मिलकर काम करेंगे। मोदी ने पश्चिम बंगाल के आर्थिक विकास की उपेक्षा के लिए तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में राज्य विकास के हर पैमाने पर पिछड़ गया है। उन्होंने दावा किया, हल्दिया कभी आधुनिक भारत के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में से एक था, लेकिन हाल के दशकों में यहां कारखाने बंद हो गए हैं। एक समय लोग काम की तलाश में हल्दिया आते थे, लेकिन आज वे काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। उन्होंने टीएमसी सरकार पर बंगाल के युवाओं से नौकरियां छीनकर घुसपैठियों को देने का आरोप लगाते हुए राज्य में इस तरह की व्यवस्था को समाप्त करने का संकल्प लिया। उन्होंने आरोप लगाया, अब यहां कोई कारखाने नहीं हैं, केवल घुसपैठियों को लाने के कारखाने हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में मछली उत्पादन के बारे में बात करते हुए दावा किया कि ममता बनर्जी सरकार के कार्यकाल में इसमें भारी गिरावट आई है। मत्स्य पालन पर उनका ध्यान टीएमसी के इस आरोप से मेल खाता है कि भाजपा सत्ता में आने पर मांस और मछली पर प्रतिबंध लगा देगी। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में अन्य राज्यों में मछली उत्पादन दोगुना हो गया है, लेकिन बंगाल में नहीं। उन्होंने आगे कहा कि टीएमसी सरकार अब बाहर से मछली खरीदने के लिए मजबूर है।




### बंगाल में पीएम मोदी की 6 गारंटी

1- भय की जगह भरोसाः मोदी की पहली गारंटी टीएमसी ने भय फैलाया। सरकार और सरकारी सिस्टम को भय का माध्यम बनाया। आज बात बातबात पर लोगों को कोर्ट से न्याय मांगना पड़ता है। बीजेपी सरकार भय की जगह भरोसा कायम करेगी. कानून पर भरोसा लौटाएगी।

2- जवाबदेह प्रशासनः मोदी की दूसरी गारंटी बीजेपी सरकार में सरकारी सिस्टम जनता की सेवा के लिए जवाबदेह होगा अकाउंटेबल होगा।

3- पुरानी फाइलें खुलेंगीः मोदी की तीसरी गारंटी हर घोटाले हर करप्शन और बेटियों के साथ हुए हर अन्याय हर रैप केस की फाइलें खुलेंगी।

4- भ्रष्टाचारी जाएंगे जेलः मोदी की चौथी गारंटी टीएमसी के राज में जिसने भी करप्शन किया है उसकी जगह जेल में होगी। मंत्री हो या संत्री कानून सबका हिसाब करेगा. टीएमसी का कोई गुंडा अब कानून से बचने वाला नहीं है। मोदी टीएमसी को जनता जनार्दन का पैसा नहीं खाने देगा। पैसा नहीं खाने देगा।

5- शरणार्थी को हकः मोदी की पांचवी गारंटी जो शरणार्थी हैं उन्हें संविधान के तहत हर हक मिलेगा लेकिन जो घुसपैठिए हैं उनको खदेड़ा जाएगा। उनको भारत में नहीं रहने दिया जाएगा।

6- 7वां वेतन आयोगः मोदी की छठी गारंटी बंगाल के सभी सरकारी कर्मचारियों, सभी शिक्षकों और अन्य सेवाओं में जुटे साथियों के लिए आपको इतने वर्षों तक यह निर्मम सरकार ने भयभीत करके रखा है। मोदी आपके साथ खड़ा है। बीजेपी आपके साथ खड़ी है। आप कमल छाप पर बटन दबाइए. बीजेपी सरकार बनते ही यहां सेवंथ पे कमीशन लागू करवाएंगे। यह हमारी गारंटी है।


विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को एक चरण में मतदान करते मतदाता

### असम, केरल और पुडुचेरी में बंपर वोटिंग

## पुडुचेरी में सबसे ज्यादा 86.92% असमः 84.42%, केरलम :75%

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम, केरलम (केरल) और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को एक चरण में मतदान संपन्न हो गया। सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक चला। विधानसभा चुनाव के अलावा कर्नाटक की 2 सीटों, नगालैंड में एक सीट, त्रिपुरा में एक सीट पर उपचुनाव हुआ। वहीं, गोवा में भी एक सीट पर उपचुनाव होना था, लेकिन वहां के उपचुनाव पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि असम में 126 सीटों पर 722 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करने के लिए 31,940 मतदान केंद्र बनाए गए थे। असम के 35 जिलों में मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग ने 1.5 लाख ▶▶ शेष पेज 5 पर

**पुडुचेरी में दिखा टेक्नोलॉजी का अलग रंग**

### लहंगा पहने रोबोट 'नीला' ने वोटर्स का किया स्वागत



पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में इस बार मतदान का माहौल कुछ अलग ही नजर आया। इस बार एक प्यारा सा ह्यूमनॉइड रोबोट 'नीला' वोटर्स का स्वागत करता दिखा। वीओसी गवर्नमेंट स्कूल स्थित एक ▶▶ शेष पेज 5 पर

**खबर संक्षेप**

### एअर इंडिया फ्लाइट का इंजन हुआ बंद

**मुंबई।** मुंबई से बेंगलुरु जा रही एअर इंडिया की एअरबस ए 320 नियो फ्लाइट एआई 2812 गुरुवार को उड़ान भरने के करीब 20 मिनट बाद वापस मुंबई एयरपोर्ट लौटी। अधिकारियों ने बताया कि हवा में एक इंजन बंद होने पर पायलट ने रेडियो पर 'पैन-पैन' कॉल दी, जिसके बाद फ्लाइट को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित लैंड कराया गया। दरअसल विमानन इमरजेंसी प्रोटोकॉल में यह कॉल 'मेडे' से एक स्तर नीचे मानी जाती है। इसका मतलब होता है कि स्थिति गंभीर है और तुरंत सहायता की जरूरत है, लेकिन तत्काल जानलेवा खतरे की स्थिति नहीं है। टेकऑफ के दौरान तेज आवाज सुनाई दी और चिंगारी भी दिखीं।



*मुख्यमंत्री सैनी ने समाधान शिविरों की औचक समीक्षा कर अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए*

## कहा, जो अधिकारी नियमित रूप से समीक्षा बैठकों में अनुपस्थित रहे हैं, ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें उपायुक्त



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों से एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर प्रदेशभर में संचालित समाधान शिविरों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों से जुड़े नागरिकों की शिकायतें सीधे सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।

प्रदेश के सभी जिलों में प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को उपायुक्त तथा उपमंडल अधिकारी कार्यालयों में समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में नागरिक अपनी समस्याएं प्रस्तुत करते हैं। जिन शिकायतों का समाधान मौके पर संभव होता है, उनका तत्काल निपटारा किया जाता है, जबकि शेष मामलों का समाधान 7 से 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाता है।

गौरतलब है कि 10 जून 2024 से आरंभ हुए इस अभियान के अंतर्गत अब तक प्रदेशभर में लगभग डेढ़ लाख शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से लगभग 78 प्रतिशत शिकायतों का सफलतापूर्वक समाधान किया जा चुका है। आज की बैठक में मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न जिलों के नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए। साथ ही, उन्होंने वर्ष 2024, 2025 और 2026 के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए सभी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक के दौरान कुछ जिलों में ▶▶ शेष पेज 5 पर ▶▶ पढ़ें पेज 04 भी

*सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने कहा- 2018 के फैसले में पुरुषों के श्रेष्ठ होने की धारणा*

## सुप्रीम कोर्ट बोला-मंदिरों में एंट्री रोकने से समाज बंटेगा, इससे हिंदू धर्म को नुकसान

*सबरीमाला मंदिर मामला*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर चल रहे विवाद पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में दलील दी कि 2018 का फैसला इस धारणा पर आधारित था कि पुरुष श्रेष्ठ हैं और महिलाओं को निचले स्तर पर रखा गया। सुप्रीम कोर्ट की नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही ▶▶ शेष पेज 5 पर


नागरत्ना


### अनुच्छेद 25 व्यक्ति का, 26 समूह का अधिकार : सीजेआई

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 की व्याख्या करते हुए महत्वपूर्ण टिप्पणी की। अनुच्छेद 25 व्यक्तिगत धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़ा है, जबकि अनुच्छेद 26 व्यक्तियों के समूह या धार्मिक समुदाय के अधिकारों को संरक्षण देता है। इसके साथ ही उन्होंने अनुच्छेद 25(2) में प्रयुक्त इस अनुच्छेद में कुछ भी नहीं... जैसे ▶▶ शेष पेज 5 पर


सूर्यकांत

## केदारनाथ-यमुनोत्री में भारी बर्फबारी, बदरीनाथ से औली तक बर्फ से ढके

मौसम का असर चार धाम की तैयारियों पर



### 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर खुलेंगे यमुनोत्री धाम के कपाट

**देहरादून।** बीते दो दिन केदारनाथ-बदरीनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री धाम सहित ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो रही है। यमुनोत्री धाम का अद्भुत नजारा देखने को मिला। उधर, बदरीनाथ से औली तक क्षेत्र बर्फ से ढका है। चमोली देवाल में मंगलवार की रात्रि से लगातार हो रही बारिश ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ईरान से सड़क मार्ग से सुरक्षित आर्मेनिया, अजरबैजान पहुंचे 2 हजार 170 लोग, जल्द देश लौटेंगे

# पश्चिम-एशिया क्षेत्र में तनाव के बीच अब तक हुई 8 लाख 15 हजार लोगों की वतन वापसी

### बहरीन से भारतीय सऊदी अरब के रास्ते वापसी कर रहे हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच हुए लगभग एक पखवाड़े के तथाकथित संघर्षविराम के बीच भारत पश्चिम-एशिया से लेकर खाड़ी के इलाके में रह रहे अपने नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण की जिम्मेदारी को शीर्ष प्राथमिकता बनाकर निभा रहा है। जिसका परिणाम यह हुआ है कि 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए इस युद्ध के बाद से लेकर अब तक कुल 8 लाख 15 हजार भारतीय सुरक्षित देश वापस लौट चुके हैं। जबकि क्षेत्र में देश के नागरिकों की कुल आबादी लगभग 1 करोड़ है। जल्द ही भारत लौटने वाले लोगों की संख्या में और अधिक बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। राजधानी में गुरुवार को हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल और मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम.आर.महाजन ने यह जानकारी दी है।



### जयशंकर यूएई, पुरी करेंगे कतर की यात्रा

जायसवाल ने बताया कि मौजूदा हालात पर विदेश मंत्रालय की कड़ी निगरानी बनी हुई है। जिसमें हम खाड़ी सहित समूचे क्षेत्र के सभी देशों (खाड़ी सहयोग परिषद के देश शामिल) के साथ संपर्क बनाए हुए हैं। इसी क्रम में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर आगामी 11 से 12 अप्रैल तक खाड़ी के एक अहम देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दौरा करेंगे। जिसमें वह यूएई के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे और इसके केंद्र में दोनों देशों के निकट सहयोग और व्यापक सामरिक भागीदारी की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री के अलावा केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी 9 से 10 अप्रैल तक कतर की यात्रा करेंगे।

***ईरान से सुरक्षित बाहर निकले 2170 लोगः*** *मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव असीम. आर. महाजन ने बताया कि ईरान की राजधानी तेहरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने अब तक कुल 2 हजार 170 भारतीय नागरिकों को सड़क मार्ग से सुरक्षित आर्मेनिया, अजरबैजान* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यूएई से आएंगी सवार्धिक फ्लाइट्स

क्षेत्र में भारतीय मिशन, दूतावास चौबीसों घंटे देश के नागरिकों को हर संभव सहायता प्रदान करने में लगे हुए हैं। जिन देशों में एयरस्पेस खुला है। वहां से विभिन्न एयरलाइंस गैर पंजीकृत कमर्शियल उड़ानों के जरिए हवाई संचालन जारी रखे हुए हैं। आज यूएई से भारत के लिए करीब 85 फ्लाइट्स ऑपरेट करेंगी। सऊदी अरब और ओमान के विभिन्न हवाईअड्डों से भी कुछ उड़ान भारत पहुंच रही हैं। कतर का एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला हुआ है। वहां से 8 से 10 उड़ानें भारत आएंगी। कुवैत का एयरस्पेस बंद है। इसलिए जजीरा एयरवेज और कुवैत एयरवेज की गैर पंजीकृत कमर्शियल फ्लाइट्स लगातार सऊदी अरब के दम्माम हवाईअड्डे से भारत आ रही हैं। बहरीन से भारतीय सऊदी अरब के रास्ते भारत के लोग वतन वापसी कर रहे हैं।

# रानी बाग में शख्स को चाकू मारकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ कुछ ही घंटों में दो आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

बाहरी जिले के रानी बाग में गुरुवार को लगभग 12:30 बजे एक शख्स की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राजू (40) पुत्र राम प्रकाश, निवासी पीतमपुरा गांव के रूप में हुई है। पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर वारदात में शामिल दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इनके नाम लाल बाबू उर्फ लालू और कुंदन बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल, रोहिणी से रानी बाग थाने को एक एमएलसी के बारे में सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि राजू को घायल हालत में अस्पताल लाया गया था और उसे मृत घोषित कर दिया गया है। वारदात आशियाना अपार्टमेंट बस स्टैंड, पीतमपुरा के पास अंजाम दी गई थी। वारदात स्थल पर क्राइम व फॉरेंसिक टीमों को भी बुलाकर निरीक्षण किया गया और साक्ष्य एकत्र किए गए। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए कई टीमें गठित की गई। टीम ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया और आरोपियों की पहचान लाल बाबू उर्फ लालू पुत्र उपेंद्र दास, कुंदन पुत्र इकबाल निवासी पीतमपुरा और दो अन्य व्यक्तियों के रूप में स्थापित की। बहुत जल्द हत्या करने वाले आरोपी लाल बाबू और कुंदन के छिपने के स्थान के बारे में सूचना मिली। इसके बाद रानी बाग में अपीजय स्कूल के पास, पानी की टंकी के निकट स्थित एक पार्क में छापा मारा गया। आरोपियों को पकड़ने की कोशिश हुई तो उन्होंने पुलिसकर्मियों से उनकी सर्विस पिस्टल छीन कर गोलियां चलाई। आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने आरोपियों पर गोलियां चलाई, जिसके परिणामस्वरूप कुंदन और लाल बाबू उर्फ लालू के पैरों में गोली लगी। दोनों को पकड़ लिया गया और इलाज के लिए भगवान महावीर अस्पताल ले जाया गया। दोनों आरोपियों की उम्र 20 वर्ष बताई गई है। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# रोडरेज में युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया के बी ब्लॉक में बुधवार शाम एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मामला रोडरेज से जुड़ा बताया गया है। पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को पकड़कर कुछ ही घंटों में मामला सुलझाने का दावा किया है।

पुलिस के अनुसार बुधवार शाम लगभग 6:23 बजे, एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया इलाके के बी-ब्लॉक, फिश मार्केट स्थित सुलभ शौचालय के परिसर के अंदर किसी व्यक्ति को चाकू मारा गया है। पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शौचालय के अंदर एक पुरुष को खून से लथपथ पड़ा हुआ पाया। पीड़ित की पहचान संतोष कुमार (27) के रूप में हुई, जो मूलरूप से नेपाल का रहने वाला था। वह फिश मार्केट में ही रहता था तथा एक फैक्ट्री में मजदूर के तौर पर काम करता था। शुरुआती जांच में पता चला कि यह घटना पीड़ित और एक मोटरसाइकिल सवार के बीच हुई कहासुनी के बाद हुई, जो बाद में हाथापाई में बदल गई। घटना के दौरान आरोपी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर पीड़ित को चाकू मारा और अपनी मोटरसाइकिल वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। घायल व्यक्ति भागकर सुलभ शौचालय परिसर में पहुंचा, जहां वह गिर पड़ा और चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। इस संबंध में अशोक विहार थाने में बीएनएस की धारा 103(1)/3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान तानिश (19) पुत्र अकील खान, निवासी सीएसए कॉलोनी, फिश मार्केट, वजीरपुर इंडस्ट्रियल को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। इस घटना का पीछे रोडरेज (सड़क पर हुई कहासुनी) प्रतीत होता है, यानी सड़क पर अचानक हुई कहासुनी जो बाद में एक हिंसक हमले में बदल गई, जिसके परिणामस्वरूप पीड़ित की मौत हो गई। मामले में आगे की जांच जारी है।

## ऑटो चालक की चाकू घोंपकर हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के मिंटो रोड के पास कुछ बदमाशों ने लूट का विरोध करने पर एक ऑटो चालक की कथित रूप से चाकू घोंपकर हत्या कर दी और उसका वाहन लूट लिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपियों को हरियाणा के पलवल से और एक को राष्ट्रीय राजधानी से गिरफ्तार कर लिया।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश, पुत्र भानु प्रताप निवासी मकान नं. वी-47, गली नं.14, ब्रह्मपुरी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 227/2016, धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 227/2016, धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, कमरा नं. 19**
**प्रथम तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली**

**DP/4098/NE/2026**



**PUBLIC NOTICE**

**PRMK Energy**

**Office No. 501, 5th Floor, Sorrento Apartment, High Street, Hiranandani Gardens, Mumbai - 400076**
**Notice under sub-section (2) of Section 15 of the Electricity Act, 2003**

1. The person above-named, a Sole Proprietorship Firm has made an application under sub-section (1) of Section 15 of the Electricity Act, 2003 for grant of Category V license for inter State trading in electricity in Pan India before the Central Electricity Regulatory Commission, New Delhi. The necessary details in respect of the applicant are given hereunder:

i) Authorized, issued, subscribed and paid up capital.
Sole Proprietor's capital account balance: Rs. 7,55,38,564/- (Rupees Seven Crores Fifty Five Lakhs Thirty Eight Thousand and Five Hundred Sixty Four only) as per the Special Balance Sheet dated 08.03.2026.

ii) Shareholding pattern
Not Applicable

iii) Financial strength- **Mr. Anand Ashok Nahar [Finance Head]**, with over 23 years of experience in Finance. Technical strength – **Mr. Surendra Sundar Raaz [Manager-Business Development]**, is a professional with solid experience in Power system operations and Power Trading with over 12 years of techno-commercial experience of working across domains.

iv) Management Profile of the applicant including details of past experience of the applicant and/or the persons on the management of the applicant in generation, transmission, distribution and trading of electricity or similar activity- **Mr. Surendra Sundar Raaz [Manager-Business Development] and Mr. Prabhat Ranjan [SOLE PROPERIETOR]: Over 12 Years of Experience in Power system operations, planning and Regulatory compliances.**

v) Volume of electricity intended to be traded during the first year after grant of license and future plans of the applicant to expand volume of trading.- **As allowable under category V**

vi) Geographical areas within which the applicant will undertake trading in electricity; - **Pan India**

vii) Net worth as on 31st March of three consecutive years immediately preceding the year of application or for such lesser period as may be applicable- **Rs. 2,71,91,936/- as on 31.03.2025;** and as on date of the special balance sheet accompanying the application- **Rs. 7,55,38,564/- as on 08.03.2026.**

viii) Year-wise current ratio and liquidity ratio of the applicant for three years preceding the year in which the application is made, or for such lesser period as may be applicable- **0.70 and 0.70 as on 31.03.2025;** and as on the date of the special balance sheet accompanying the application: **1.04 and 1.04 as on 08.03.2026.**

ix) (a) A statement whether the applicant is authorized to undertake trading in electricity under the Memorandum of Association or any other document.- **Yes**
(b) If so, reproduce the specific provision of Memorandum of Association or any other document authorizing trading in electricity. - **"2. OBJECTIVE & DETAILS OF THE BUSINESS** ***Inter-state AND/ OR Intra-State Trading of Electricity**, REC & ECERT's on TEX, Procurement, designing, erection & Commissioning of Electrical systems, Consultancy, Manufacturing and repairing of special purpose test equipment, Procurement, designing, erection & commissioning of Solar Systems, Sale & purchase of Electrical & electronics instruments and equipment's and Sale & purchase of Electrical Maintenance tools, materials, and equipment."*

x) Details of cases, if any, where the applicant or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors has been declared insolvent and has not been discharged.- **None**

xi) Details of the cases, if any, in which the applicant or any of his associates or partners or promoters or Directors has been convicted of an offence involving moral turpitude, fraud or any economic offence during the previous three years preceding the year of making the application and the year of making of applicant and the date of release of the above person from imprisonment, if any, consequent to such conviction.- **None**

xii) Whether the applicant or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors was ever refused licence, and if so, the detailed particular of the application, date of making application, date of order refusing licence and reasons for such refusal. **NA.**

xiii) Whether the applicant has been granted a licence for transmission of electricity- **No**

xiv) Whether an order canceling the licence of the applicant, or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors has been passed by the Commission-**None**

xv) Whether the applicant or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors was ever found guilty in any proceedings for contravention non-compliance of any of the provisions of the Act or the rules or the regulations made thereunder or an order made by the Appropriate Commission, during the year of making the application or five years immediately preceding that year? - **No**

2. The application made and other documents filed before the Commission are available for inspection by any person with Mr. Surendra Sundar Raaz [Manager-Business Development], Office No. 501, 5th Floor, Sorrento Apartment, High Street, Hiranandani Gardens, Mumbai - 400076, Mobile: +91-7283852232 Email: surendra@prmkenergy.com

3. The application made and other documents filed before the Commission have been posted on www.prmkenergy.com

4. Objections or suggestions, if any, on the application made before the Commission may be sent to the Secretary, Central Electricity Regulatory Commission, 6th, 7th & 8th Floors, Tower B, World Trade Centre, Nauroji Nagar, New Delhi- 110029
Ph: 011-26189709, Fax: 011-20904365 within 30 days of publication of this notice, with a copy to the applicant.

5. No objections or suggestions shall be considered by the Commission if received after expiry of 30 days of publication of this notice.

**Sd/-**
**Surendra Sundar Raaz**
Manager-Business Development

**Date:** 10.04.2026
**Place:** New Delhi


## लड़कियों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मध्य दिल्ली के श्रद्धानंद मार्ग इलाके में चल रहे मानव तस्करी और देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक नाबालिग समेत आठ महिलाओं को मुक्त कराया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अजमेरी गेट के पास एक इमारत में अनैतिक गतिविधियों के संबंध में मिली विशिष्ट सूचना के बाद आठ अप्रैल की रात को छापेमारी की गई। एक अधिकारी ने बताया, ‟सूचना के आधार पर, कमला मार्केट थाने की एक टीम ने अन्य इकाइयों के साथ मिलकर संदिग्ध परिसर पर छापा मारा।” छापेमारी के दौरान पुलिस को परिसर के अंदर कई महिलाएं और कुछ पुरुष मिले। जांच करने पर पता चला कि इस जगह का इस्तेमाल संगठित देह व्यापार और मानव तस्करी के लिए किया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि आठ महिलाओं को मुक्त कराया गया, जिनमें पश्चिम बंगाल से तस्करी करके लाई गई 17 वर्षीय लड़की भी शामिल थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, नाबालिग ने खुलासा किया कि उसे आलिया उर्फ पिंकी नाम की एक महिला दिल्ली लेकर आई थी और बाद में उसे एक ऐसे दंपति को सौंप दिया गया था जो कथित तौर पर देह व्यापार में लिप्त है।

## गड्ढे में गिरने से युवक की मौत मामला 77 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने जनकपुरी में गड्ढे में गिरने से बाइक सवार की मौत के मामले में 877 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया है। इसमें तीन आरोपियों को नामजद किया है तथा निर्माण परियोजना के क्रियान्वयन से जुड़ी कथित खामियों का विस्तृत विवरण दिया है। आरोप पत्र सात अप्रैल को अदालत में दाखिल किया गया। यह मामला छह फरवरी को दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, आरोपियों में मुख्य ठेकेदार कंपनी केकेएसपीयूएन प्राइवेट लिमिटेड का निलंबित निदेशक हिमांशु गुप्ता (45), परियोजना से जुड़ा उप-ठेकेदार राजेश कुमार (47) और स्थल पर तैनात मजदूर योगेश (23) शामिल हैं। यह हादसा पांच फरवरी की रात को तब हुआ जब कैलाशपुरी निवासी कमल ध्यानी रोहिणी स्थित अपने कार्यालय से बाइक से घर लौट रहा था और जनकपुरी इलाके में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा खोदे गए 15 फुट गहरे गड्ढे में गिरकर उसकी मौत हो गई थी। आरोपपत्र में आरोपियों की भूमिका और जिम्मेदारियों, संविदात्मक व्यवस्थाओं और घटना के समय घटनास्थल की स्थितियों और समन्वय के बारे में विस्तृत निष्कर्ष शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा मानदंडों का अनुपालन, श्रमिकों की तैनाती और काम के दौरान अपनाए गए तरीकों सहित कई पहलुओं की जांच की गई। गवाहों के बयान, तकनीकी आकलन और दस्तावेजी साक्ष्य आरोपपत्र का हिस्सा हैं। ठेकेदार कंपनी का वरिष्ठ पदाधिकारी हिमांशु गुप्ता समग्र पर्यवेक्षण और सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन को सुनिश्चित करने का कथित रूप से जिम्मेदार था, जबकि उप-ठेकेदार राजेश कुमार पर जमीन पर काम करवाने की कथित रूप से जिम्मेदारी थी। इस मामले में घटनास्थल पर कार्यरत मजदूर योगेश को भी नामजद किया गया है। अन्य संदिग्धों की भूमिका की जांच अभी जारी है और जांच पूरी होने पर पूरक आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा।

## सफल होने के लिए कार्य के प्रति ईमानदारी जरूरी : सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज के हिंदी विभाग के अंतर्गत हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम ने मीडिया फेस्ट 2026 का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता प्रसिद्ध फ़िल्म निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह उपस्थित रहे। द केरला स्टोरी 2 के निर्माता व निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि यह कॉलेज मेरी मातृभूमि है। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि गुवाहाटी से जब दिल्ली आया तो मेरे दिमाग में बिल्कुल स्पष्ट था कि मुझे फिल्म निर्देशन के क्षेत्र में ही कार्य करना है। इसलिए जीवन में क्या करना है इसे लेकर ईमानदारी और स्पष्टता बहुत जरूरी है। मुख्य अतिथि नारायण सिंह ने बताया कि कॉलेज में बने संबंधों को लेकर निस्वार्थ भाव रखना बहुत जरूरी है।

# विधानसभा समेत कई इमारतों को बम से उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा समेत कई सरकारी कार्यालयों को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिये मिली। इसके बाद राजधानी में प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक सुरक्षा जांच की गई। घंटों चली जांच पड़ताल के बाद कुछ भी संदिग्ध बरामद नहीं हुआ। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली।

मिली सूचना के अनुसार यह ईमेल गुरुवार सुबह 8.14 बजे विधानसभा और दिल्ली सरकार के कार्यालयों से जुड़ी ईमेल आईडी सहित कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए। इसमें दिन में अलग-अलग समय पर विधानसभा, सचिवालय, कुछ स्कूलों और एक मेट्रो स्टेशन पर संभावित विस्फोटों का जिक्र किया गया था। दिल्ली पुलिस द्वारा तेजी से कार्रवाई करते हुए, बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों की इकाइयों के साथ मिलकर सभी जगहों पर व्यापक जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के ईमेल को अनदेखा नहीं किया जा सकता। जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है।

पुलिस ने बताया कि ईमेल में उल्लिखित सभी स्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया गया है और प्रवेश और निकास स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए साइबर टीमों को लगाया गया है।


## उत्तर रेलवे

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | **03-SRDEE-G-DLI-2026-27** इससे संबंधित विद्युत कार्य (i) पुराने ओआरएच के स्थान पर ओआरएच गाजियाबाद में 2 पारिवारिक और 6 व्यक्तिगत सुइट्स का प्रावधान। (ii) एडेन/गाजियाबाद के अंतर्गत भूमिगत टैंक और पंप हाउस, विद्युत उप–स्टेशन का निर्माण, जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार। (iii) ईएलएस/गाजियाबाद की आवास क्षमता को 200 से बढ़ाकर 225 करना। (iv) ईएलएस/गाजियाबाद में शेड और दुकान में उपलब्ध सुविधाओं का पुनर्गठन। (v) ईएलएस/गाजियाबाद में अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र का प्रावधान। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रू. 11909661.90/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रू0 238200.00/- |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 30.04.2026, 16.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 30.04.2026, 16.00 बजे |
| वेब साइट व नोटिस बोर्ड | **www.ireps.gov.in** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1178/2026


# दो साल पुराने अपहरण के मामले में वांछित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने साल 2024 में फिरौती के लिए एक शख्स को अगवा करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि आरोपी की पहचान 27 वर्षीय सागर के रूप में हुई है, जो शकूरपुर का रहने वाला है। वह एक साल से अधिक समय से पुलिस को चकमा दे रहा था। इसे शकूरपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार जांच पड़ताल के दौरान टीम ने विवरण से मेल खाने वाले एक संदिग्ध को देखा और उसे घेर लिया। हालांकि उसने पुलिस की मौजूदगी को भांपते ही भागने की कोशिश की, लेकिन अलर्ट कर्मियों ने उसका पीछा किया और थोड़ी देर की भागदौड़ के बाद उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान उजागर की और नवंबर 2024 में राजौरी गार्डन थाने में दर्ज फिरौती के लिए अपहरण के एक मामले में अपनी संलिप्तता का खुलासा किया। उस मामले में राजा गार्डन स्थित राजधनी कॉलेज के पास से एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया था। उसे अवैध रूप से बंधक बनाकर रखा गया था और धमकाया गया। उसके परिवार वालों से फिरौती की मांग की गई। बाद में पीड़ित को आईएसबीटी के पास छोड़ा गया था। आरोपी सागर पर पहले भी हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित कई आरोपों में मामले दर्ज किये जा चुके हैं। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए अक्सर अपना ठिकाना बदलता रहता था और अन्य अपराधियों के संपर्क में रखता था। इससे पहले सागर को अप्रैल 2022 में गिरफ्तार किया गया था और वह नवंबर 2023 में जेल से रिहा हुआ था।

## मेहंदी लगाने के बहाने सहेली से घर की चाबियां लेकर महिला ने की चोरी

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी इलाके में एक महिला ने अपनी सहेली के भरोसे का फायदा उठाते हुए मेहंदी लगाने के बहाने उसके घर की चाबियां लीं और बाद में उसके घर से 3.2 लाख रुपये नकद और सोने के कई गहनें चोरी कर लिये। पुलिस ने मामले में महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी का नाम राजेंद्र (22) बताया गया है। शिकायतकर्ता ने चार अप्रैल को दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे के बीच अपने घर में चोरी होने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया कि अज्ञात लोग उसके बंद घर में घुसे और नकदी और गहनें लेकर फरार हो गए। चोरी की गई वस्तुओं में लगभग 3.2 लाख रुपये नकद और सोने के कई गहनें शामिल थे। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक व्यक्ति बुर्का पहने हुए एक महिला के साथ घटनास्थल के पास एक बैग ले जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस को सात अप्रैल को सूचना मिली की एक शख्स चोरी के जेवरात बेचने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद सुल्तानपुरी इलाके में छापा मारा गया। आरोपी की पहचान राजेंद्र के रूप में हुई है और उसे मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान शख्स ने खुलासा किया कि उसने अपनी एक महिला रिश्तेदार की मदद से चोरी की थी, जो शिकायतकर्ता की कई वर्षों से सहेली है। आरोपी महिला ने चोरी वाले दिन मेहंदी लगाने के बहाने शिकायतकर्ता के घर की चाबियां हासिल कर ली थीं और बाद में उन्हीं चाबियों का इस्तेमाल चोरी को अंजाम देने के लिए किया।

# दो पक्षों के झगड़े में लकवे के बाद शख्स की मौत केस में एक अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नरेला इलाके में गत सप्ताह दो पड़ोसियों के झगड़े में लकवे का शिकार बने शख्स की इलाज के दौरान मौत हो गई। उक्त घटना में महिला और उसका बेटा भी घायल हुआ था। पुलिस ने केस के सिलसिले में दूसरे पक्ष के गोलू नामक शख्स को गिरफ्तार किया है। केस में शख्स की मौत के बाद अतिरिक्त धारा भी जोड़ी गई है।

पुलिस के अनुसार 30 मार्च को रात करीब 9:30 बजे बाहरी दिल्ली के बांकनेर गांव में झगड़े की सूचना नरेला थाने को मिली थी। कॉल मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और पता चला कि घायलों को पहले ही अस्पताल ले जाया जा चुका था। सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में जांच अधिकारी ने एक 60 वर्षीय महिला और उनके बेटे मोहित (30) से मुलाकात की, जिन्हें मामूली चोटें आई थी। मोहित ने बताया कि उनके पड़ोसी किशन और उसके बेटों अंकित और गोलू का चबूतरे पर बैठने को लेकर उनसे झगड़ा हुआ था और उन्होंने उनके साथ मारपीट की, जिससे उसके पिता राजेंद्र गिर पड़े थे। नरेला थाने में बीएनएस की धारा 115(2)/126(2)/ 351(2)/3(5) के तहत 31 मार्च को मामला दर्ज किया गया था। उसी दिन राजेंद्र (55) ने सिर दर्द और चक्कर आने की शिकायत की और भी सरकारी अस्पताल ले जाया गया था। बाद में उन्हें एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके सिर में अंदरूनी चोटें पाई, जिसके कारण उन्हें लकवा मार गया। 1 अप्रैल को इलाज के दौरान घायल व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर मामले में धारा 105 बीएनएस जोड़ी गई है। मृतक का शव उसके परिवार को सौंप दिया गया है। इस मामले में आरोपी गोलू को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | वाई.डब्ल्यू.एस. (मेक) डिवीजन, फरीदाबाद के तहत बनारसी पम्प हाउस और कोटला पम्प हाउस में 05 टन क्षमता की 02 अदद छह डायरेक्शनल ईओटी (इलैक्ट्रिक ओवरहैड ट्रेवलिंग) क्रेन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 08.04.2026 22.04.2026 | रु. 14,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 XENPROC@GMAIL.COM |
| 2 | विकास एवं पंचायत विभाग फतेहाबाद | गांव धाबी कलां से धाबी खुर्द (रोड आईडी एच-943) और धाबी खुर्द से रूपाना जाट्टान (रोड आईडी 946) तक रोड की शिफ्टिंग। | 07.04.2026 13.04.2026 | रु. 41,15,018/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416071464 ZPFTB@HRY.NIC.IN |
| 3 | लोनिवि (भ व प) यमुनानगर | यमुनानगर जिले में गांव गुमथला राव में हैल्थ वेलनेस सेंटर की विशेष मरम्मत + 3 कार्य। | 07.04.2026 14.04.2026 | रु. 27,45,991 | https://etenders.hry.nic.in | 732237834 PWD-EEPD-YAMUNANAGAR@HRY.NIC.IN |
| 4 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 437 मदों तक मदें निहित सूची (437 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570123 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 5 | लोनिवि (भ व प) हांसी | हांसी जिले में (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) 3 अदद रोड की विशेष मरम्मत (I) देपाल धनधेरी रोड से मामनपुरा रोड तक कि.मी. 2.40 से 2.49 में आईपीबी और कि.मी. 0.00 से 2.40 में मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा (रोड आईडी 5296), (II) कि.मी. 0.00 से 0.284 में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक के प्रावधान द्वारा गांव उमरा में देवी मंदिर से रातेरा रोड और कि.मी. 0.284 से 1.15 में सीसीबी को पुनः बिछाना (रोड आईडी 5295) (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) (III) कि.मी. 0.00 से 0.45 में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक के प्रावधान द्वारा डीएचएस (एनएच-10) रोड से ढाणी पीरवाली तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 5269) (जीएसटी के बिना)। | 07.04.2026 16.04.2026 | रु. 1,86,28,749 | https://etenders.hry.nic.in | 01663-259688 PWD-EEPD-HANSI@HRY.NIC.IN |
| 6 | लोनिवि (भ व प) हिसार | पुराना नागरिक हस्पताल जिला फतेहाबाद में विद्युत सेवाओं की विशेष मरम्मत (ईएलवी कार्य का प्रावधान केवल)। | 07.04.2026 13.04.2026 | रु. 28,65,858 | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 PWD-EEED-HISSAR@HRY.NIC.IN |
| 7 | लोनिवि (भ व प) रोहतक | पं. भ.द. शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक में माइक्रोबायोलॉजी और बायो-कैमिस्ट्री विभाग में एक अदद 8 पैसेंजर लिफ्ट का एसआईटीसी + 1 कार्य। | 07.04.2026 14.04.2026 | रु. 33,30,849 | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2265696 PWD-EEED-ROHTAK@HRY.NIC.IN |
| 8 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 01 मदों तक अर्थात स्पेक्ट्रोमीटर मदें निहित सूची (01 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 9 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 34 मदों तक मदें निहित सूची (34 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 10 | सिंचाई रोहतक | जेएलएन फीडर के आरडी 156014 पर एस्केप और दुल्हेड़ा डिस्ट्रीब्यूटरी तथा झज्जर सब ब्रांच के हैड रेगुलेटर का पुनर्निर्माण/निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.04.2026 | रु. 31,99,26,576 | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 XENSAMPLA@GMAIL.COM |
| 11 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 01 मदों तक अर्थात फुटओवर ब्रिज मदें निहित सूची (01 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 12 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 04 मदों तक मदें निहित सूची (04 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 13 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 13 मदों तक मदें निहित सूची (13 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 14 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 23 मदों तक मदें निहित सूची (23 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 15 | सिंचाई रोहतक | आरडी 0 से 64800 तक जसिया लिंक ड्रेन की आंतरिक सफाई + 14 कार्य। | बंद होने की तिथि 13.04.2026 | 77,11,964 | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 XENWSDNRTK@GMAIL.COM |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/300/44532/I/88/7 दि. 08.04.26

**खबर संक्षेप**

### पूरा राशन मिलना चाहिए और गुणवत्ता होनी चाहिए उत्तम : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राशन उपभोक्ताओं को पूरा राशन मिलना चाहिए, राशन की क्वालिटी उत्तम होनी चाहिए, उनसे अधिक पैसा नहीं वसूलना जाए और सप्लाई भी पूरी हो, इस पर कमेटी पूरी तरह निगरानी रखेगी। दक्षिण और दक्षिण-पूर्व जिला की विजिलेंस कमेटियों की पहली बैठक में दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के संबंधित आधिकारियों को यह निर्देश दिए। बता दें कि सांसद बिधूड़ी की अध्यक्षता में यह बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गरीबों के हितों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाने के निर्देश दिए गए। बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा नए राशन कार्ड बनाने की घोषणा का सभी ने स्वागत किया। बिधूड़ी ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत मुफ्त राशन तथा जो अन्य लाभ गरीब जनता को दिए जा रहे हैं, वे सही तरह से पहुंच पाएं, यह भी सुनिश्चित किया जाएगा।

### डीएमआरसी ने बीईएमएल से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने भारत और विदेशों में मेट्रो रेल परियोजनाओं को सुदृढ़ करने के लिए बीईएमएल के साथ हाथ मिलाया है। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डीएमआरसी और बीईएमएल लिमिटेड ने भारत और विदेशों में मेट्रो रेल परियोजनाओं पर संयुक्त रूप से सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य मेट्रो परियोजनाओं की पहचान करना, उनके लिए बोली लगाना और उन्हें सही तरीके से क्रियान्वित करना है। इसके लिए बीईएमएल की रोलिंग स्टॉक निर्माण क्षमता को डीएमआरसी की मेट्रो प्रणाली के क्रियान्वयन और संचालन में विशेषज्ञता के साथ जोड़ा जाएगा। डीएमआरसी ने बताया ने बताया कि इस एमओयू पर मेट्रो के डायरेक्टर (बिजनेस डेवलपमेंट) डॉ. पी.के. गर्ग और बीईएमएल के डायरेक्टर (रेल और मेट्रो) राजीव कुमार गुप्ता ने हस्ताक्षर किए।

जलभराव रोकने के लिए विभागों को आधुनिक मशीनों का प्रयोग करने के निर्देश

# मानसून से पहले 30 जून तक नालों से गाद निकालने का कार्य हो पूरा : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मानसून से पहले 30 जून तक सभी विभाग नालों से गाद निकालने के कार्य को पूरा कर लें। मैं खुद मानसून के दौरान सड़कों पर उतरकर निरीक्षण करुंगी। यह निर्देश दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में सभी विभागों को दिए हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने राजधानी में जलभराव की समस्या के प्रभावी समाधान को लेकर गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने जलभराव वाले स्थलों पर भी विशेष व्यवस्था के निर्देश दिए और कहा कि सभी विभाग सहयोग और समन्वय से कार्य करेंगे तो मानसून में जलभराव को बेहतर तरीके से निपटा जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमें ऐसी योजना पर काम करना होगा, जहां पानी निकालने के लिए पंपों का कम से कम प्रयोग करना पड़े। इस समीक्षा बैठक में दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव राजीव वर्मा सहित पीडब्ल्यूडी, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी), नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी), डीडीए, दिल्ली छावनी बोर्ड सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सभी विभागों ने जलभराव से बचाव का एक्शन प्लान पेश किया और गाद निकालने, नालों के निर्माण, मरम्मत, सफाई आदि की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलभराव के प्रभावी समाधान के लिए दीर्घकालिक योजना के तहत वैज्ञानिक और व्यवस्थित तरीके से काम करना जरूरी है। सरकार का उद्देश्य मानसून के दौरान दिल्लीवासियों को जलभराव की समस्या से बचाना है। इसके लिए अस्थायी समाधान नहीं, बल्कि स्थायी और दीर्घकालिक सुधार सुनिश्चित करना है, जिससे राजधानी में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा सके और लोगों को मानसून के दौरान की समस्याओं से छुटकारा मिल सके।

#### किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

बैठक में मुख्यमंत्री ने नालों से गाद निकालने के कार्य पर भी लंबी मंत्रणा की और इन कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागों को मानसून से पूर्व अपने नालों से गाद निकालकर उसे चिह्नित स्थानों पर पहुंचाना होगा, ताकि बारिश का पानी नालों में ही बहे और उससे सड़कों पर जलभराव न हो। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विभिन्न विभागों को बारिश के दौरान सड़कों, गलियों, बाजारों, कॉलोनियों आदि में सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। ऐसा होता रहा है कि वहां मौजूद कूड़ा सड़कों की नालियों के मुहाने को जाम कर देता है और सड़कों, चौराहों आदि पर जलजमाव हो जाता है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि पिछले वर्ष मानसून के दौरान मिंटो रोड पर जलभराव नहीं हुआ था, जबकि वहां सालों से पानी भर रहा था। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि वहां लगातार निगरानी की गई और संभावित दिक्कतों को पहले ही सुलझा लिया गया।

## मैदान गढ़ी क्षेत्र में चला पीला पंजा, 23 फार्म हाउस तोड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का पीला पंजा (बुल्डोजर) दक्षिणी दिल्ली के गांव मैदान गढ़ी क्षेत्र में गुरुवार को जमकर गरजा। इस बारे में डीडीए का दावा है कि सरकारी जमीन को मुक्त कराने के इस अभियान में अब तक लगभग 23 फार्म हाउसों को तोड़कर करीब 83 एकड़ भूमि को खाली कराया जा चुका है। डीडीए की मानें तो सरकारी जमीन को सुरक्षित करने और पार्क की सीमा के भीतर बनी अवैध इमारतों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई में बायोडायवर्सिटी पार्क के हरे-भरे इलाके को बढ़ाने के लिए 9 अप्रैल 2026 गुरुवार को गांव मैदान गढ़ी में स्थित तिलपथ वैली बायोडायवर्सिटी पार्क में अवैध निर्माण हटाने का अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया। यह अभियान प्राधिकरण ने दिल्ली पुलिस और वन अधिकारियों की मौजूदगी में चलाया गया। डीडीए का कहना है कि यह कार्रवाई तिलपथ वैली बायोडायवर्सिटी पार्क के अंतर्गत आने वाले गाँव मैदानगढ़ी में खसरा नंबर 580 (स्टे ऑर्डर के कारण 1150 वर्ग गज को छोड़कर), 581, 582, 583, 585, 587, 590, 591, 596, 606, 607, 608 और 610 वाली ज़मीन पर की गई है। डीडीए ने बताया कि यह प्रभावित इलाके का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा जो करीब 83 एकड़ बैठता है उसे वापस हासिल कर लिया गया है। इसमें लगभग 12 एकड़ जमीन, जिसमें 23 फार्म हाउस शामिल थे, को सफलतापूर्वक तोड़कर भूमि को खाली करा लिया गया है। डीडीए का कहना है कि लगभग 3 एकड़ जमीन, जिसमें 7 फार्म हाउस शामिल थे और जो खसरा नंबर 580 (1150 वर्ग गज), 588, 589 और 595 के कुछ हिस्सों में बने है उसे उच्च न्यायालय द्वारा जारी न्यायिक स्टे ऑर्डर के कारण अभी खाली नहीं कराया जा सका है। डीडीए ने साफ कहा कि यह कार्रवाई पारिस्थितिक संपत्तियों की रक्षा करने, सरकारी जमीन को सुरक्षित रखने और तिलपथ वैली बायोडायवर्सिटी पार्क के हरे-भरे क्षेत्र का विस्तार करने के लिए चल रहे प्रयासों का एक हिस्सा है।

## अंबेडकर की जयंती पर 10 से 14 अप्रैल तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम : इंद्राज


हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर दिल्ली में 10 से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस बात की जानकारी दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज ने गुरुवार को प्रैसवार्ता में दी। उन्होंने सभी नागरिकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि इस बार दिल्ली में बाबा साहेब की जयंती बड़े ही भव्य और उत्साहपूर्ण रूप में मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के अंतर्गत आगंतुकों को बाबा साहब के जीवन, विचारों और संघर्ष से जुड़े विभिन्न पहलुओं को देखने और समझने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही अनेक लोक-सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रस्तुतियां और विविध आयोजन भी किए जाएंगे, जो उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। मंत्री इंद्राज ने कहा कि इस मंच पर पूरे देश की समरसता का भाव देखने को मिलेगा। इसमें विभिन्न संत, समाजसेवी, बुद्धिजीवी और वे सभी लोग भाग लेंगे जो समाज में एकता और समरसता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का मूल संदेश राष्ट्र सर्वोपरि का था और उन्होंने हमेशा राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए कार्य किया।

## डीजेबी ने चेताया, धोखाधड़ी वाली फोन कॉल और जबरन वसूली जैसे जालसाजों के मकड़जाल में फंसने से बजे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने राजधानी के उपभोक्ताओं के साथ होने वाली ठगी को लेकर चेताया है कि सजग रहे और जालसाजों के मकड़जाल में फंसने से बजे। डीजेबी के राजस्व निदेशक की तरफ से जारी बयान के अनुसार ठगों द्वारा ठगे गए उपभोक्ताओं की घटनाएं सामने अई है। ऐसे में उपभोक्ताओं को सजग करने के लिए एक महत्वपूर्ण अलर्ट जारी किया है। जिनमें कुछ लोग डीजेबी का झूठा प्रतिनिधित्व करते है और धोखाधड़ी करते हुए उपभोक्ताओं से जबरन वसूली की कोशिशें कर रहे हैं। इसलिए डीजेबी उपभोक्ताओं को सावधान रहने के लिए सजग कर रहा है। डीजेबी का कहना है कि हमारे सामने आया है कि उपभोक्ताओं से मोबाइल कॉल, एसएमएस व व्हाटसअप संदेशों के माध्यम से ठग उपभोक्ताओं से संपर्क कर गुमराह कर रहे है। ऐसे ठग लोग झूठा दावा करते हैं कि वह डीजेबी कर्मचारी है। नकली कर्मचारी बनकर ऐसे ठग उपभोक्ताओं को यह धमकी दे रहे है कि यदि आपने तत्काल अपना पानी बिल का भुगतान नहीं किया गया, तो उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा। ऐसे सभी मोबाइल कॉल, एसएमएस व व्हाटसअप संदेश डीजेबी द्वारा नहीं भेजे जा रहे। ऐसे में उपभोक्ताओं को सजग रहते हुए झूठे बहाने बनाकर पैसे ऐंठने वालों से सावधान रहे। बोर्ड ने साफ साफ शब्दों में कहा है कि डीजेबी इस प्रकार से मोबाइल कॉल, एसएमएस व व्हाटसअप संदेशों के जरिए पानी के कनेक्शन काटने के नाम पर किसी भी तीसरे पक्ष या व्यक्ति के माध्यम से ऐसा नहीं करता। जबकि डीजेबी सभी आधिकारिक संदेश लिखित नोटिस या आधिकारिक डिजिटल माध्यमों से ही भेजता हैं। डीजेबी ने उपभोक्ताओं से कहा कि शत प्रतिशत बिना उचित सत्यापन के, ऐसे संदिग्ध कॉल मोबाइल कॉल, एसएमएस व व्हाटसअप संदेशों के आधार पर किसी के खाते अथवा भेजे गए किसी भी लिंक पर भुगतान नहीं करें। अगर आपको मोबाइल कॉल, एसएमएस व व्हाटसएप संदेश मिल रहे है तो इसकी सूचना साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या डीजेबी की अधिकृत वेबसाइट पर दी जाए।

### डीडीए कर रहा है हेरिटेज वीक फ़ोटोग्राफ़ी प्रतियोगिता 2026 का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) हेरिटेज वीक (13–18 अप्रैल 2026) के अंतर्गत, राजधानी दिल्ली की कालजयी ऐतिहासिक विरासत को अपने फ्रेम यानी फोटो में कैद करने के तहत हेरिटेज वीक फ़ोटोग्राफ़ी प्रतियोगिता 2026 का आयोजन कर रहा है। इस बारे में डीडीए द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राजधानी के ऐतिहासिक महरौली आर्कियोलॉजिकल पार्क की भव्यता अपने आप में अनूठी है। इस अनूठी व ऐतिहासिक विरासत को आप समझते है, जानते है और अपने कैमरे में कैद करने की क्षमता है तो यह प्रतियोगिता एक यादगार रूप में बनने जा रही है। अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आपके पास एक बढ़िया कैमरा होना चाहिए और उसे भली भांति चलाना भी आना चाहिए। इसके अलावा प्राकृतिक व इतिहास की समझ हो तो यह सोने पर सुहागा वाली कहावत को चरितार्थ कर सकती है। डीडीए आपको अपने कैमरे के लेंस से अपनी कलात्मकता को कैद करते हुए इसकी स्थापत्य विरासत को कैद करने के लिए आमंत्रित करता है। डीडीए फोटोग्राफी के शौकीनों को माएगाव पर आयोजित हेरिटेज वीक फ़ोटोग्राफ़ी प्रतियोगिता 2026 में अपनी रचनात्मकता दिखाने के लिए आमंत्रित कर रहा है। आइए और इस मौके का फायदा उठाएं। इस प्रतियोगिता में देश के किसी हिस्से का भारतीय नागरिक भाग ले सकता है। चुनी गई प्रविष्टियों (फोटो) को डीडीए अपने विभिन्न प्लेटफ़ॉर्म पर प्रदर्शित करेगा और विश्व विरासत दिवस समारोह के हिस्से के तौर पर एक विशेष प्रदर्शनी में भी प्रदर्शित किया जाएगा। महरौली आर्कियोलॉजिकल पार्क जाकर खींची गई प्रत्येक फोटोग्राफ का एक शीर्षक और उससे जुड़ा करीब 50–100 शब्दों का संक्षिप्त विवरण लिखना होगा।

## दिल्ली प्रशासन में बड़ा फेरबदल : 33 आईएएस-दानिक्स अधिकारियों के तबादले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल के तहत 33 अधिकारियों का तबादला किया है। इनमें 4 आईएएस और 29 दानिक्स अधिकारी शामिल हैं। इस फेरबदल के तहत आईएएस प्रशांत गोयल को अतिरिक्त मुख्य सचिव (ऊर्जा) के साथ-साथ प्रशासनिक सुधार विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं आईएएस जी नरेंद्र कुमार दिल्ली के नए वित्तीय आयुक्त होंगे। 2014 बैच की आईएएस सौम्या सौरभ उत्तर-पश्चिम दिल्ली की जिलाधिकारी के साथ-साथ अब विशेष सचिव (उद्योग) का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगी। वहीं एजीएमयूटी कॉडर की 2015 बैच की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सोनिका सिंह को डीडीए का कमिश्नर नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वे एलजी की विशेष सचिव सह निजी सचिव की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। वहीं 2006 बैच के दानिक्स अधिकारी नवलेंद्र कुमार सिंह को जीएसटी का एडिशनल कमिश्नर नियुक्त किया गया है। 2014 बैच के दानिक्स हर्षित जैन अब विधानसभा सचिवालय का संयुक्त सचिव का काम देखेंगे। दानिक्स मंगल जैन को सेंट्रल जेल का सुपरिटेंडेंट नियुक्त किया गया है। दानिक्स ओम प्रकाश सैनी को डीएसएसबी का डिप्टी सेक्रेटरी, विनय कुमार त्रिपाठी को यूडी का डिप्टी सेक्रेटरी, अमित कुमार राज्य चुनाव आयोग का डिप्टी सेक्रेटरी, विजय सिंह को बादली का एसडीएम, मनोज कुमार को डीओवी का असिस्टेंट डायरेक्टर, भूप सिंह को डीएसएसबी का डिप्टी डायरेक्टर, मुकेश कुमार एवं आशीष शौकीन को फूड एंड सप्लाई विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर, अश्विनी कुमार एवं दलजीत कुमार को टी एंड टी विभाग का असिस्टेंट कमिश्नर, सुरेश कुमार को कॉपरेटिव डिपार्टमेंट में असिस्टेंट रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। दानिक्स शौर्य वीर सिंह को एसीएल में डिप्टी सेक्रेटरी, अतुल रमचियारी डीओवी में डिप्टी डायरेक्टर, छुट्टन लाल मीणा को मुख्य चुनाव अधिकारी ऑफिस में डिप्टी सीईओ बनाया गया है। मोहिंदर सिंह को शिक्षा विभाग में डिप्टी डायरेक्टर, सी. ह्मांगथांगवुंग शिक्षा विभाग में डिप्टी डायरेक्टर, वी. डिम गोह चिंग को टीटीई विभाग का डिप्टी डायरेक्टर, अल्पना शर्मा को यूटीसीएस का डिप्टी डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं मनोज कुमार को डब्ल्यूसीडी विभाग का डिप्टी डायरेक्टर, लालवरमॉय को कॉलेज ऑफ आर्ट्स में प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किया है, शशि कुमार को डब्ल्यूसीडी का डिप्टी सेक्रेटरी, परवीन भार्गव को वित्त विभाग का डिप्टी सेक्रेटरी, श्याम प्रकाश को जीएडी विभाग में डिप्टी सेक्रेटरी, नवीन कुमार वर्मा को कई मंत्रालय का डिप्टी सेक्रेटरी, सूर्य प्रकाश को कई मंत्रालय का डिप्टी सेक्रेटरी, जावेद आलम खान को सेंट्रल जेल का सुपरिटेंडेंट नियुक्त किया है।

### दिल्ली विधानसभा ने विभागों को 31 जुलाई तक कार्रवाई करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रशासनिक कार्रवाई के लिए निर्धारित समय सीमा तय करते हुए दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने सभी संबंधित विभागों को लोक लेखा समिति (पैक) की सिफारिशों को लागू करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा 'सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन' पर किए गए ऑडिट की पहली रिपोर्ट पर आधारित है। सभी विभागों को 31 जुलाई 2026 तक एक एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है, जिसमें 30 जून 2026 तक की स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शानी होगी। ऑडिट टिप्पणियों को लागू करने योग्य परिणामों में बदलने का संकेत देते हुए, यह निर्देश सदन द्वारा रिपोर्ट को औपचारिक रूप से अपनाने के बाद जारी किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने, सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल की समान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासों का आह्वान किया। कार्यकारी स्तर पर इन निर्देशों को आगे बढ़ाते हुए, दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव को औपचारिक पत्र जारी किया गया है। इसमें समिति के निष्कर्षों और सिफारिशों पर व्यापक और समयबद्ध प्रतिक्रिया मांगी गई है। यह रिपोर्ट सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे, सर्विस डिलीवरी सिस्टम और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा करती है। 'कार्रवाई रिपोर्ट' में विभागों द्वारा दिए गए आश्वासनों की स्थिति, प्रत्येक सिफारिश पर हुई प्रगति और उसे पूरा करने की स्पष्ट समय-सीमा का उल्लेख आवश्यक है, ताकि इसे विधानसभा के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।

## निगम के विद्यालयों में तैयार हो रहा है देश का भविष्य: महापौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- वेब ऐप का किया विमोचन, घर बैठे जानकारी ले सकेंगे अभिभावक

दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में देश का भविष्य तैयार हो रहा है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने गुरूवार को दिल्ली नगर निगम के 500 प्रतिभाशाली छात्रों को एक क्लिक के माध्यम से छात्रवृत्ति सीधे उनके खातों में भेजने के बाद यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में निगम के शिक्षा विभाग में कई नई योजनाओं को आरंभ किया एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने निगम शिक्षकों से अनुरोध किया कि वो भी छात्रों को पूरी तन्मयता एवं समर्पण के साथ पढ़ाए। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग ने आज 1514 निगम विद्यालयों के लिए एक वेब ऐप जारी किया है जिसकी सहायता से अभिभावक घर बैठे ही अपने बच्चों के गृह कार्य, कक्षा कार्य और उपस्थिति आदि जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा, अतिरिक्त आयुक्त संजीव मित्तल, शिक्षा निदेशक निखिल तिवारी, एसएआरडी एनजीओ से सुधीर भटनागर, सनग्रो कंपनी से वरुण, निगम के शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, शिक्षकगण एवं छात्र उपस्थित रहे।

#### शिक्षा हर बच्चे की बुनियादी जरूरत है : सत्या शर्मा

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि यह निगम का सौभाग्य है कि उसके पास इतने अच्छे अध्यापक हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा हर बच्चे की बुनियादी जरूरत है और आज दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में इस कार्य को पूरी शिद्दत के साथ किया जा रहा है।

#### पीएम के विजन को पूरा कर रहा है निगम

निगम शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि हम बच्चों को नई एवं अच्छी तकनीक के साथ पढ़ाए और इसे पूरा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में आज इस वेब ऐप का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा क्यू आर कोड की सहायता से अभिभावक स्कैन करके विद्यालय संबंधी कार्यकलापों की जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे। योगेश वर्मा ने निगम विद्यालय के 500 छात्रों को 1000 रुपए छात्रवृति देने के लिए सनग्रो कंपनी का धन्यवाद किया।

आईपी यूनिवर्सिटी के 18वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए एलजी और सीएम

# शिक्षा केवल डिग्रियों और किताबी ज्ञान तक सीमित न रहे : उपराज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इस बदलते दौर में आपकी शिक्षा केवल डिग्रियों और किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसमें भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप अनुकूलनशीलता, तार्किक सोच और इनोवेशन का साहस होना अनिवार्य है। यह बात दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने गुरुवार को गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) के 18वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कीं।

उपराज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल एक शैक्षणिक यात्रा का समापन नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की दिशा में हजारों नई यात्राओं का शुभारंभ है। आज का युवा एक ऐसे दौर में कदम रख रहा है, जहां एआई और सस्टेनेबल इनोवेशन जैसी तकनीकें दुनिया को नया आकार दे रही हैं। गुरु गोबिंद सिंह की महान शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि ज्ञान न्याय और सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी शिक्षा को केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि न मानकर, इसे समाज और राष्ट्र के प्रति एक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दिल्ली और भारत का भविष्य इन प्रतिभाशाली युवाओं के हाथों में सुरक्षित है, जो अपने साहस, उद्देश्य और समर्पण से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे। वहीं, दिल्ली की मुख्यमंत्री



गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह में बी.एड.(स्पेशल एजुकेटर) कोर्स की गोल्ड मेडलिस्ट अंजलि को डिग्री प्रदान करते उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू तथा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता। इस अवसर पर जीजीएसआईपीयू के वाइस चांसलर डॉ. महेश वर्मा तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. योगेश सिंह भी उपस्थित रहे।

रेखा गुप्ता ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल एक शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि छात्रों के वर्षों के कठिन परिश्रम, अटूट समर्पण और कड़े अनुशासन का प्रतिफल है। इस आयोजन में कुलपति प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा और दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पुलिस की गाड़ी पर पथराव, बाइक जलाई

# लाठी चार्ज होने पर हड़ताली कर्मियों ने काटा जमकर बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



यूनतम वेतन में बढ़ोतरी की मांग को लेकर आईएमटी मानेसर औद्योगिक एरिया में हड़ताल पर बैठे श्रमिकों पर लाठी चार्ज करने पर गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने जमकर बवाल काटा। प्रदर्शनकारियों ने कंपनी में पथराव करने के साथ पुलिस की गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं पुलिस की एक बाइक को आग के हवाले किए जाने की बात भी सामने आई है। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। वहीं घटना में एक दर्जन से ज्यादा श्रमिकों के घायल होने की बात सामने आई है। जबकि श्रमिकों का आरोप है कि पुलिस ने कई श्रमिकों को हिरासत में भी लिया है। समाचार लिखे जाने तक इलाके में स्थिति तनाव पूर्ण बनी हुई है। दरअसल, सेलरी बढ़ाने को लेकर कुछ दिन पहले होंडा कंपनी में स्ट्राइक हुई थी। इसके तीन दिन बाद आधा दर्जन से अधिक बड़ी कंपनियों के श्रमिक भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर उतर आए।

गाजियाबाद में किया वस्त्रों में नवाचार राष्ट्रीय सम्मलेन का उदघाटन

# गिरिराज सिंह बोलेः भ्रम फैलाते हैं राहुल गांधी

ईरान-अमेरिका युद्ध पर इंडस्ट्री पर प्रभाव को लेकर गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी भ्रम फैलाते हैं। उन्होंने कहा नोएडा में फैक्टरी बंद हो गई जो गलत है। 190 देशों में इंपोर्ट किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को वस्त्रों में नवाचार राष्ट्रीय सम्मलेन का उदघाटन किया। इस मौके पर मिल्कवीड पर लिखी गयी पुस्तक का विमोचन भी किया गया।श्री सिंह ने मिल्कवीड को फाइबर क्षेत्र की अहम खोज बताते हुए कहा कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी और कम तापमान में उपयोग होने वाले जैकेट तैयार किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मंत्री राकेश सचान भी बतौर अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ईरान-अमेरिका युद्ध पर इंडस्ट्री पर प्रभाव को लेकर गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी भ्रम फैलाते हैं।

उन्होंने कहा नोएडा में फैक्टरी बंद हो गई जो गलत है। 190 देशों में इंपोर्ट किया गया। 550 जिले इसमें रहे। असम के चुनाव में जीत का दावा करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा की पत्नी के तीन पासपोर्ट पर उन्होंने कहा कि एआई से तैयार पासपोर्ट दिखाए गए। इसमें जिनके साथ गलत हुआ उन्होंने शिकायत की है।




### मिल्कवीड की खेती का निरीक्षण किया

गिरिराज ने निटरा महानिदेशक डॉ एम एस परमार के साथ ऑक /अकौआ/मिल्कवीड की खेती का निरीक्षण किया और इस फसल की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने वैज्ञानिकों और पत्रकारों से इस नवोन्मेषी खेती की जानकारी साझा की और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने "स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत" को साकार करने वाला कदम बताया। उन्होंने डॉ परमार की प्रशंसा की और मिल्कवीड फाइबर का सूत्रधार बताया। उन्होंने कहा कि ये पौधा भारतीय संस्कृति का प्रतीक है और इसके प्रत्येक हिस्से जैसे फल, तना आदि का प्रयोग डॉ परमार ने अपने वैज्ञानिक तरीके से करके बहुत से उत्पादों को निर्मित किया है।

## खबर संक्षेप

### भारत ने राज बब्बर से शिष्टाचार मुलाकात की



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के युवा कांग्रेस नेता भारत अरोड़ा ने अपने साथियों के साथ पूर्व राज्यसभा सांसद एवं कांग्रेस नेता राज बब्बर से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने फरीदाबाद के राजनैतिक हालातों पर भी चर्चा की। राज बब्बर ने कहा कि मेरे मित्र एवं फरीदाबाद के पूर्व मेयर अशोक अरोड़ा एक बेहतरीन इंसान थे और उन्होंने अपने जीवन में तमाम उतार-चढ़ाव देखें।

### टीबी स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन



**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद ने इस्माइलपुर अगवानपुर गुरुद्वारा में टीबी स्क्रीनिंग का कैंप का आयोजन किया। जिसमें राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद ने बीपीसीएल द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक हैंडल एक्स-रे मशीन तथा 1000 निक्षय पोषण आहार किट प्रदान की।

### पेस्टीसाइड्स और फर्टीलाइजर बेचने के



**फरीदाबाद।** पेस्टीसाइड्स और फर्टिलाइजर बेचने के नाम पर 84,650 रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने एक आरोपी को 8 अप्रैल को बहादुरगढ़ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान राहुल गोयल रूप में हुई है।विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर ठग ने उसे उत्पादों की जानकारी दी और एडवांस पेमेंट को कहा। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने फेसबुक पर पेस्टीसाइड्स और फर्टिलाइजर से संबंधित फर्जी विज्ञापन डाला हुआ था। जब शिकायतकर्ता ने दिए गए नंबर पर संपर्क किया तो एडवांस के रूप में पैसे खातों में डलवा लिये। खाता उसके साथी ने उपलब्ध कराया था।

पोर्टल पर स्वयं निगरानी कर समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी

# सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया उपायुक्तों व शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समाधान शिविरों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने न केवल प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा की, बल्कि शिविरों में उपस्थित शिकायतकर्ताओं से भी सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और विभागीय कार्यवाही के बारे में व्यक्तिगत फीडबैक लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**खास बातें**

- त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण आवश्यक
- यथासंभव मौके पर ही निपटान करें



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का समाधान अत्यंत गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी ढंग से निपटारा करना है और इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समाधान शिविरों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने न केवल प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा की, बल्कि शिविरों में उपस्थित शिकायतकर्ताओं से भी सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और विभागीय कार्यवाही के बारे में व्यक्तिगत फीडबैक लिया।

**समाधान शिविर में डीसी आयुष सिन्हा ने सुनी नागरिकों की समस्याएं**

वीरवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त आयुष सिन्हा ने की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों से यह अपेक्षा की है कि समाधान शिविरों और सरकारी कार्यालयों में आने वाली हर छोटी-बड़ी शिकायत को पूरी संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ सुना जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल शिकायत सुनना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### अधीनस्थ कर्मचारियों पर निर्भर न रहें अधिकारी

डीसी आयुष सिन्हा ने शिविरों की प्रभावशीलता को और बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि वे केवल अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर निर्भर न रहें, बल्कि स्वयं पोर्टल खोलकर शिकायतों की समीक्षा करें और उनका समाधान करें। अधिकारियों को कहा कि वे प्राप्त शिकायतों का यथासंभव मौके पर ही निपटान करें। जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं है, उनके लिए स्पष्ट कारणों सहित रिपोर्ट तैयार रखें, ताकि समीक्षा बैठक में लंबित मामलों पर संतोषजनक जवाब दिया जा सके। लंबित शिकायतों को बिना ठोस कारण के पुनः लंबित न रखने के निर्देश भी दिए गए। डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन हमेशा नागरिकों की सहायता के लिए तत्पर हैं और जनहित में यह पहल निरंतर जारी रहेगी।

कॉल सेंटर संचालकों सहित 6 गिरफ्तार

# साइबर थाना बल्लभगढ ने किया फर्जी कॉल सेंटर का भांडाफोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने दिल्ली तिलक नगर में चल रहे एक फर्जी काल सेंटर का भांडाफोड करते हुए 7 अप्रैल को 6 आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान मो. असलम रजा निवासी कुतुब बिहार, वेस्ट दिल्ली, रोहित कुमार बसंत नगर, किशन गंज, उत्तरी दिल्ली, सचिन मित्तल वासी अग्रसेन नगर सोनीपत, मुकेश गुप्ता निवासी रमेश नई दिल्ली राहुल मंगोलपुरी दिल्ली व शुभम वासी बलजीत नगरए नई दिल्ली के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार त्रिखा कॉलोनी, फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना बल्लभगढ में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसने फ्यूचर जर्नली इन्श्योरेंस सोल्युशन से एक पॉलिसी ले रखी है। 3 सितम्बर 2025 को उसके पास एक कॉल आया जिसने अपने आप को इंन्श्योरेंस कम्पनी के वैरिफिकेशन विभाग से बताया और कहा कि पॉलिसी पर 93525 रूपए का बोनस मिला रहा है जिसको एजेंट द्वारा क्लेम किया जा रहा है।

**पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड** PET POLYETHYLENE TEREPHTHALATE JARS BOTTLES PEARL

CIN No. L25209DL1971PLC005535

पंजीकृत कार्यालय : ए–97/2, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–II, नई दिल्ली – 110020, भारत

टेलीफोन नंबर: +91–11–47385300

ईमेल: pearl@pearlpet.net, वेब: www.pearlpet.net

**डाक मतपत्र / ई–वोटिंग की सूचना**

1. इसके द्वारा सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ("**अधिनियम**") की धारा 110 और, यदि कोई हो, अन्य लागू प्रावधानों, तथा कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 ("नियम") के अनुसार–जिन्हें कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ("**एमसीए परिपत्र**") द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 (दिनांक 8 अप्रैल, 2020); 17/2020 (दिनांक 13 अप्रैल, 2020); 22/2020 (दिनांक 15 जून, 2020); 33/2020 (दिनांक 28 सितंबर, 2020); 39/2020 (दिनांक 31 दिसंबर, 2020); 10/2021 (दिनांक 23 जून, 2021); 20/2021 (दिनांक 8 दिसंबर, 2021); 03/2022 (दिनांक 5 मई, 2022); 11/2022 (दिनांक 28 दिसंबर, 2022); 9/2023 (दिनांक 25 सितंबर, 2023) और सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 (दिनांक 19 सितंबर, 2024) के साथ पढ़ा जाए–तथा सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक, सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ("**लिस्टिंग विनियम**") (जिसमें समय–समय पर लागू कोई भी वैधानिक संशोधन या पुनरधिनियमन शामिल है) और अन्य लागू कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन में, कंपनी ने डाक मतपत्र सूचना ("**सूचना**") भेजने का कार्य पूरा कर लिया हैय अतः सदस्यों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें:
   - क) यह नोटिस कंपनी के शेयरधारकों से, श्री अनंत कनोई को कंपनी के गैर–कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनः नियुक्त करने हेतु, रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए भेजा गया है।
   - ख) कंपनी ने रिमोट ई–वोटिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरीज लिमिटेड ("**एनएसडीएल**") को नियुक्त किया है (वेब लिंक: www.evoting.nsdl.com)।
   - ग) नोटिस भेजने की तारीख **गुरुवार, 09 अप्रैल, 2026** है।
   - घ) रिमोट ई–वोटिंग **शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2026** को शुरू होगी।
   - ङ) रिमोट ई–वोटिंग **शनिवार, 09 मई, 2026** को समाप्त हो जाएगी; वोटिंग की अवधि समाप्त होने पर, रिमोट ई–वोटिंग सुविधा को एनएसडीएल द्वारा ब्लॉक कर दिया जाएगा। जो व्यक्ति कट–ऑफ तिथि तक कंपनी का सदस्य नहीं है, वह इस ई–मेल को केवल जानकारी के उद्देश्य से ही माने।
   - च) रिमोट ई–वोटिंग के लिए कट–ऑफ तिथि **शुक्रवार, 03 अप्रैल, 2026** है।
   - छ) कोई भी व्यक्ति, जिसका नाम कट–ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर में, अथवा डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, वह रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना मत डालने का हकदार होगा।
   - ज) निदेशक मंडल ने श्री अभिषेक गुप्ता, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी (सदस्यता संख्या एफसीएस: 9857; सीपी संख्या: 12262) को, पोस्टल बैलेट / रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए स्क्रूटिनाइजर के रूप में नियुक्त किया है।
   - झ) यह नोटिस कंपनी की वेबसाइट https://pearlpet.com/pages/about-us-1#investor पर, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों पर (यानी बीएसई लिमिटेड ("**बीएसई**"),नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("**एनएसई**") और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("**एनएसडीएल**") की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।
   - ञ) किसी भी शिकायत के लिए, तथा रिमोट ई–वोटिंग से संबंधित दस्तावेजों के लिए, शेयरधारक/लाभार्थी स्वामी कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में हमसे संपर्क कर सकते हैं।
   - ट) किसी भी सवाल के मामले में, आप शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं, जो www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध हैं; या टोल फ्री नंबर: 022–48867000 और 022–24997000 पर कॉल कर सकते हैं; या अमित विशाल, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट, एनएसडीएल को evoting@nsd.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं।
   - ठ) डाक मतपत्र के परिणाम, स्क्रूटिनाइजर की रिपोर्ट के साथ, **सोमवार, 11 मई, 2026** को या उससे पहले घोषित किए जाएँगे। ये परिणाम बीएसई (www.bseindia.com) और एनएसई (www.nseindia.com) को सूचित किए जाएँगे, जहाँ कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं। ये परिणाम कंपनी की वेबसाइट https://pearlpet.com/pages/about-us-1#investor पर और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध कराए जाएँगे।
2. यह नोटिस उन शेयरधारकों को ईमेल द्वारा भेजा गया है, जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(ज) के पास पंजीकृत हैं। ऊपर बताए गए दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट https://pearlpet.com/pages/about-us-1#investor पर, और साथ ही स्टॉक एक्सचेंजों, यानी बीएसई लिमिटेड ("**बीएसई**") और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("**एनएसई**") की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध हैं।
3. एमसीए के सर्कुलरों के अनुसार, इस पोस्टल बैलेट के लिए शेयरधारकों को नोटिस की फिजिकल कॉपी, पोस्टल बैलेट फॉर्म के साथ, नहीं भेजी जाएगी।
4. शेयरधारकों को नोटिस में बताए गए मामलों पर रिमोट ई–वोटिंग के जरिए वोट डालने का मौका मिलेगा। जिन शेयरधारकों के पास शेयर डीमैटीरियलाइज्ड फॉर्म/फिजिकल मोड में हैं, और जिन शेयरधारकों ने अपना ईमेल पता रजिस्टर नहीं करवाया है, उनके लिए वोट डालने का तरीका पोस्टल बैलेट के नोटिस में बताया गया है।
5. जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए), मास सर्विसेज लिमिटेड को investor@masserv.com पर एक हस्ताक्षरित अनुरोध भेजकर इसे पंजीकृत कराएं।
6. सदस्यों से अनुरोध है कि वे नोटिस में दिए गए सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को तथा रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/–
स्थान : नई दिल्ली
प्राची त्यागी
दिनांक : 09 अप्रैल, 2026
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

उमेश भाटी बने

# पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग के चेयरमैन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग नई दिल्ली द्वारा ठाकुर उमेश भाटी को हरियाणा का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर उमेश भाटी ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी केवल एक पद नहीं, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के प्रति एक बड़ा दायित्व है, जिसे वे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे।

इस मौके पर राष्ट्रीय चेयरमैन शैलेश गर्ग और राष्ट्रीय सचिव डॉ. राम किशन ने उमेश भाटी का स्वागत करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके नेतृत्व में नई दिशा मिलेगी और समाज को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा।

# वीडियो गेम खेलने के दौरान नाबालिग ने ही कर दी नाबालिग की हत्या, काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के नाईपूरा कॉलोनी में गुरुवार को वीडियो गेम खेलने के दौरान हुए झगड़े के बाद 16 साल के किशोर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। दोनों आरोपी भी नाबालिग हैं। जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसीपी ने ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि मूल रूप से फिरोजाबाद में रहने वाले नईम पत्नी जैनब पांच बच्चों के साथ लोनी के आर्य नगर कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। नईम मजदूरी करता है। उनका बेटा फैजान (16) बुधवार दोपहर को नाईपुरा कॉलोनी स्थित वीडियो गेम खेलने गया था। वीडियो गेम खेलने के दौरान यहां कॉलोनी के रहने वाले कुछ युवकों से झगड़ा हो गया था। झगड़ें के दौरान मारपीट हो गई। इस दौरान फैजान के पेट में चाकू से हमला कर दिया।

### चाकू लगने से फैजान लहूलुहान होकर जमीन पर गिरा

चाकू लगने से फैजान लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घायल फैजान को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। भारत गंभीर होने पर उसे दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में रेफर किया गया। अस्पताल में फैजान को मृत घोषित कर दिया।

### अधीक्षण अभियंता से विधायक ने क्षेत्र के विकास को लेकर की चर्चा

**गाजियाबाद।** विधायक संजीव शर्मा ने गुरुवार को आवास विकास के अधीक्षण अभियंता अजय मित्तल से क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर सार्थक चर्चा की।

इस दौरान नाली, सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत, पार्कों के रख-रखाव तथा प्रमुख चौराहों के सौंदर्यकरण सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत रूप से बात की गई। साथ ही सड़कों के चौड़ीकरण और क्षेत्र के समग्र विकास हेतु आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कहा गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तुषार पुत्र** अनिल **निवासः** भूतल परिसर एच के पीछे पोल नंबर–14 के पास, प्रेम बस्ती, रेवला, खानपुर, नई दिल्ली–43, ने **CT Case No. 747/2024, U/S 135 Indian Electricity Act, पुलिस स्टेशन छावला, द्वारका जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तुषार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तुषार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT Case No. 747/2024, U/S 135 Indian Electricity Act, पुलिस स्टेशन छावला, द्वारका जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **तुषार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.05.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री हरलीन सिंह
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश
(दक्षिण–पश्चिम), विशेष न्यायालय विद्युत,
कोर्ट नं0–609, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/4612/DW/2026
(Court Matter)

ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट के नाम पर 91,50,000 की ठगी

# साइबर थाना एनआईटी की टीम ने मीडिएटर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



ट्रेडिंग में इनवेस्टमेंट के नाम पर 91,50,000 रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने 8 अप्रैल को एक आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसकी पहचान मनोज निवासी दुर्गा वाजीरा, जिला धेनकनाल ओडिशा के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार एनआईटी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी फेसबुक के माध्यम से एक व्यक्ति से बातचीत शुरू हुई, जो बाद में व्हाट्सएप पर जारी रही। जिसने उसे ट्रेडिंग में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा दिया और उसका एक ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाया। ठगों के झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने उनके द्वारा बताए गए विभिन्न बैंक खातों में अक्टूबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच 91,50,000 रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद न तो उसे कोई मुनाफा मिला और न ही उसकी रकम वापस की गई। शिकायत के आधार पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

### एक फर्जी फर्म के 2 चालू खाते खुलवाए

पूछताछ में सामने आया कि मनोज ने खाताधारक मोहम्मद अफजल के नाम से एक फर्जी फर्म के 2 चालू खाते खुलवाए और उन खातों को टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से आगे ठगों को दे दिया। ठगों द्वारा उसके पास एक एपीके फाइल भेजी जाती थी, जिसको वह अफजल के पास भेजता था, अफजल द्वारा फाइल ओपन करते ही ठगों को अफजल के मोबाइल का एक्सेस मिल जाता थाए जिससे ठग खाते में आये हुये ठगी के पैसे आगे ट्रांसफर कर लेते थे। मनोज अफजल को वर्ष 2017-18 से जानता है। अफजल के एक खाता में ठगी के लगभग 20 लाख रुपए तथा दूसरे खाता में लगभग 9 लाख रुपए, दोनों खातों में करीब 29 लाख रुपए आए थे।

### 4 दिन पुलिस रिमांड

यह भी सामने आया कि ठगी की रकम प्राप्त होने के बाद ठगों द्वारा उसको कमीशन के पैसे क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से भेजे जाते थे, जिसे वह भारतीय रुपये में कन्वर्ट करवा लेता था। जीरकपुर में किराए पर टैक्सी उपलब्ध कराने का काम करता है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज हिसार | आर्य नगर, हिसार2, जाट समिति में देव बिल्डिंग कार्य को पूरा करना (एमपी) + 29 कार्य। | 08.04.2026 23.04.2026 | 9,54,35,424/- | https://etenders.hry.nic.in | 8397953040 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 2 | उद्योग वाणिज्य विभाग, हरियाणा सरकार | हरियाणा में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए ग्राउंडिंग निवेश में सहायता के लिए पीएमयू के तौर पर परामर्शदायी एजेंसी की नियुक्ति। | 13.04.2026 06.05.2026 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9653707000 hepcharyana@gmail.com |
| 3 | लोनिवि (भ व प) चण्डीगढ़ एट पंचकूला | अम्बाला जिले में आरसीएस उडान स्कीम के तहत फ्लाइट ऑपरेशंस के प्रारम्भ हेतु अम्बाला में सिविल एंक्लेव के लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास और 1 अन्य। | 10.04.2026 17.04.2026 | 31,23,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज बाढड़ा (चरखी दादरी) | गांव बाढड़ा में जांगड़ा धर्मशाला में एक हॉल का निर्माण कार्य। | 07.04.2026 15.04.2026 | 9,24,430/- | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | लोनिवि (भ व प) करनाल | गांव नीलोखेड़ी, जिला करनाल में बस स्टैंड का निर्माण (सीसीटीवी का प्रावधान केवल) + 4 कार्य। | 09.04.2026 15.04.2026 | 69,40,843/- | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि (भ व प) गुरूग्राम | गुरूग्राम में मकान नं. 26, ऑफिसर कॉलोनी नं. 3 का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 15.04.2026 | 3,68,103/- | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि (भ व प) चण्डीगढ़ | सेक्टर-1, चण्डीगढ़ में हरि. सिविल सेक्रेटरियेट में सबसीडियरी ट्रेनिंग सेंटर एसटीसी), सीआईएसएफ का निर्माण। | 08.04.2026 21.04.2026 | 47,00,863/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-4585654 pwd-eecd- chandigarh@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in     पीआरडीएच–11/2027/140/44568/I/88/7 दि. 09.04.26

# पेज एक का शेष

## ईरानः 'बारूद और ...

नेतन्याहू कह रहे हैं कि सीजफायर में लेबनान पर हमले रोकना शर्त में शामिल नहीं है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने कहना है कि अगर लेबनान में हमले नहीं रुके तो वह तेलअवीव पर फिर से हमले करेगा। ये इजराइल का एक तरह से संकेत है कि उसका इस समझौते से कोई वास्ता नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जब तक ईरान के साथ हुआ समझौता पूरी तरह लागू नहीं होता, तब तक अमेरिकी सेना ईरान के आसपास तैनात रहेगी।

**ट्वीट डिलीट करने से बढ़ा संशय :** पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रज़ा अमीरी मोघदम ने इस्लामाबाद में होने वाली शांति वार्ता के संबंध में एक ट्वीट किया था, जिसे बाद में उन्होंने डिलीट कर दिया। राजदूत ने पोस्ट में जानकारी दी थी कि अमेरिका के साथ 10-सूत्रीय प्रस्ताव के आधार पर बातचीत के लिए ईरानी प्रतिनिधिमंडल 9 अप्रैल, 2026 रात को इस्लामाबाद पहुंचेगा। ट्वीट डिलीट होने के बाद आगामी वार्ता को लेकर सस्पेंस बढ़ गया है। ईरान के परमाणु ऊर्जा प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने साफ कहा है कि उनका देश यूरेनियम एनरिचमेंट प्रोग्राम बंद नहीं करेगा। दुश्मन ईरान के इस प्रोग्राम को रोकने में सफल नहीं होगा।

## 4 मुद्दों पर अटकी...

यूरेनियम संवर्धन बंद कर दे। वहीं ईरान यूरेनियम संवर्धन के अधिकार और सभी आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने की गारंटी पर अड़ा है।

**चौथा : क्षेत्रीय प्रभुत्व**

-अमेरिका क्षेत्र से ईरान समर्थित प्रॉक्सी समूहों (जैसे हिज़्बुल्ला, हूती) को खत्म करना चाहता है। दूसरी ओर, ईरान की शर्तों में मध्य पूर्व के सभी अमेरिकी सैन्य ठिकानों से अमेरिकी सेना की वापसी और युद्ध के हर्जाने की मांग शामिल है।

## 'ब्लू लाइन' पर ...

रूप में सामने आया है। जिसके चलते दोनों पक्षों के बीच तनाव चरम पर जा पहुंचा है। लेकिन यहां भारत के संदर्भ में इस तथ्य का जिक्र दक्षिणी लेबनान में इजरायल और लेबनान सीमा के करीब 120 किलोमीटर लंबी सीमा यानी 'ब्लू लाइन' के इलाके में तैनात संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल, यूनिफिल) में शामिल 600 से अधिक भारतीय शांति सैनिकों के समूह की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। जो दोनों पक्षों के बीच चल रहे युद्ध के भारी जोखिम के दौरान भी इलाके में अपने अमन-चैन कायम करने के मूल दायित्व का निर्वाह करने में लगे हुए हैं। लेकिन इनसे जुड़े हुए हर घटनाक्रम पर सेना की पैनी नजर बनी हुई है। अभी फिलहाल देश के सभी शांति सैनिक सुरक्षित हैं।

**बंकर के अंदर से कर रहे ऑपरेट :** रक्षा सूत्रों ने बताया कि यूनिफिल की ब्लू लाइन पर तैनात करीब 10 हजार सैनिकों के एक बड़े दल में शामिल भारतीय सैनिकों की टुकड़ी से जुड़े हर छोटे-बड़े घटनाक्रम पर सेना की 360 डिग्री नजर बनी हुई है। यह लोग फिलहाल इलाके में बनाए गए बंकरों के अंदर से ही अपनी शांति स्थापना की जिम्मेदारी को निभा रहे हैं। जिसमें संयुक्त राष्ट्र सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानीय पक्षों द्वारा समय-समय पर जारी की रही एडवाइजरी का सख्ती से पालन किया जा रहा है। बंकर के बाहर गश्त पर निकलते वक्त अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए हमेशा यूएन द्वारा तय किए गए मार्गों पर ही गश्त के लिए निकलना, बिना हेलमेट और बुलेटप्रूफ जैकेट के बंकर के बाहर आवाजाही करने से बचने पर एडवाइजरी में खासा जोर दिया गया है। यहां सेना की भी सभी को कमोबेश यही सलाह रहेगी।

**यूएन चार्टर ही सुप्रीम है :** युद्ध जैसी गंभीर चुनौती के बीच अगर भारतीय सैनिकों की सुरक्षा पर कोई खतरा आता है। तो क्या सेना अपने सैनिकों की सुरक्षित वतन वापसी कराएगी? इस सवाल के जवाब में सूत्र ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की जाने वाली शांति सैनिकों की तैनाती में दुनिया के बाकी देशों की तरह भारत की भी भागीदारी होती है। लेकिन इनकी तैनाती से लेकर सैन्य टुकड़ी से जुड़े हुए बाकी निर्णय जैसे रणनीतिक और प्रशासनिक निर्णय यूएन चार्टर या मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत ही लिए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र का सिद्धांत ही शांति सैनिकों की तैनाती के मामले में सर्वोच्च माना जाता है। शांति सेना में शामिल कोई देश सैनिकों की वापसी के संबंध में कोई एकतरफा निर्णय नहीं ले सकता है। हां, जहां तक किसी आपात परिस्थिति में सैनिकों की स्वदेश वापसी का मामला है। तो उसे लेकर आकस्मिक योजना बनाने और अंतिम निर्णय सरकार के स्तर पर (रक्षा मंत्रालय) पर ही लिया जाएगा।

**6 दशक से ज्यादा पुरानी है तैनाती :** लेबनान में यूनिफिल के मिशन की तैनाती लगभग 6 दशक से पहले 19 मार्च 1978 को की गई थी। जिसका मकसद इजरायल और लेबनान के बीच तनाव को कम करने और संघर्षविराम की निगरानी करना है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्ताव-425, 426 के तहत यूनिफिल की इलाके में तैनाती की गई। जिसमें 2006 में हिजबुल्लाह की पुष्टि के लिए कई अन्य प्रस्तावों का समावेश किया गया है। मिशन के पास दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह जैसे अनाधिकृत सशस्त्र गुट से लेबनानी सेना को सुरक्षित रखने की जिम्मेदार है। जिसमें विसैन्यीकरण, विद्रोहियों और हथियार तस्करी के खिलाफ लेबनान की सेना के अभियानों का समर्थन करना और लेबनान से इजरायल की वापसी की पुष्टि करना भी शामिल है।

**दुनिया में तैनात हैं 5 हजार से ज्यादा सैनिक :** यहां बता दें कि यूएनएससी द्वारा यूनिफिल के जनादेश का वार्षिक आधार पर नवीनीकरण किया जाता है। जिसे 2024 में परिषद के संकल्प 2749 के तहत विस्तारित किया गया है। वर्तमान में मिशन में तीन दर्जन से अधिक देशों के कुल 10 हजार सैनिक दक्षिणी लेबनान में तैनात हैं। शांति सेना का बजट हर साल यूएन महासभा द्वारा वार्षिक आधार पर अनुमोदित किया जाता है। अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक, भारत यूएन शांति सेना में शामिल एक बड़ा भागीदार देश है। दुनियाभर में चल रहे कुल 10 मिशन में उसके 5 हजार से ज्यादा सैनिकों की तैनाती बनी हुई है। भारत ने अब तक इस बाबत शुरू किए गए कार्यक्रम के तहत संचालित किए गए 72 में से 53 मिशन में भाग लिया है।

## पुडुचेरी में सबसे ...

से अधिक सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया था। केरलम की सभी 140 सीटों पर एक ही चरण में मतदान हुआ, जहां 883 उम्मीदवार मैदान में थे। पुडुचेरी के 9.50 लाख मतदाता भी 294 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में दर्ज किया।

## लहंगा पहने रोबोट ...

मतदान केंद्र पर तैनात यह रोबोट लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गया। रोबोट 'नीला' को खास तौर पर इस तरह डिजाइन किया गया है कि वह लोगों से बातचीत कर सके और उन्हें जरूरी जानकारी दे सके। पारंपरिक भारतीय लुक, लहंगा पहनकर और हाथ में फूलों की टोकरी लिए नीला ने मतदान केंद्र पर आने वाले लोगों का स्वागत किया।

## कहा, जो अधिकारी ...

अधिकारियों की अनुपस्थिति पर मुख्यमंत्री ने कड़ा संज्ञान लिया। जिला महेंद्रगढ़ और एसडीएम कार्यालय बादशाहपुर में संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों और एसडीएम को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें और नागरिकों की समस्याओं को सुनें। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान शिविरों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित की जाती है, जिसकी अध्यक्षता संबंधित उपायुक्त द्वारा की जानी चाहिए। जो अधिकारी नियमित रूप से समीक्षा बैठकों में अनुपस्थित रहे हैं, ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अधिकारी स्वयं बैठकों की अध्यक्षता करें और लंबित शिकायतों के समाधान की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक प्रियंका सोनी, मुख्यमंत्री के ओएसडी बी.बी. भारती, विवेक कालिया सहित अन्य अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्ट बोला...

है, जिसमें धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के प्रवेश और धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा को लेकर व्यापक सवाल उठाए गए हैं। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि मंदिरों में सिर्फ खास समुदाय की एंट्री और बाहरी लोगों की मनाही से समाज बंटेगा। यह हिंदू धर्म के लिए ठीक नहीं है। जितने ज्यादा लोग अलग-अलग मंदिरों और मठों में जाएंगे, उतना ही धर्म मजबूत बनेगा। उधर केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सीनियर एडवोकेट वैद्यनाथन ने कहा कि इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हमारे सामने हैं, जब धर्म से जुड़े विवाद संवेदनशील होते हैं। वहां अदालतें हस्तक्षेप नहीं करतीं हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि देश में ऐसे कई मंदिर हैं जहां पुरुषों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध है या उन्हें विशेष परंपराओं का पालन करना पड़ता है। सुनवाई के दौरान यह भी बताया गया कि केरल केकोट्टनकुलंगरा श्री देवी मंदिर में पुरुष पारंपरिक रूप से महिलाओं की तरह साड़ी पहनकर पूजा करते हैं।

## अनुच्छेद 25...

प्रावधान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह एक प्रकार का नॉन-ऑब्स्टैंटे क्लॉज है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13 से संबंधित है। सीजेआई के अनुसार जब मौजूदा कानून की बात की जाती है, तो इसमें वे सभी कानून शामिल होते हैं जिन्हें अनुच्छेद 13 के तहत संरक्षण प्राप्त है। इसमें परंपराएं, रीति-रिवाज और प्रचलन भी शामिल हैं, यदि उन्हें कानून का बल प्राप्त है।

## 19 अप्रैल को ...

पर्यटन स्थल रूपकुंड, वेदनी बुग्याल, आली बुग्याल, बगजी बुग्याल, ब्रह्मताल, भीकलताल बर्फ से ढक गए हैं। इसका सीधा असर आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों पर पड़ रहा है। 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे लेकिन मौसम की प्रतिकूलता से यात्रा व्यवस्थाएं प्रभावित होने से दिक्कत बढ़ सकती है। यमुनोत्री हाईवे पर पाली गाड से फूलचट्टी के बीच कई स्थानों पर सड़क दलदल में तब्दील हो गई है, जिससे आवाजाही जोखिम भरी बनी हुई है।

## ईरान से सुरक्षित ..

पहुंचाया है। जल्द ही इनकी भारत वापसी होगी। 2 हजार 170 लोगों में 971 छात्र और 657 मछुआरे शामिल हैं। महाजन के मुताबिक, इजरायल में एयरस्पेस फिलहाल बंद है। इसलिए हम भारतीयों को जॉर्डन और मिस्त्र के रास्ते देश वापस ला रहे हैं। इराक का एयरस्पेस खुला है। वहां से जल्द ही हवाई उड़ान सेवाएं शुरू होंगी। भारत अपने लोगों को इराक से जॉर्डन और सऊदी अरब के रास्ते वापस लेकर आएगा।

## यूपी में 12 आईपीएस का तबादला, एएसपी भी बदले



**लखनऊ।** यूपी सरकार शासन ने 12 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया है। इनमें 3 अपर पुलिस अधीक्षक, 4 सहायक पुलिस अधीक्षक व 5 सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात थे। शासन ने सहारनपुर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन को प्रयागराज, पुलिस उपायुक्त प्रयागराज, मनोज कुमार रावत को संभल में अपर पुलिस अधीक्षक बनाया है।

## रांची में भी दिखेगी अयोध्या मंदिर जैसी झलक



**रांची।** यहां 400 साल पुराने श्री राम जानकी तपोवन मंदिर को अब अयोध्या के राम मंदिर की तरह 'नागर शैली' में भव्य बनाया जा रहा है। हेमंत सोरेन ने इसकी नींव रख दी है और मंदिर के बाहरी विकास के लिए 14.66 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। आस्था व विरासत के इस नए रूप को देखने भक्त भी बहुत उत्साहित हैं। सीएम ने बीते साल 14 अप्रैल को परियोजना की आधारशिला रखी थी।

## नीतीश के दिल्ली डिपार्चर पर रोहिणी का तीखा तंज



**पटना।** नीतीश कुमार गुरुवार को पटना से दिल्ली गए। शुक्रवार को वे राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। 14 अप्रैल को वे बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। उसके बाद भाजपा के नेतृत्व में बिहार में नई सरकार का गठन किया जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल(राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्या ने तीखा हमला बोला है।

## शुभम जायसवाल के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस

वाराणसी। कफ सिरप तस्करी के चर्चित प्रकरण में फरार चल रहे मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया है। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया है। जांच एजेंसियों के अनुसार आरोपी के दुबई में छिपे होने की संभावना है।

### पीएम मोदी की हत्या की साजिश का दावा

# अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए से संपर्क करने वाले 3 गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ बक्सर

बिहार के बक्सर जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की साजिश रचे जाने का मामला सामने आया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सिमरी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने सिमरी के आशा पड़री निवासी अमन तिवारी को उसके घर से गिरफ्तार किया। बक्सर एसपी शुभम आर्य के अनुसार, आरोपी प्रधानमंत्री की हत्या की साजिश रच रहा था और इसके लिए उसने विदेशी एजेंसी से संपर्क साधा था। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए को प्रस्ताव भेजते हुए इस साजिश के बदले बड़ी रकम की मांग की थी। उसने कथित तौर पर इस काम को अंजाम देने के लिए 22 दिनों का समय भी मांगा था।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त

छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के घर से लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। इन उपकरणों की जांच की जा रही है, ताकि साजिश से जुड़े और सबूत जुटाए जा सकें।

### दो अन्य सहयोगी भी गिरफ्तार

मुख्य आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। तीनों से लगातार पूछताछ की जा रही है, जिससे इस पूरे नेटवर्क और मंशा का खुलासा हो सके।

### जांच में जुटी पुलिस टीम

पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एसपी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अन्य संभावित कड़ियों की तलाश की जा रही है, ताकि साजिश के हर पहलू को उजागर किया जा सके।





शैल को स्कूल जाते समय गिलहरी का एक प्यारा-सा बच्चा मिल गया। वह उसे अपने साथ स्कूल ले आया। क्लास के बच्चों ने जब ए, बी, सी और वन, टू, थ्री गाकर सीखा तो गिलहरी के बच्चे ने भी एल्फाबेट और काउंटिंग रट ली। इसके बाद जो हुआ, बहुत ही मजेदार रहा!

# पढ़ने लगा गिलहरी का बच्चा!





गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

एक गिलहरी थी। वह अपने नन्हे से बच्चे के साथ रहती थी। गिलहरी को सुबह से लेकर शाम तक दौड़ती हुई देखकर बच्चे ने उससे कहा, 'मां, तुम सारा दिन दौड़ती रहती हो, तो क्या तुम थकती नहीं हो?'

मां बोली, 'क्या करूं, बेटा! दौड़ना तो पड़ेगा ही ना! मैं यदि दौड़ूंगी नहीं, आराम से बैठी रहूंगी तो फिर हम खाएंगे क्या?'

बच्चे ने कहा, 'मां, क्या मैं तुम्हारी कुछ मदद करूं?'

गिलहरी ने प्यार से जवाब दिया, 'नहीं, तुम अभी बहुत छोटे हो, पहले तुम बड़े हो जाओ, बाद में मेरी मदद करना। जाओ, अभी तो तुम बाहर जाकर खेलो।'

बच्चा खेलने के लिए बाहर दौड़ गया। वहां स्कूल जा रहे नन्हे-मुन्ने शैल की नजर एक पेड़ के तने के पास खेल रहे इस गिलहरी के बच्चे पर पड़ी। उसे वह बच्चा बहुत पसंद आ गया। वह चुपके-चुपके, लुकते-छिपते उसके पास आया ताकि गिलहरी के बच्चे को पता नहीं चले, फिर उसे पकड़ लिया। बच्चा भी बहादुर था, पर शैल ने उसे अचानक ही पकड़ा था, वह कांपने लगा। बच्चे को कांपता देखकर शैल समझ गया कि वह डर गया है। इसलिए वह बच्चे को प्यार से अपने हाथों से सहलाते हुए बोला, 'तुम मुझसे बिल्कुल डरना मत। मैं तुम्हें जरा भी परेशान नहीं करूंगा। मैं तो तुम्हारा दोस्त हूं।'

गिलहरी के बच्चे ने कहा, 'क्या तुम मेरे साथ खेलोगे?' 'हां, मैं तुम्हारे साथ जरूर खेलूंगा, पर अभी तो मैं स्कूल जा रहा हूं। तुम मेरे साथ चलोगे?' शैल ने पूछा।

गिलहरी का बच्चा शैल के साथ स्कूल जाने के लिए तैयार हो गया। शैल ने तुरंत उस बच्चे को बस्ते के अगले वाले खाने में रख दिया, उसके बाद वह स्कूल आ गया। उसका कोई दोस्त बच्चे को देखे, उससे पहले गिलहरी के बच्चे को क्लास की खिड़की के पास बैठाकर कहा, 'तुम यहीं बैठे रहना, आराम से सब कुछ देखते रहना।'

कुछ देर बाद टीचर आए। सभी बच्चों को गा-गा कर पढ़ाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फिर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' बच्चे भी उसी प्रकार ऊंची आवाज में बोलने लगे। कुछ देर बाद दूसरे टीचर आए। बच्चों को वह 'वन, टू, थ्री, फोर, फाइव' पढ़ाने लगे। बच्चे भी उसी तर्ज पर ऊंची आवाज में गाकर बोलने लगे। गिलहरी का बच्चा यह सब देख रहा था और सुन रहा था। वह भी अपने होंठ फड़फड़ा कर कुछ बोल रहा था। कुछ देर बाद इंटरवल हुआ। सभी बच्चे लंच करने लगे। कोई देख न ले, इसलिए शैल छिपता हुआ खिड़की के पास पहुंचा। उसने देखा कि गिलहरी का बच्चा बहुत खुश था। उस बच्चे को शैल ने अपने टिफिन में से कुछ खिलाया और खुद भी खाना खाया। बच्चे को बड़ा मजा आया। वह कूदने-फुदकने लगा। इससे शैल के सभी मित्रों को पता चल गया कि उनकी क्लास में गिलहरी का बच्चा आया हुआ है। सारे इकट्ठा हो गए, गिलहरी के बच्चे को खिलाने लगे। शैल ने अपने दोस्तों से कहा, 'कोई उसे तंग नहीं करना।' क्लास के सभी बच्चे मिलकर खूब खेले, मजे किए। बाद में पढ़ने के लिए बैठ गए। गिलहरी का बच्चा भी पुनः खिड़की के पास बैठ गया।

स्कूल में छुट्टी होने पर सब अपने-अपने घर जाने लगे। रास्ते में उस पेड़ के पास पहुंचने पर शैल ने गिलहरी के बच्चे से कहा, 'क्या तुम मेरे घर चलोगे?'

बच्चा बोला, 'मेरी मां, मेरा रास्ता देख रही होगी। मैं अभी तो जाऊंगा, शाम को खेलने के लिए आऊंगा।'

शैल ने कहा, 'मैं इसी जगह तुम्हारा इंतजार करूंगा।'

बच्चा तो दौड़ता हुआ अपनी मां के पास चला गया। मां ने उसे देखते ही पूछा, 'कहां था तू इतनी देर से? मुझे तेरी बहुत चिंता हो रही थी। क्या कर रहा था तू?' बच्चा मां को जवाब देने के बजाय ऊंची-ऊंची आवाज में गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

मां तो अपनी आंखें फाड़े अपने बच्चे को देखती ही रह गई। वह बोली, 'तुम यह क्या बोल रहे हो? मेरी समझ में कुछ नहीं आ रहा है।'

बच्चा तो फिर आगे गाने लगा, 'वनटू.थ्री.फोर फाइव., सिक्स., सेवन., ऐट., नाइन., टेन.!' यह सुनकर गिलहरी घबरा गई। उसने सोचा कि उसके बच्चे को किसी ने कुछ कर दिया है या फिर वह पगला गया है। मां बच्चे को बगल वाले पेड़ पर रह रहे कौए के पास लेकर गई, उससे बोली, 'कौआ भाई! देखो तो मेरे बच्चे को कुछ हो गया है। मैं उसे जो कहती हूं, वह उसकी समझ में नहीं आ रहा। वह ना जाने क्या बोल रहा है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है! आप जरा देखिए तो, कुछ आपकी समझ में आ रहा है?'




सभी इमेज: एआई

कौए ने बच्चे से कहा, 'क्यों क्या हुआ है तुम्हें?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' थोड़ी सांस लेकर फिर बोलने लगा,'वनटू थ्री फोर फाइव सिक्स सेवन ऐट नाइन टेन।'

कौआ चौंका, 'अरे बाप रे! इसे तो कुछ हो गया है। पास में ही रह रहे बंदर वैद्य को दिखाओ, तब पता चलेगा इसे क्या हुआ है?' गिलहरी तुरंत बच्चे को लेकर बंदर वैद्य के पास गई। उससे बोली, 'बंदर वैद्य जी, देखिए तो मेरे बच्चे को क्या हो गया है? उसे जल्दी-जल्दी अच्छा कर दीजिए!' बंदर वैद्य ने बच्चे को जांचा। वह तो चुस्त-दुरुस्त ही था। उसने बच्चे से पूछा, 'तुम्हें क्या हुआ है?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

यह सुनकर बंदर वैद्य बोला, 'ओ मां! यह तुम क्या बोल रहे हो?'

बच्चा फिर से वही बोलने लगा, 'वन टू थ्री फोर फाइव।' बंदर चिंतित होकर बोला, 'गिलहरी, तुम्हारी बात सही है। तुम्हारे बच्चे को सच में कुछ हो गया है!'

यह सुनकर गिलहरी रोने लगी। घर लौटते हुए रास्ते में जो भी मिलता, उससे अपने बच्चे को ठीक कर देने के लिए विनती करती। ऐसा करते हुए शाम हो गई। शाम हो जाने पर शैल को गिलहरी का बच्चा दिखाई नहीं दिया, तो वह उसे खोजने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में उसे उसके दोस्त भी मिले। सब मिलकर बच्चे को खोजने लगे। बच्चा तो कहीं नजर नहीं आया। तभी गिलहरी के बच्चे की दूर से आ रही आवाज सबने सुनी।




वह गा रहा था, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट।' पहले तो किसी की समझ में नहीं आया, लेकिन बाद में शैल की समझ में आ गया कि गिलहरी का बच्चा भी आज स्कूल से ऐसा बोलना सीख कर आया है। सब खुश हो गए और नाचते-कूदते, गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

गिलहरी ने उनकी यह आवाज सुनी तो बोली, 'अरे, मेरा बच्चा भी ऐसा ही बोल रहा है!' गिलहरी के बच्चे ने भी शैल और उसके दोस्तों की आवाज सुनी तो वह दौड़कर उनके पास गया।

गिलहरी के बच्चे को देखकर सब खुशी से झूमने लगे और गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, वन टू थ्री फोर फाइव!' गिलहरी का बच्चा भी सबके साथ नाचता जाता और गाता जाता। गिलहरी, कौआ, बंदर और अन्य प्राणी फटी आंखों से यह तमाशा देखते ही रहे। *

**हिंदी अनुवाद : रजनीकांत एस. शाह**

## जीके क्विज-200

1. उत्तर भारत का पहला ग्लास ब्रिज किस स्थान पर बनाया जाएगा?
2. दुनिया की पहली डिजिटल जनगणना किस देश में शुरू की गई है?
3. पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
4. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
5. प्रसिद्ध प्राचीन ग्रंथ 'मुद्राराक्षस' के रचयिता कौन हैं?
6. अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहां स्थित है?
7. कौन-सा ग्रह सबसे कम समय में सूर्य का चक्कर लगाता है?
8. कौन-सा विटामिन आंखों के लिए सर्वाधिक लाभदायक होता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री कौन थे?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?



**बच्चो, जीके क्विज-200 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-199 का उत्तर:** 1. आरसीबी, 2. छत्तीसगढ़, 3. 18 अप्रैल, 4. देहरादून, 5. सिकंदर लोदी, 6. पंजाब, 7. विटामिन बी और विटामिन सी, 8. वुलर झील, 9. जोधपुर, 10. भारत-पाकिस्तान

**जीके क्विज-199 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, अनुभव-राजनांदगांव, सचिन-दुर्ग, रमेश-बैकुंठपुर, कविता-रायपुर, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, कनिका-बालोद

## हंसगुल्ले



**अजय:** यार, आजकल मुझे रात को ठीक से नींद नहीं आती। क्या तुम्हें अच्छी नींद आती है?
**विजय:** हां, मैं तो 'घोड़े बेचकर' सोता हूं।
**अजय:** अच्छा! तो तुमने अब तक कितने घोड़े बेच दिए?
**-नैतिक, दिल्ली**

**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
**-काव्या, जबलपुर**

**राजू, सोनू और मोनू,** तीनों एक ही साइकिल पर जा रहे थे। एक ट्रैफिक पुलिस वाले अंकल ने उन्हें रोक लिया।
**राजू:** सॉरी अंकल, हमारी साइकिल पर और जगह नहीं है। प्लीज, आप किसी और से लिफ्ट ले लें। **-जतिन, रायपुर**

वनस्पति जगत

नयनतारा


बच्चो, जंगलों में बहुत ही विशाल और अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। इनमें एक पेड़ है जायंट सिकोइया। इसे 'जंगल का पिता' कहा जाता है। जानो, इस अनोखे पेड़ के बारे में।

# जंगल का पिता कहलाता है विशाल-अनोखा पेड़ जायंट सिकोइया

बच्चो, पेड़ एक तरह से पृथ्वी के फेफड़े होते हैं, क्योंकि वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं ताकि हम सांस लेकर जिंदा रह सकें। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पृथ्वी पर 3 ट्रिलियन से अधिक पेड़ हैं। पेड़ों का भी अनोखा आश्चर्यजनक संसार है, दुनिया भर में एक से बढ़कर एक अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। एक पेड़ तो ऐसा था, जो करीब 2,000 साल तक जीवित रहा। उस पेड़ का तना इतना बड़ा था कि उसके बीच से होकर बनाए गए रास्ते में से घुड़सवार भी निकल सकते थे। उस पेड़ का नाम-जायंट सिकोइया था। इस प्रजाति के पेड़ आज भी दुनिया में मौजूद हैं।

**इसलिए कहते हैं जंगल का पिता:** जायंट सिकोइया के पेड़ पूरे जंगल की क्षमता और ताकत का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रारंभिक दौर के मूल जायंट सिकोइया के जो अवशेष मिले हैं, उससे पता चलता है कि वह 400 फीट से अधिक ऊंचा रहा होगा, प्राकृतिक संसार पर यह राजा की तरह राज करता होगा। प्रकृति का रियल लीजेंड है जायंट सिकोइया, इसलिए इसे 'जंगल का पिता' कहते हैं।

**अब भी मौजूद हैं इस प्रजाति के पेड़:** बच्चो, सबसे पुराने जायंट सिकोइया के वृक्ष तो अब नष्ट हो चुके हैं। लेकिन इस प्रजाति के वृक्ष आज भी अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में सिएरा नेवादा पर्वत शृंखला के ढलानों पर धुंध भरे वातावरण में उगते हैं। ये पेड़ 900 से 2,600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ग्रोव्स (उपवनों), विशेष रूप से सिकोइया नेशनल पार्क, किंग्स कैन्यन नेशनल पार्क और कैलावेरस बिग ट्रीज स्टेट पार्क में पाए जाते हैं।






**आग में भी रहते हैं सुरक्षित:** जायंट सिकोइया पेड़ की छाल लगभग दो फीट मोटी होती है, इनमें कोई ज्वलनशील पदार्थ नहीं पाया जाता है, जिससे ये पेड़ जंगल की आग जैसी आपदाओं में भी बचे रह जाते हैं। कई बार तो जंगल की आग इस पेड़ के लिए फायदेमंद साबित होती है। बच्चो, जायंट सिकोइया के बीज इस पेड़ की शाखाओं पर उगने वाले शंकु (कोन) के अंदर पाए जाते हैं। ये कोन पेड़ पर लगभग 20 साल तक लटके रहते हैं। जंगल की आग की गर्मी में इनके कोन सूख जाते हैं और ओटमील के दाने जैसे छोटे-छोटे बीजों को मिट्टी में छोड़ देते हैं, जिससे जायंट सिकोइया के नए पेड़ पनपते हैं।

**पी जाता है डेली 300 गैलन पानी:** एक पूरा विकसित जायंट सिकोइया का पेड़ दिनभर में लगभग 300 गैलन पानी पी जाता या जमीन से सोख लेता है। यह पेड़ काफी विशाल तो होता है, पर इसकी जड़ें काफी गहराई तक नहीं पहुंच पाती हैं। इसकी जड़ें सिर्फ 6 से 12 फीट गहराई तक ही जा पाती हैं। ऐसे में इस विशाल पेड़ को संतुलित रखने के लिए इसकी जड़ें चौड़ाई में फैल जाती हैं।

**आयु होती है हजारों वर्ष:** जायंट सिकोइया पेड़ की आयु हजारों वर्ष की हो सकती है। यह पेड़ अधिक पुराने होने या किसी पादप-रोग से नहीं नष्ट होते, बल्कि कई बार अपनी विशालता, वजन और असंतुलन की वजह से गिर पड़ते हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## बैसाखी त्योहार अनोखा

बैसाखी त्योहार अनोखा
जोश जगाता है,
बच्चों, बड़ों और बूढ़ों के
मन को भाता है।
बोई हुई फसल खेतों की
पककर कट जाती,
खाली खलिहानों में दानों
की बहार आती,
मजदूरों के श्रम का पूरा
मोल चुकाता है।
नई तरह की मस्ती छाए
पांव थिरक उठते,
घोर निराशाओं के बादल
राहों में लुटते,
जीवन का संगीत सुहाना
खूब सुनाता है।
दिशा-दिशा में मुस्कानों की
एक लहर आए,
अपनेपन की खुशबू से जग
सारा भर जाए,
जो हो गए दूर थे उनको
पास बुलाता है।



## रंग भरो-199

**रंग भरो-199** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





श्रेया, दुर्ग



डॉली, दुर्ग



आशुतोष, उमरिया



त्रियांश, धमतरी



रुपाली, बिलासपुर



आशना, जांजगीर

इनके भी चित्र रहे **प्रशंसनीय**

काशवी-रायपुर, माही-महासमुंद, रायशा-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, उमंग-खैरागढ़, रुपाली-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, असित-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 200



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे झूला झूल रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## चार दोस्तों की रोमांचक कहानी

बच्चो, तुमको सुपरहीरोज की कॉमिक स्टोरीज पढ़ने में बहुत मजा आता होगा। इन हीरोज के पास तो सुपर पॉवर होती हैं। इसलिए वे कठिन से कठिन काम भी आसानी से कर लेते हैं। लेकिन इस नॉवेल 'धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य' में तुम्हारे जैसे ही चार सामान्य बच्चों की कहानी है, जिनके पास कोई सुपर पावर नहीं है। लेकिन फिर भी चारों दोस्त ध्रुव, किट्टू, एकांश और युग किस बहादुरी, साहस और समझदारी से घने जंगल के बीच स्थित एक पुराने खजाने का पता लगाते हैं, इसे पढ़कर तुम रोमांच से भर उठोगे।




कहानी की शुरुआत होती है, जब ध्रुव दिल्ली से अपने मामा के घर रामपुर पहुंचता है। वहां उसकी दोस्ती पड़ोस में रहने वाली नटखट किट्टू और जुड़वा भाई युग और एकांश से होती है। वे साथ में खेलते, मस्ती करते हैं। इसी बीच उन्हें रावण टेकड़ी के प्राचीन खजाने से जुड़े नक्शे के बारे में पता चलता है। फिर चारों कैसे वहां तक पहुंचते हैं, उनके सामने कैसी चुनौतियां आती हैं और वे कैसे उनका सामना करके अपने लक्ष्य को पाते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। बच्चो, नॉवेल रहस्य-रोमांच से भरा है, पढ़कर तुम्हें मजा आएगा। *

**किताब :** धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य, **लेखक :** मिथिलेश गुप्ता, **मूल्य :** 249 रुपए, **प्रकाशक :** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

## खबर संक्षेप



### कल्याणकारी योजनाओं से कराया अवगत

**भोपाल।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के अध्यक्ष शाजी कृष्णन से भोपाल प्रवास पर अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने भेंट कर मध्यप्रदेश में कृषि एवं ग्रामीण विकास की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक सी.सरस्वती, अपेक्स बैंक के उप महाप्रबंधक केटी सज्जन, ओएसडी अरविंद बौद्ध भी उपस्थित रहे। गुप्ता ने मप्र में पैक्स एवं सहकारी बैंकों के सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों से नाबार्ड अध्यक्ष को अवगत कराते हुए नाबार्ड से इस दिशा में योजनाएं बनाने का अनुरोध किया।

### 15 अप्रैल को मंत्रिमंडल की अहम बैठक होगी

**भोपाल।** रायपुर में 15 अप्रैल को राज्य मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह 11:30 बजे से मंत्रालय महानदी भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे, जिसमें राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़े अहम प्रस्तावों और नीतिगत फैसलों पर चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति और प्रशासनिक निर्णयों पर विचार किया जा सकता है।



### इंदौर के करण धनेलिया बने बारटेंडर ऑफ ईयर

**इंदौर।** इंदौर का प्रतिनिधित्व कर रहे करण धनेलिया को डियाजियो इंडिया के वर्ल्ड क्लास फाइनल्स के 12वें संस्करण में 'बारटेंडर ऑफ द ईयर 2026' चुना गया है। दसबसे प्रतिष्ठित बारटेंडिंग प्रतियोगिताओं में से एक यह मुकाबला 27 और 28 मार्च को गुरुग्राम में दो दिवसीय फाइनल के साथ संपन्न हुआ। इस साल का फाइनल खास रहा, जिसमें टॉप 8 में अब तक की सबसे ज्यादा महिला भागीदारी देखने को मिली। साथ ही जयपुर, कोयंबटूर, चंडीगढ़, अमृतसर जैसे टियर-2 शहरों के प्रतिभागियों के साथ देश के बड़े शहरों की भी मजबूत मौजूदगी रही।

## सभी विभाग वर्ष 2026-27 की कार्य योजना और लक्ष्य 15 अप्रैल तक प्रस्तुत करें

# पिछले ढाई साल में अपने-अपने विभाग की बड़ी और विशेष उपलब्धियां एक सप्ताह में प्रस्तुत करें, मुख्य सचिव के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बुधवार को सभी विभागों के प्रमुखों की एक साथ बैठक लेकर कहा कि वे पिछले ढाई साल में अपने-अपने विभाग की बड़ी और विशेष उपलब्धियों और आगामी वर्ष में किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी अगले एक सप्ताह में प्रस्तुत करें।

उन्होंने लोक सेवा गारंटी और सीएम हेल्पलाइन के समय-सीमा से अधिक लंबित प्रकरणों में योजना और प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर सप्ताह रिव्यू करें जिससे लंबित प्रकरणों में संतोषजनक निराकरण हो सके। मुख्य सचिव जैन बुधवार को मंत्रालय में समस्त विभागाध्यक्षों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं को समाहित कर अपने विभाग की वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कार्य योजना और लक्ष्य 15 अप्रैल तक प्रस्तुत करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों में समय-सीमा से ऊपर के प्रकरणों की समीक्षा करने के साथ सेंपल जांच करने के निर्देश भी दिए हैं।

**खास बातें**

- महिला सशक्तिकरण की सफल कहानियों का करें प्रचार
- लोक सेवा गांरटी और सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का साप्ताहिक करें रिव्यू



विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते सीएस जैन।

### अब तक 1055 सेवाएं ऑनलाइन हुईं

मुख्य सचिव जैन ने एमपीई-सेवा पोर्टल के उपयोग की समीक्षा की और इसे नागरिकों के लिए और भी आसान बनाने के निर्देश दिए। अब तक 1055 सेवाएं आर्नलाइन हुई हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी सेवाएं देखकर अद्यतन कर लें। बैठक में कैबिनेट के निर्णयों का समय पर पालन सुनिश्चित करने, न्यायालयीन प्रकरणों में संवेदनशीलता बरतने और अधीनस्थों की सी आर समय सीमा में लिखने पर भी चर्चा हुई।

### कानूनों में संशोधन, नया एक्ट लाने की समीक्षा

*मुख्य सचिव जैन ने वर्ष 1947 के पूर्व बने कानूनों में संशोधन, निरसन और नया एक्ट लाने की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने 31 मई की अंतिम समय-सीमा निर्धारित करते हुए संबंधित विभागाध्यक्षों से कहा कि वे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस कार्य को पूर्ण करें, जिससे आवश्यक होने पर कैबिनेट की मंजूरी ली जा सके। बैठक में एक्शन प्लान-2028 की प्रगति रिपोर्ट का स्टेट्स रिव्यू भी किया गया। जैन ने कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में काफी बेहतर काम हुआ है। उन्होंने सफल महिलाओं की सक्सेस स्टोरी समाज के सामने लाए जाने के लिए अभियान चलाने के लिए कहा है। मुख्य सचिव जैन ने गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल की सुगम उपलब्धता के लिए लगातार एक्शन मोड में काम करने को कहा। उन्होंने नए हैंडपंप खनन के लिए एक-दो दिन में एसओपी जारी करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव जैन ने ग्रामीण अंचलों में अग्नि-दुर्घटनाओं की रोकथाम के अलावा बचाव कार्य के लिए योजना बनाने के लिए कहा है। उन्होंने गृह विभाग को निर्देश दिए कि वे थाना स्तर पर अग्नि शमन के लिए उपलब्ध टैंकर्स आदि की जानकारी एकत्र कर लें।*

## कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

# कांग्रेस के व्यक्तिगत हितों की कीमत देश ने वर्षों तक चुकाई, उसकी कोई विचारधारा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के भाव के तहत कार्य करते हैं। जबकि कांग्रेस पार्टी और उसके कार्यकर्ता तुष्टिकरण प्रथम के सिद्धांत पर कार्य करते हैं। कांग्रेस अंग्रेजों की बनाई संस्था है, उसकी कोई विचारधारा नहीं। आजादी के बाद कांग्रेस नेताओं के व्यक्तिगगत हितों की कीमत पूरे देश ने वर्षों तक चुकाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को जबलपुर में थे। उन्होंने इस दौरान पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों के साथ इतने पाप किया है कि कांग्रेस पार्टी की दो पीढ़ियां भी माफी मांगें तो भी कम है। भाजपा ने जनसंघ से लेकर आज तक अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। जिन उद्देश्यों को लेकर जनसंघ का गठन किया गया था, हम आज भी उसी विचारधारा को लेकर देश और जनता की सेवा कर रहे हैं।

### कांग्रेस ने किसानों के साथ इतने पाप किए हैं कि कांग्रेस की दो पीढ़ियां माफी मागें तो भी कम



भाजपा कार्यालय में दी प्रज्जवलित करते सीएम डॉ. यादव व मंत्री सिंह।

### कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए मुस्लिम बहनों की जिंदगी नर्क बना दी थी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करती है। वर्षों पहले सर्वोच्च न्यायालय ने तीन तलाक को लेकर फैसला दिया था, लेकिन कांग्रेस की तत्कालीन केंद्र सरकार ने फैसले के तहत मुस्लिम बहनों को न्याय दिलाने की बजाय तुष्टिकरण करने लगी। तत्कालीन केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ कानून में संशोधन कर मुस्लिम बहनों की जिंदगी नर्क बना दी थी।

### कांग्रेस की वजह से जम्मू-कश्मीर में हजारों निर्दोष लोगों का खून बहा



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस की अपनी स्वयं की कोई विचारधारा नहीं है। कांग्रेस पार्टी के कुछ नेताओं के व्यक्तिगत हितों के कारण केसर की क्यारी वाली धरती जम्मू-कश्मीर में हजारों निर्दोष लोगों का खून बहाया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान का विरोध करते हुए आदोलन किया और जनसंघ की स्थापना की।

### सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाएं संगठन को मजबूत बनाएंः मंत्री सिंह

मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है। मप्र सरकार की उपलब्धियां जनता को बताएं कि कैसे जनता जर्नादन के हितों के लिए भाजपा संगठन और सरकार प्रतिबद्ध है।

### वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

मुख्यमंत्री ने गांव-बस्ती चलो अभियान के शुभारंभ अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजयराज पटैरिया, सुरेश देशपाण्डे, आनंद बर्नाड, राजकुमार मेहता, गोकुल केसरवानी, सत्यप्रकाश खरे, विजय बर्मन, वीरेन्द्र गिरी गोस्वामी, कमल गुमास्ता एवं रामप्रकाश गर्ग का सम्मान किया।

### मुख्यमंत्री ने जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज से की भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को जबलपुर तुलसी पीठाधीश्वर, पद्म विभूषण, जगद्गुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज से साकेत वाटिका में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने स्वामी श्री रामभद्राचार्य का शॉल श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व प्रसिद्ध रामकथा वाचक स्वामी से आत्मीयता से भेंटकर प्रदेश के कल्याण और विकास के लिए शुभाशीष प्राप्त किया। स्वामी जी ने मुख्यमंत्री का माला पहनाकर स्वागत किया और आशीर्वाद दिया। स्वामी जी के अनुयायियों ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह के रूप में श्री राम दरबार की प्रतिकृति



भेंट की। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सहित समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन उपस्थित थे। जबलपुर के आयुर्वेद कॉलेज मैदान ग्वारीघाट में स्वामी रामभद्राचार्य श्री रामकथा कर रहे है।

# मुरैना व भिंड में प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल और विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने ली बैठकें




बैठक में उपस्थित खंडेलवाल और तोमर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को मुरैना व भिण्ड एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने मुरैना में जिला प्रतिनिधि बैठक, वरिष्ठ जन बैठक, छोटी टोली की बैठक एवं जिला बैठक को संबोधित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने भिण्ड जिले के अटेर विधानसभा में बूथ सम्मेलन को भी संबोधित किया।

# एक्टिविस्ट अजय दुबे ने जस्टिस चौहान आयोग की सिफारिशें लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के आरटीआई वन पर्यावरण कार्यकर्ता अजय दुबे ने मुरैना में रेत माफिया की ओर से वन रक्षक हरिकेश गुर्जर की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव (वन) को पत्र लिखकर वन अमले को पर्याप्त सुरक्षा देने की मांग की है।

उन्होंने इस मामले में बरती जा रही उदासीनता की आलोचना की है। दुबे ने कहा कि यह घटना मप्र की कानून-व्यवस्था और वन सुरक्षा तंत्र की विफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने रेखांकित किया कि नवंबर 2025 में तत्कालीन प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) ने विदिशा के लटेरी गोलीकांड के बाद गठित जस्टिस चौहान न्यायिक जांच आयोग की सिफारिशें पर अनुशंसाएं शासन को सौंपी थीं, लेकिन ये अनुशंसाएं आज भी धूल फांक रही हैं। दुबे ने कहा कि यदि सरकार ने जस्टिस चौहान आयोग और तत्कालीन पीसीसीएफ हॉफ के सुझावों और वन बल को हथियार उपलब्ध कराने संबंधी अनुशंसाओं पर समय रहते निर्णय लिया होता, तो शायद वनकर्मी की जान बचाई जा सकती थी। महाराष्ट्र, ओडिशा और असम की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी 'मजिस्ट्रेट जांच' की अनिवार्यता लागू की जानी चाहिए।

## महासचिव शर्मा बोलीं- हिमंता दलित विरोधी मुख्यमंत्री, माफी मांगें

# असम के सीएम के खिलाफ महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने पीसीसी के सामने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला जलाया। महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने असम के सीएम को दलित विरोधी बताते हुए नारेबाजी की। महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव रूपाली शर्मा ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री एक दलित विरोधी सीएम हैं।

उन्होंने एक दलित वर्ग के नेता, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का अपमान किया है। आज हमने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला जलाया है। अगर वे माफी नहीं मांगते हैं तो महिला कांग्रेस आगे भी उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करती रहेगी।



पुतला जलाकर हिमंता बिस्वा का विरोध करतीं महिला कांग्रेस।

### क्यों हो रहा असम के सीएम का विरोध

दरअसल, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुईया के तीन पासपोर्ट होने और विदेशी संपत्ति होने के आरोप लगाए थे। इसका कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी समर्थन किया। खरगे पर असम के सीएम ने प्रतिक्रिया देते हुए टिप्पणी की। इसका कांग्रेस के नेता विरोध कर रहे हैं।

### क्या था पूरा मामला और बयान?

*विवाद की शुरुआत तब हुई, जब कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मुख्यमंत्री की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा पर विदेशी संपति और कई पासपोर्ट होने के आरोप लगाए। इसके बाद असम पुलिस ने दिल्ली में खेड़ा के आवास पर छापेमारी की। इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार की आलोचना की थी और विदेश मंत्रालय से स्पष्टीकरण की बात कही थी।*

## जनगणना के लिए केंद्रीय गृह सचिव का मुख्य सचिव को पत्र

# केंद्र की चिट्ठी, 31 मार्च 2027 तक न करें तबादले तैनात होंगे 1.90 लाख अधिकारी एवं कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनगणना कार्य में लगाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला 31 मार्च 2027 तक नहीं किया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने इसके लिए मप्र समेत सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि राज्य सरकार इस संबंध में निर्देश जारी करेगी और इसकी जानकारी रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त को दी जाएगी।

केंद्र सरकार के निर्देश का असर प्रदेश के 1.90 लाख अधिकारी-कर्मचारी पर पड़ना तय है। केंद्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने इसको लेकर मार्च के महीने में ही सभी राज्यों समेत मप्र के मुख्य सचिव अनुराग जैन को निर्देश जारी किए हैं। इसमें जनगणना 2027 के मद्देनजर तबादलों पर प्रतिबंध की बात कही गई है। केंद्रीय गृह सचिव द्वारा चीफ सेक्रेट्री को लिखे पत्र में कहा गया है कि जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल माध्यम से दो चरणों में पूरी कराई जाएगी, जिसमें सेल्फ-एन्यूमरेशन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। पहला चरण "हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस" अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच 30 दिनों की अवधि में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा तय समय के अनुसार कराया जाएगा। जनगणना का दूसरा चरण जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में आयोजित होगा। पत्र में कहा गया है कि लद्दाख तथा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले इलाकों में यह कार्य सितंबर 2026 में ही पूरा किया जाएगा।

### मप्र के होम डिपार्टमेंट ने जारी नहीं किए निर्देश

*मुख्य सचिव को लिखे पत्र में केंद्रीय गृह सचिव ने यह स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य में नियुक्त अधिकारियों का स्थानांतरण 31 मार्च 2027 तक न किया जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने राज्यों से इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करने और उसकी जानकारी रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय को भेजने को कहा है। इसको लेकर एमपी के गृह विभाग द्वारा कोई निर्देश विभागों को जारी नहीं किए गए हैं।*

### संभागायुक्त, कलेक्टर, निगमायुक्त होंगे प्रभावित

*मोहन सरकार में कई संभागों के संभागायुक्त, जिलों के कलेक्टर, नगर निगमों के आयुक्त और अपर कलेक्टर और सब डिवीजन अधिकारी बदले जाने की तैयारी है। इस स्तर के अधिकारी जनगणना के काम की मॉनिटरिंग प्रमुखता से करेंगे। इनकी जिम्मेदारी जनसंख्या गणना कराने की है जो प्रगणकों और सुपरवाइजरों से यह काम पूरा कराएंगे। ऐसे में इनके तबादले हो पाएंगे, अब इसको लेकर संशय है।*

## लोहंडीगुड़ा थाना क्षेत्र का मामला, सुरक्षित घर पहुंची युवती

# युवती ने पुल से लगाई छलांग, पुलिस के जवानों ने मुस्तैदी के साथ बचाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

पारिवारिक कलह के चलते एक 22 वर्षीय युवती ने लोहड़ीगुड़ा थाना क्षेत्र के एक पुल से नदी में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही लोहंडीगुड़ा थाने के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए नदी में छलांग लगा दी और समय रहते युवती को बचा लिया। इसके बाद युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ होश आने पर उसने अपने परिजनों की जानकारी दी।

लोहंडीगुड़ा थाना प्रभारी रवि बैंगा ने बताया कि भानपुरी निवासी 22 वर्षीय युवती का पारिवारिक कारणों से विवाद हो गया था। इसके चलते वह अपने घर से पैदल ही निकल गई। रास्ते में लोगों से लिफ्ट लेते हुए वह नारायणपाल मंदिर के पास बने पुल पर पहुंची और वहां से नदी में छलांग लगा दी। घटनास्थल से गुजर रहे लोगों ने युवती को नदी में छलांग लगाते देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

### परिजनों पहुंचे, जताया पुलिसकर्मियों का आभार

सूचना मिलते ही लोहंडीगुड़ा थाने के जवान बिना किसी देरी के नदी में कूद पड़े। पानी में छलांग लगाने के कारण युवती बेहोश हो गई थी। पुलिसकर्मियों ने उसे बाहर निकाला और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लोहंडीगुड़ा ले जाया गया।अस्पताल में उपचार के दौरान युवती को होश आ गया। होश में आने पर उसने अपने परिजनों के बारे में पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवती के परिजनों को सूचित किया और उन्हें अस्पताल बुलाया। अपने बेटी को सुरक्षित देखकर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया और उसे अपने साथ ले गए।

## ड्राइवर मौके से फरार, पुलिस कर रही मामले की जांच

# अनियंत्रित बस गहरी खाई में गिरी, यात्रियों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। दुर्ग से दल्लीराजहरा की ओर आ रही एक यात्री बस स्टेयरिंग फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर रेलवे ट्रैक के पास स्थित गहरी खाई में जा गिरी।

इस हादसे के वक्त बस में करीब 20 से 30 यात्री सवार थे। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पायल ट्रेवल्स की बस रोजाना की तरह दुर्ग से सवारी लेकर दल्लीराजहरा की ओर जा रही थी। कुसुमकसा और जमही टोल



प्लाजा के बीच अचानक बस की स्टेयरिंग ने काम करना बंद कर दिया। चालक ने वाहन पर नियंत्रण पाने की कोशिश की, लेकिन ढलान होने के कारण बस सीधे सड़क किनारे रेलवे ट्रैक की ओर बनी खाई में जा पलटी। गनीमत रही कि बस रेलवे पटरी से कुछ ही दूरी पर रुक गई, जिससे एक बड़ा रेल हादसा टल गया।

### घायलों का अस्पताल में उपचार जारी

*हादसे की सूचना मिलते ही दल्लीराजहरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस के जरिए उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं, जिनका इलाज जारी है। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके का फायदा उठाकर बस चालक फरार हो गया है। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और ड्राइवर की तलाश की जा रही है। दल्लीराजहरा पुलिस मामले की जांच कर रही है कि क्या दुर्घटना वास्तव में तकनीकी खराबी (स्टेयरिंग फेल) के कारण हुई या इसके पीछे तेज रफ्तार और लापरवाही थी।*

चिंतन

# महिला आरक्षण : कठिन है डगर मंजिल की

देश की राजनीति में लंबे समय से अटका महिला आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। केंद्र सरकार द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को मंजूरी देने के साथ ही यह उम्मीद जगी है कि भारतीय लोकतंत्र अब आधी आबादी को उसका वाजिब हक देने की दिशा में ठोस कदम बढ़ा रहा है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत लोकसभा की सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करना और उनमें 33 प्रतिशत यानी 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करना निश्चित रूप से ऐतिहासिक पहल कही जा सकती है, लेकिन इसके साथ ही इसके क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत उतनी ही जटिल और चुनौतीपूर्ण नजर आती है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि यह आरक्षण व्यवहार में कैसे लागू होगा। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि किन सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा और यह प्रक्रिया किन मानकों के आधार पर तय होगी। 'वर्टिकल' आरक्षण का मतलब है कि अनुसूचित जाति और जनजाति के कोटे के भीतर भी महिलाओं को हिस्सा मिलेगा, जो सामाजिक न्याय के लिहाज से उचित है, लेकिन सीटों के चयन की प्रक्रिया राजनीतिक विवाद का सबसे बड़ा कारण बन सकती है। हर राजनीतिक दल अपने मजबूत गढ़ को बचाने की कोशिश करेगा और यहीं से टकराव की शुरुआत होगी। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू राज्यों के प्रतिनिधित्व से जुड़ा है। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने और परिसीमन (डिलिमिटेशन) के बाद जनसंख्या के आधार पर सीटों का पुनर्वितरण होगा। इससे छोटे और कम आबादी वाले राज्यों को यह आशंका सताने लगी है कि उनका राजनीतिक वजन घट सकता है। वहीं, बड़े राज्यों में भी आंतरिक असंतोष उभर सकता है, क्योंकि कई मौजूदा सांसदों की सीटें आरक्षित हो जाएंगी। ऐसे में राजनीतिक समीकरणों का संतुलन बिगड़ना तय है। हालांकि, दिलचस्प यह है कि कोई भी राजनीतिक दल खुले तौर पर इस बिल का विरोध करने की स्थिति में नहीं है। महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर विरोध करना राजनीतिक आत्मघात जैसा होगा, लेकिन भारतीय राजनीति के अनुभव बताते हैं कि सहमति के पीछे भी असहमति के रास्ते खोज लिए जाते हैं। यह आशंका निराधार नहीं है कि सीटों के बंटवारे, परिसीमन और लागू करने की समयसीमा जैसे मुद्दों पर राजनीतिक दल अप्रत्यक्ष रूप से अड़ंगे डाल सकते हैं। एक और महत्वपूर्ण चिंता 'प्रॉक्सी राजनीति' की है। पंचायती राज संस्थाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का अनुभव मिश्रित रहा है। कई जगहों पर निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की जगह उनके पति या परिवार के पुरुष सदस्य ही सत्ता का संचालन करते दिखाई दिए। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या संसद और विधानसभाओं में भी 'सांसद पति' या 'विधायक पति' जैसी प्रवृत्ति देखने को मिलेगी? देखा जाए तो पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इससे एक नई पीढ़ी तैयार हो रही है। यह पीढ़ी वास्तविक नेतृत्व की क्षमता रखती है। यदि सही प्रशिक्षण, अवसर और सामाजिक समर्थन मिला, तो यह बदलाव भारतीय राजनीति का चेहरा बदल सकता है। आखिरकार मंजिल भले ही सामने दिख रही हो, लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता आसान नहीं है। यह यात्रा धैर्य, संवाद और दूरदृष्टि की मांग करती है। यदि इन चुनौतियों को सही तरीके से पार किया गया, तो यह कानून भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकता है। वरना यह एक अधूरा सपना बनकर रह जाएगा।



स्थापना दिवस
ओ.पी. चौधरी

# भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा का उत्सव

> 6 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस, केवल एक पार्टी का स्थापना दिवस नहीं, बल्कि उस राष्ट्रवादी विचारधारा का उत्सव है जिसने राष्ट्र प्रथम को राजनीति का केंद्र बनाया। यह यात्रा 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ से शुरू होकर आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक शक्ति भारतीय जनता पार्टी तक पहुंचती है। नरेंद्र मोदी के "राष्ट्र प्रथम" के अटूट संकल्प ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी है। जहां पहले 'एंटी-इन्कम्बेंसी' एक सामान्य प्रवृत्ति मानी जाती थी, वहीं आज 'प्रो-इन्कम्बेंसी' की नई परिभाषा स्थापित हुई है, जहां जनता विकास, सुशासन और विश्वसनीय नेतृत्व के आधार पर बार-बार अपना विश्वास दोहराती है।

भारत की राजनीतिक यात्रा में कुछ ऐसे पड़ाव आते हैं, जो केवल सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि विचार और दिशा परिवर्तन के प्रतीक होते हैं। 6 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस, केवल एक पार्टी का स्थापना दिवस नहीं, बल्कि उस राष्ट्रवादी विचारधारा का उत्सव है जिसने राष्ट्र प्रथम को राजनीति का केंद्र बनाया। यह यात्रा 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ से शुरू होकर आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक शक्ति भारतीय जनता पार्टी तक पहुंचती है। स्वतंत्रता के तुरंत बाद का भारत घावों से भरा था- विभाजन की पीड़ा, विस्थापितों का दर्द और राजनीतिक अनिश्चितता का अंधेरा। उस समय की सत्ताधारी कांग्रेस ने राष्ट्र प्रथम के स्थान पर तुष्टिकरण और एक परिवार की सत्ता को प्राथमिकता दी।

सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे लौहपुरुष जिन्हें पूर्ण बहुमत प्राप्त था, की उपेक्षा इस अलोकतांत्रिक मानसिकता का सबसे बड़ा प्रमाण था। जब राष्ट्रवादी विचारों के लिए कांग्रेस में कोई स्थान नहीं बचा, तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय जनसंघ के रूप में एक ऐसा मंच खड़ा किया जो जाति, पंथ और क्षेत्र से ऊपर उठकर केवल भारत माता की सेवा का व्रत लेता था। जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उन्होंने 23 जून 1953 को अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। वह बलिदान व्यर्थ नहीं गया, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 की समाप्ति के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस अधूरे सपने को पूरा किया और एक संस्थापक की आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। श्यामा प्रसाद के बलिदान के बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने 1951 से 1967 तक महासचिव के रूप में पार्टी को वैचारिक और संगठनात्मक मजबूती दी। उनका 'एकात्म मानववाद' और 'अंत्योदय' का दर्शन-अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति को प्रथम पंक्ति में लाना - जनसंघ की आत्मा बन गया। 1967 के कालीकट अधिवेशन में अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने कहा था कि हम किसी एक वर्ग या समुदाय के नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के सेवक हैं - हर देशवासी हमारे रक्त का अंश है। 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय में उनकी निर्मम हत्या ने देश को एक अनमोल विचारक से वंचित कर दिया। 1970 के दशक में इंदिरा गांधी की सत्ता जैसे-जैसे केंद्रीकृत और निरंकुश होती गई, जनसंघ ने जन-आंदोलन का नेतृत्व संभाला। 25 जून 1975 की वह काली रात जब देश पर आपातकाल थोपा गया - वह तानाशाही की चरम परिणति थी। जनसंघ के सभी शीर्ष नेता गिरफ्तार कर लिए गए। हजारों कार्यकर्ताओं को अमानवीय यातनाओं के बीच जेल की सलाखों के पीछे ठूंस दिया गया। जब सच बोलना अपराध बन गया था, तब जनसंघ और संघ के स्वयंसेवक भूमिगत रहकर देश का सबसे बड़ा सत्याग्रह चला रहे थे। यही वह कसौटी थी जिसने सिद्ध किया कि यह दल सत्ता के लिए नहीं, बल्कि सत्य और राष्ट्र के लिए जीता है।

दो वर्षों के उस अंधकार के बाद, जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर जनसंघ ने अपने अस्तित्व को देश-हित में जनता पार्टी में विलीन कर दिया। 1977 में देश को पहली गैर-कांग्रेसी सरकार मिली। अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री बने और संयुक्त राष्ट्र के उस मंच पर हिंदी में




भाषण देकर उन्होंने पूरे विश्व को चौंका दिया, यह भी राष्ट्रगौरव का एक पाठ था। उस दौर में, जब कांग्रेस हिंदू आस्था और परंपराओं का उपहास करती थी, तब पालमपुर अधिवेशन में भारतीय जनता पार्टी ने राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण को अपने संकल्प के रूप में स्वीकार किया। यह किसी चुनावी रणनीति का हिस्सा नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की गहरी आस्था और श्रद्धा का सम्मान था। इसी बीच, शाहबानो प्रकरण में कांग्रेस द्वारा रातों-रात कानून बदलना तुष्टिकरण की राजनीति का स्पष्ट उदाहरण बना, जबकि भाजपा निरंतर सनातन चेतना के पुनर्जागरण और सांस्कृतिक स्वाभिमान की सशक्त आवाज़ बनकर उभरती रही। 1996 में अटल जी देश के प्रधानमंत्री बने। भले ही वह सरकार 13 दिन में गिर गई, लेकिन 1998 में एनडीए की पूर्ण सरकार बनी और देश ने एक नई राजनीति देखी। तमाम अंतरराष्ट्रीय दबावों की परवाह किए बिना पोखरण परमाणु परीक्षण हुआ। दीनदयाल के अंत्योदय को धरातल पर उतारा गया। उस दौर में जब नौ वर्षों में आठ प्रधानमंत्री बदल चुके थे, अटल जी ने स्थिर सुशासन की राजनीति की नींव रखी। 2004 से 2014 तक देश ने देखा कि जब राष्ट्र के बजाय परिवार को प्राथमिकता दी जाती है तो क्या होता है। 2जी, कोलगेट, कॉमनवेल्थ खेल घोटाला - भ्रष्टाचार की यह फेहरिस्त लंबी थी। रिमोट कंट्रोल से चलती सरकार ने देश को ₹फ्रैजाइल फाइव₹ अर्थव्यवस्थाओं में ला खड़ा किया। 26/11 के बाद भी ₹भगवा आतंकवाद₹ का झूठा नैरेटिव गढ़ा गया। प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को ही न्यायालय में काल्पनिक बताया गया। यह वह दौर था जब देश को गहरे आत्मविश्वास और दिशा की ज़रूरत थी।उसी दौर मैं गुजरात में एक चायवाले ने सिद्ध कर दिखाया, कि विकास की राजनीति उस प्रदेश को कहा तक लेजा सकती है । भूकंप-पीड़ित भुज का पुनर्निर्माण हो, 24×7 बिजली आपूर्ति हो या टाटा नैनो को 15 दिन में ज़मीन देना - ₹गुजरात मॉडल₹ की गूँज पूरे देश में थी। 2014 में जनता ने 31.5% वोट शेयर और 282 सीटें देकर ₹विकास की राजनीति₹ को ऐतिहासिक जनादेश दिया। भ्रष्टाचार-मुक्त शासन, अंत्योदय और राष्ट्रगौरव - यही वह त्रिभुज था जिसने नरेंद्र मोदी को देश की पहली पसंद बनाया।आज भारत ₹फ्रैजाइल फाइव₹ से उठकर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तीसरे स्थान की ओर तेज़ी से अग्रसर है। हाल ही में हमने स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर हमारा संकल्प और भी दृढ़ होता है कि भारतीय जनता पार्टी केवल चुनावी जीत तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण के महान उद्देश्य के लिए समर्पित है। यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ती रहेगी-एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में। आज भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। जो वादे पहले चुनावी घोषणापत्र तक सीमित रह जाते थे, उन्हें नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धरातल पर उतारा गया। "मोदी की गारंटी" केवल एक नारा नहीं, बल्कि विश्वास का प्रतीक बन चुकी है। चाहे वह अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का संकल्प हो या अनुच्छेद 370 को हटाने जैसा ऐतिहासिक निर्णय, भाजपा ने अपने हर वादे को पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दिखाई है। नरेंद्र मोदी के "राष्ट्र प्रथम" के अटूट संकल्प ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी है। जहां पहले 'एंटी-इन्कम्बेंसी' एक सामान्य प्रवृत्ति मानी जाती थी, वहीं आज 'प्रो-इन्कम्बेंसी' की नई परिभाषा स्थापित हुई है, जहां जनता विकास, सुशासन और विश्वसनीय नेतृत्व के आधार पर बार-बार अपना विश्वास दोहराती है। इसी विश्वास, इसी संकल्प और इसी राष्ट्रनिष्ठा के साथ भारतीय जनता पार्टी आगे भी राष्ट्र निर्माण के इस पथ पर निरंतर अग्रसर रहेगी।

(लेखक छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सीजफायर
डॉ. घनश्याम बादल



# जारी कोहराम, यह कैसा युद्ध विराम

जैसी आशंका थी खाड़ी युद्ध में सीजफायर की घोषणा की, चंद घंटे बाद ही उसकी हवा निकल गई और इजराइल ने लेबनान पर युद्ध विराम की बात मानने से साफ इनकार करते करते हुए वहां भीषण हमले शुरू कर दिए हैं। उधर ईरान ने भी होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर अंगूठा दिखा दिया है तो ट्रंप एक बार फिर धमकाने पर उतर आए हैं। ऐसे में 10 अप्रैल को होने वाली बैठक पर भी संकट के बदले मंडराते दिख रहे हैं। 40 दिन के भीषण युद्ध, बारूद की बारिश, ईरान की सर्वोच्च लीडरशिप का खात्मा और बाद के दो दिनों में उसके इंफ्रास्ट्रक्चर की तबाही के बाद भी अमेरिका को कुछ हासिल नहीं हुआ और उसके बड़बोले राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान की दृढ़ता, अपनी राष्ट्रीय अस्मिता के प्रति समर्पण और उसकी तेल शक्ति तथा हथियारों की छिपी हुई ताकत के बल पर घुटनों के बल आना पड़ा और जैसे-तैसे चीन की मदद से इस युद्ध में सीज फायर करना पड़ा। मध्य-पूर्व की बारूदी ज़मीन पर अमेरिका और ईरान के बीच घोषित दो हफ्तों का "सीजफायर" पहली नजर में शांति का संकेत लगा था लेकिन गहराई में जाएं तो यह अधिक एक रणनीतिक विराम प्रतीत होता है। ऐसा विराम जिसमें दोनों पक्ष अपनी थकी हुई सैन्य और कूटनीतिक ताकतों को पुनर्गठित कर रहे हैं। यह ठहराव उस संघर्ष की जड़ों को नहीं मिटाता, जो दशकों से अविश्वास, वैचारिक टकराव और क्षेत्रीय प्रभुत्व की होड़ में उलझा हुआ है। इस टकराव के मूल कारणों में 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से अमेरिका और ईरान के बीच चली आ रही वैचारिक शत्रुता प्रमुख है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम, पश्चिम एशिया में उसका बढ़ता प्रभाव और इजराइल के प्रति उसका कड़ा रुख, ये सभी कारक अमेरिका की आक्रामक नीति के आधार रहे हैं। वहीं, अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों ने ईरान को आर्थिक रूप से तो कमजोर किया ही, साथ ही उसे क्षेत्रीय स्तर पर अधिक आक्रामक और आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया। शांति प्रस्तावों की बात करें तो अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर नियंत्रण, क्षेत्रीय मिलिशिया समूहों पर लगाम और इजराइल की सुरक्षा की गारंटी को प्रमुख शर्तों के रूप में रखा है। इसके बदले में आर्थिक प्रतिबंधों में ढील का प्रस्ताव दिया गया है। दूसरी ओर, ईरान ने अपने संप्रभु अधिकारों की रक्षा करते हुए सभी प्रतिबंधों को हटाने, क्षेत्रीय मामलों में अमेरिकी हस्तक्षेप बंद करने और सुरक्षा आश्वासन की मांग की है। इन परस्पर विरोधी मांगों के बीच भरोसे की कमी ही सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। इस पूरे परिदृश्य में चीन की भूमिका खास तौर पर उभरकर सामने आई है। चीन ने खुद को एक संतुलित और जिम्मेदार मध्यस्थ के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की है। ऊर्जा जरूरतों के चलते ईरान के साथ उसके मजबूत संबंध हैं, वहीं अमेरिका के साथ प्रत्यक्ष टकराव से बचते हुए वह कूटनीतिक लाभ उठा रहा है। यह संकट चीन के लिए वैश्विक नेतृत्व की छवि गढ़ने का अवसर बन गया है। पाकिस्तान भी इस घटनाक्रम में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की कोशिश करता दिखा। उसने एक ओर अमेरिका के साथ पुराने रिश्तों को फिर से सक्रिय करने का प्रयास किया, तो दूसरी ओर इस्लामिक देशों के मंच पर ईरान के प्रति सहानुभूति जताकर संतुलन साधने की कोशिश की। यह दोहरी रणनीति क्षेत्रीय समीकरणों को और जटिल बनाती है। भारत के लिए यह स्थिति एक कठिन कूटनीतिक परीक्षा है। एक ओर अमेरिका के साथ उसके गहरे संबंध हैं, वहीं दूसरी ओर ईरान भारत की ऊर्जा सुरक्षा और चाबहार परियोजना के लिहाज से महत्वपूर्ण साझेदार है, लेकिन इस पूरे संकट में भारत की भूमिका लगभग निष्क्रिय नजर आई,जहां उसने केवल सामान्य बयान जारी कर शांति और संवाद की अपील की है, लेकिन किसी ठोस मध्यस्थता या पहल की कोशिश नहीं की। यह निष्क्रियता भारत की अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक छवि पर सवाल खड़े करती है। यदि भारत अपनी कूटनीतिक निष्क्रियता से बाहर निकलकर सक्रिय भूमिका नहीं निभाएगा, तो वह वैश्विक शक्ति संतुलन में महत्वपूर्ण अवसर खो देगा। जिस भारत को "वैश्विक दक्षिण" का नेता और उभरती हुई महाशक्ति के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, उससे अपेक्षा थी कि वह इस संकट में एक सक्रिय, संतुलित और प्रभावी भूमिका निभाएगा। भारत का सीमित और सतर्क रुख यह संकेत देता है कि वह जोखिम लेने से बचता रहा। यह दो हफ्तों का सीजफायर शांति का स्थायी समाधान नहीं, बल्कि एक अस्थायी ठहराव है, एक ऐसा ठहराव जो आने वाले समय में और बड़े टकराव की भूमिका भी बन सकता है। भारत के लिए यह समय केवल देखने और प्रतीक्षा करने का नहीं, बल्कि अपनी कूटनीतिक क्षमता को साबित करने का है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# एक सप्ताह अपने लिए निकाले



संकलित
दर्शन

श्वास और मन पर ध्यान देने से हमारा प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) मजबूत होता है। यदि आप शिशुओं को देखें, तो पाएंगे कि वे अत्यंत संतुलित तरीके से श्वास लेते हैं। वे पूरे शरीर से श्वास लेते हैं-जब वे श्वास अंदर लेते हैं, तो पेट बाहर आता है, और जब श्वास छोड़ते हैं, तो पेट भीतर चला जाता है। पर जैसे-जैसे हम तनावग्रस्त होते हैं, यह प्रक्रिया उल्टी हो जाती है। ऐसी बातें कोई सिखाता नहीं, बस सजगता चाहिए। पर हमारा मन इतना व्यस्त, विचारों, निर्णयों और प्रतिक्रियाओं से भरा होता है कि हम प्रकृति की इन सूक्ष्म बातों को देख ही नहीं पाते। इसलिए साल में एक बार, एक सप्ताह अपने लिए निकालें, जैसे आप कार की सर्विसिंग कराते हैं। उस समय प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहें, सूर्योदय के साथ उठें, हल्का और आवश्यक मात्रा में भोजन करें, व्यायाम करें, योग, प्राणायाम, कुछ समय मौन रखें और प्रकृति का आनंद लें। जब हम प्रकृति से जुड़ते हैं, तो हमारी पूरी प्रणाली पुनर्जीवित हो जाती है। हम ऊर्जावान, उत्साही और प्रफुल्लित अनुभव करते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण है- जीवन में अधिक प्रसन्न रहना। चीजों को बहुत गंभीरता से न लें। थोड़ा सा आत्मज्ञान, अपने मन, चेतना और भ्रमों के मूल को समझना हमें जीवन को सुंदर बनाने में मदद करता है। हर व्यक्ति में सभी सद्गुण पहले से विद्यमान हैं, बस अज्ञानता की परतों से ढके हैं। हमें केवल उन्हें हटाना है और भीतर छिपे उन गुणों को प्रकट होने देना है।


# ईर्ष्यालु किसी को सुखी-संपन्न नहीं देख सकता



संकलित
प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है।

अंतर्मन




## आज की पाती

### देश के कई जिलों को पीएनजी से जोड़ा जाए

भारत सरकार के सबसे बड़े उपक्रम, गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा एक अनुमान के तहत देश में 16,000 किलोमीटर से अधिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, गेल द्वारा 2,000 किलोमीटर से अधिक एलपीजी गैस पाइपलाइन का भी संचालन किया जाता है। गेल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से देश के 22 राज्यों के लगभग 90 से अधिक जिलों में गैस पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, जिसके जरिए सीएनजी, एलपीजी तथा कुछ जिलों में पीएनजी गैस की आपूर्ति भी की जा रही है। यदि भारत सरकार उन राज्यों के जिलों में, जहां से गैस पाइपलाइन गुजरती है, राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला एवं तहसील मुख्यालयों को पाइपयुक्त प्राकृतिक गैस (पीएनजी) से जोड़ने की दिशा में ठोस पहल करे तो आमजन को राहत मिलेगी।

*- दिलीप ताम्रकार, दुर्ग*

ट्रेंड

### अनाज उत्पादक संकट में



ममता दीदी के कुशासन में खेत बंजर पड़े हैं और अनाज उत्पादक संकट में हैं। यहां किसानों को आलू मिट्टी के दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। मैं स्वयं खेतों तक पहुँचा, किसानों से मिला और उनकी आँखों में चिंता स्पष्ट झलक रही थी।
**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### चौधरी के निधन से दुःख



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद ए.एच. खान चौधरी के निधन से मुझे गहरा दुःख हुआ है। उन्होंने शांत स्वभाव, विनम्रता और अटूट प्रतिबद्धता के साथ अपना जीवन मालदा और पश्चिम बंगाल की जनता की सेवा में समर्पित कर दिया।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### महिलाओं के अधिकार



2047 तक विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश की महिला शक्ति को उनके पूर्ण अधिकार और सम्मान प्राप्त होंगे। आइए, राजनीति में महिलाओं की 33% भागीदारी सुनिश्चित करें और एक नए भारत की नींव रखें।
**- अरुण गोविल, सांसद, भाजपा**

### विभाजनकारी नीतियां



भाजपा के सहयोगियों और समर्थकों की विभाजनकारी नीतियां अपने ही देश की जनता में भय पैदा करती हैं और उन्हें आपस में लड़ाती हैं। ये साम्राज्यवादी "बांटो और राज करो" मानसिकता के वैचारिक उत्तराधिकारी हैं।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

करंट अफेयर

# ईरान युद्ध से वैश्विक खाद्य कीमतों में वृद्धि का खतरा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में जो सबसे बड़ा व्यवधान पैदा किया है, उससे खाद्य कीमतों और खाद्य सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा। तीनों संस्थाओं के प्रमुखों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि बढ़ती खाद्य कीमतों का सबसे अधिक भार दुनिया की कमजोर आबादी पर पड़ेगा। उन्होंने कहा, तेल, गैस और उर्वरक की कीमतों में तेज़ वृद्धि, साथ ही परिवहन बाधाओं के कारण, खाद्य कीमतों और खाद्य असुरक्षा में वृद्धि अवश्य होगी। संस्थाओं ने कहा कि वे इस स्थिति की गहन निगरानी करेंगे और संकट से प्रभावित लोगों का समर्थन करने के लिए उपलब्ध सभी संसाधनों का समन्वय करेंगे। बयान में यह भी कहा गया कि विशेष रूप से कम आय वाले और आयात-निर्भर देशों में, ईंधन और खाद्य कीमतों में वृद्धि सरकारों की सीमित वित्तीय क्षमता के कारण कमजोर घरों पर सबसे अधिक प्रभाव डालेगी। तीनों संस्थाओं ने आश्वासन दिया कि वे जीवन और आजीविका की रक्षा, और स्थिरता, विकास और रोजगार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दीर्घकालिक पुनर्प्राप्ति के लिए समर्थन जारी रखेंगी।



ऑफ बीट

# भेड़ों से अधिक बुद्धिमान साबित हुई हैं बकरियां



जब हम बुद्धिमान पशुओं के बारे में सोचते हैं तो आमतौर पर भेड़-बकरी जैसे जानवर हमारे जेहन में सबसे पहले नहीं आते। हमारे जेहन में चिंपांजी, आरंगुटान, कैपुचिन्स जैसे पशु या कौए जैसा पक्षी आता है। लेकिन मेरे शोध में पता चला है कि भेड़, बकरियां और अल्पाका जैसे पशु भी कम अक्लमंद नहीं होते। दो अलग-अलग अध्ययनों में, मैंने पता लगाया कि ये जानवर कैसे सीखते हैं, याद रखते हैं और अपने आस-पास की दुनिया को कैसे समझते हैं। निष्कर्षों से न केवल यह पता चलता है कि हमने उनकी सोचने-समझने क्षमताओं को कम करके आंका है, बल्कि जानकारी भी मिली कि इन पशुओं के बीच भी महत्वपूर्ण अंतर हैं। तीनों पशुओं में से बकरियां शीर्ष पर रहीं और उन्होंने याददाश्त व समस्या के समाधान के मामले में भेड़ों और अल्पाकाओं दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया। प्रारंभिक अध्ययन भोजन जैसी किसी महत्वपूर्ण चीज के स्थान को याद रखने की क्षमता पर केंद्रित था। जंगल में, यह जीवित रहने का एक महत्वपूर्ण कौशल है। जानवरों को यह याद रखने की जरूरत होती है कि उन्हें पानी, भोजन या आश्रय कहां मिलेगा। मैंने एक सरल प्रयोग किया। प्रत्येक जानवर को एक छोटे से क्षेत्र में कई बाल्टियों में से एक में छिपा हुआ भोजन ढूंढना था।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प और मारपीट भीड़ को तितर-बितर करने पुलिस को करना पड़ा लाठीचार्ज

एजेंसी ▶▶ मन्नादीपेट

पुडुचेरी के मन्नादीपेट विधानसभा क्षेत्र के तिरुकानूर गांव में गुरुवार को मतदान के दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। विवाद तब शुरू हुआ जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मतदान केंद्र के पास भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी पर आपत्ति जताई। कांग्रेस का कहना है कि वहां केवल मतदाताओं को होना चाहिए। इसके बाद दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने मारपीट शुरू कर दी। हालात को बिगड़ते देख पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप किया और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस घटना से मतदान प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ा। इस सीट से भाजपा की ओर से गृह मंत्री ए नमशिवायम और कांग्रेस की ओर से पूर्व डिप्टी स्पीकर टीपीआर सेल्वम चुनावी मैदान में हैं।

पुडुचेरी के मन्नादीपेट विधानसभा क्षेत्र के तिरुकानूर गांव में बवाल


पुडुचेरी में मतदान के बीच गरमा-गरमी हुई

असम: मतदान केंद्र का हाल

## वीडियो वायरल होने पर प्राथमिकी दर्ज

**कार्बी आंगलोंग।** असम विधानसभा चुनाव 2026 के बीच कार्बी आंगलोंग जिला प्रशासन के संज्ञान में एक गंभीर मामला आया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से प्रसारित हो रहा है, जिसमें कथित तौर पर एक मतदान केंद्र के भीतर की चुनावी प्रक्रिया को दिखाया गया है। मतदान की गोपनीयता और नियमों के इस उल्लंघन को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए एफआईआर दर्ज की है। फिलहाल प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है ताकि वीडियो की सत्यता और इसके पीछे जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान की जा सके।

टीएमसी की भाजपा से 1000 करोड़ की डील


## कबीर बोले- एआई का बना वीडियो दिखाया, मानहानि का केस करूंगा

**कोलकाता।** विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल की राजनीति में इस वक्त एक बड़ा बवाल है। बवाल के केंद्र में हैं हुमायूं कबीर, जो आम जनता उन्नयन पार्टी पार्टी के मुखिया हैं। सत्तारूढ़ टीएमसी ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें दावा किया गया है कि कबीर भाजपा के साथ मिलकर 1000 करोड़ रुपए का खेल कर रहे हैं और मुसलमानों की भावनाओं का इस्तेमाल कर उनके वोट भाजपा की तरफ मोड़ने की कोशिश हो रही है। कबीर ने इन सभी आरोपों को सिरे से नकार दिया है और कहा है कि यह वीडियो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाया गया है, यानी नकली है। उन्होंने टीएमसी के 4 बड़े नेताओं पर मानहानि का मुकदमा करने की धमकी दी है।



दिग्गजों ने किया मतदान


बीसीसीआई महासचिव


चंद्रशेखर भाजपा नेता


पुडुचेरी के राज्यपाल


केरल सीएम विजयन


मुख्यमंत्री हिमंता सरमा ने परिवार के साथ वोट डाला



केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल स्याही दिखाते हुए


केंद्रीय मंत्री गोपी


केरल के राज्यपाल


कांग्रेस नेता गौरव गोगोई


104 वर्षीय महिला का जज्बा


एक्टर दिलीप और काव्या माधवन ने भी किया मतदान


केंद्रीय मंत्री जार्ज कुरियन वोट के बाद अंगुली दिखाते हुए

चुनाव पर्यवेक्षक ने दी सीईसी को धमकी

## ईसी ने उन्हें जनरल ऑब्जर्वर पद से हटाया



**नई दिल्ली।** एक हाई लेवल चुनाव समीक्षा बैठक में उस वक्त तनाव बढ़ गया जब एक वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को खुलेआम चुनौती दी। इसके बाद पर्यवेक्षक को बैठक से हटा दिया गया है।चुनाव आयोग की तरफ से बुलाई गई वर्चुअल मीटिंग के दौरान कूच बिहार दक्षिण के पर्यवेक्षक अनुराग यादव ने मुख्य चुनाव आयुक्त की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई थी।

बंगाल में टीएमसी के गढ़ सिंगूर में शिवराज बोले

## ममता की विफलता का स्मारक बन गया



**कोलकाता।** बंगाल में डेढ़ दशक पहले ममता बेनर्जी ने जिस सिंगूर के सहारे अपनी राजनीति को परवान चढ़ाया था, उसी पर भाजपा ममता की घेराबंदी में जुट गई है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने टीएमसी पर हमला बोलते हुए कहा कि सिंगूर की ज़मीन पर न खेती हो रही है और न ही कोई उद्योग स्थापित हुआ है। यह भूमि अब राज्य सरकार की विफलता का प्रतीक बन चुकी है। यह विफलता का स्मारक बन गई।

भाजपा अध्यक्ष ने बंगाल के मालदा में स्पोर्ट्स क्लब मीटिंग और चाकुलिया में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया

# टीएमसी की सरकार ने बंगाल को टोलाबाजी और तुष्टीकरण, माफियागिरी का केंद्र बना दिया:नवीन

*भाजपा अध्यक्ष ने कहा, पहले पश्चिम बंगाल पर कांग्रेस का ग्रहण लगा, फिर लेफ्ट का ग्रहण लगा व अब टीएमसी के सिंडिकेट ने भी बंगाल की विरासत और संस्कृति पर ग्रहण लगाने का कार्य किया*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर मालदा में आयोजित स्पोर्ट्स क्लब मीटिंग और चाकुलिया में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और बंगाल से तृणमूल कांग्रेस को जड़ से हटाकर भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। नवीन ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने तय कर लिया है कि इस बार कमल खिला के रहेंगे और इस अराजकता और अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। यह चुनाव स्पष्ट रूप से दो पक्षों के बीच है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने बंगाल को टोलाबाजी, तुष्टीकरण, माफियागिरी, महिलाओं पर अत्याचार, करप्शन और कट मनी का केंद्र बना दिया है, और इसे समाप्त किए बिना पश्चिम बंगाल को विकसित नहीं बनाया जा सकता।

नवीन ने कहा कि एक ओर भय, भ्रष्टाचार, अराजकता और महाजंगल राज वाली सरकार है, और दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी है, जिस पर देशभर के लोगों का भरोसा है। कार्यक्रम में सांसद खगेंद्र मुर्मू, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सांसद कार्तिक चंद्र पाल, बिहार सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल, प्रदेश महामंत्री विजय गोस्वामी, चाकुलिया से भाजपा प्रत्याशी मनोज जैन, गोलपोखर से प्रत्याशी सुरजीत विश्वास, इस्लामपुर से प्रत्याशी चित्रजीत राय सहित अन्य पदाधिकारी व नेतागण उपस्थित रहे।



उन्होंने कहा कि पहले पश्चिम बंगाल पर कांग्रेस का ग्रहण लगा, फिर लेफ्ट का ग्रहण लगा और अब टीएमसी के लोगों ने भी बंगाल की विरासत और संस्कृति पर ग्रहण लगाने का कार्य किया। ममता बनर्जी की सरकार में लगा ग्रहण, सबसे बड़ा ग्रहण है। पश्चिम बंगाल की जनता को इस ग्रहण को समाप्त करना है। भाजपा की सरकार बनानी है, जहां हर गरीब के चेहरे पर खुशहाली हो, माताएं और बहनें सुरक्षित हों, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर हों, शिक्षा को बढ़ावा मिले और राज्य का उद्योग नए संकल्प के साथ आगे बढ़ सके।

भजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16, 17, 18 अप्रैल को विशेष सत्र बुला रहे हैं। इस सत्र में सरकार, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम करेगी। आज माताएं और बहनें अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार और समाज दोनों को संभाल रही हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में सरकार उनकी चिंता नहीं करती। राज्य सरकार कुछ राशि जरूर देती है, लेकिन भाजपा सरकार उससे अधिक सहयोग के साथ सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान भी सुनिश्चित करेगी।

नवीन ने कहा कि जब हम यहां के लोगों के अधिकारों की बात करते हैं, तो हमें 'बाहरी' कहा जाता है, 'ए पार, ओ पार' की राजनीति की जाती है। हम तो 'ए पार' के हैं जो पश्चिम बंगाल के लोगों की चिंता करते हैं, लेकिन ममता बनर्जी की सरकार 'ओ पार' के बाहरी लोगों को यहां बसाकर बंगाल की जनता के अधिकारों पर डाका डाल रही है। क्लब हाउस, सृजन और नई प्रतिभाओं को अवसर देने का प्रतीक है, हम इसे वसूली का केंद्र नहीं बनने देंगे। इस केन्द्र से माफियाओं को शासन नहीं चलाने देंगे। मुझे जानकारी मिली है चुनाव के समय इन अड्डों से बूथ कैप्चरिंग की रणनीति बनाई जाती है, जबकि पूरे पांच साल वसूली का काम चलता रहता है। इस बार पूरे देश की नजर पश्चिम बंगाल पर है और बंगाल की जनता इस महाजंगल राज की इस सरकार को अब और मौका नहीं देगी। जिन क्लब हाउसों को अड्डा बनाकर इस्तेमाल किया जा रहा है, उन्हें समाप्त कर नए पश्चिम बंगाल में उनके गौरवशाली इतिहास को फिर से स्थापित किया जाएगा।

# भारत 2028 में सीओपी सम्मेलन की मेजबानी से पीछे हटा, जयराम ने उठाए सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि भारत द्वारा वर्ष 2028 में होने वाले संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी) की मेज़बानी से अचानक पीछे हटना सरकार की प्रतिबद्धता पर सवाल खड़े करता है। गौरतलब है कि नरेंद्र मोदी ने 1 दिसंबर 2023 को दुबई में आयोजित सीओपी 28 दुबई के दौरान घोषणा की थी कि भारत वर्ष 2028 में इस प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मेलन की मेज़बानी करेगा। लेकिन हाल ही में आए फैसले में भारत ने इस आयोजन से खुद को अलग कर लिया है, जिसके पीछे के कारणों का अभी तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि यह निर्णय सरकार की जलवायु प्रतिबद्धताओं, विशेषकर पेरिस समझौता 2015 के प्रति उसकी गंभीरता पर सवाल उठाता है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे बड़े देश द्वारा इस मंच से पीछे हटना वैश्विक जलवायु प्रयासों में उसकी भूमिका को भी प्रभावित कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2028 तक आईपीसीसी की सातवीं आकलन रिपोर्ट सामने आ सकती है, जिससे जलवायु लक्ष्यों को लेकर वैश्विक दबाव और बढ़ेगा। ऐसे में सम्मेलन की मेज़बानी करने वाले देश की भूमिका बेहद अहम होती है, जो नए और अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्यों पर सहमति बनाने में नेतृत्व करता है। जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री के एक पुराने बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि 'लोग बदले हैं, जलवायु नहीं।' रमेश ने इस टिप्पणी को 'अजीब' बताते हुए सरकार की सोच पर सवाल उठाए।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस मुद्दे पर आने वाले दिनों में सियासी बहस तेज हो सकती है, खासकर तब जब जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दे पर भारत की भूमिका लगातार चर्चा में रही है।

एक्स पर किए गए पोस्ट में जयराम ने लिखा ,1 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री ने दुबई में बड़े जोर-शोर से घोषणा की थी कि भारत 2028 के अंत में संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन सम्मेलन की मेज़बानी करेगा। स्पष्ट रूप से इरादा था कि 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले इस वैश्विक आयोजन का राजनीतिक लाभ उठाया जाए, जैसा कि 2024 के चुनावों से पहले नई दिल्ली में जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान किया गया।

अचानक कल रात यह घोषणा की गई कि भारत 2028 के इस महत्वपूर्ण सम्मेलन की मेज़बानी नहीं करेगा। इस अचानक फैसले के पीछे कोई कारण नहीं बताया गया है। यह मोदी सरकार की 2015 के पेरिस समझौते के प्रति वास्तविक प्रतिबद्धता पर सवाल खड़ा करता है।

## खबर संक्षेप

### कंपनी में यौन उत्पीड़न प्रमुख समेत 6 अरेस्ट


**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक में एक मल्टी-नेशनल कंपनी में



महिला कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद टीम लीडर सहित 6लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उत्पीड़न पिछले चार वर्षों से लगातार जारी था। यौन उत्पीड़न और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के 9 मामले दर्ज किए हैं।

### ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सेंस अपनाएं

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि अब समय आ गया है कि देश के



लोग सिविक सेंस अपनाएं और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। भारतीयों को विकसित देशों से सीख लेनी चाहिए कि सड़क पर कैसे चलना चाहिए और गाड़ी कैसे चलानी चाहिए? यह टिप्पणी जस्टिस जितेंद्र जैन ने की।

### अविमुक्तेश्वरानंद को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को जान से मारने



की धमकी मिली है। उन्हें भेजे गए ऑडियो मैसेज में कहा गया कि जैसे अतीक अहमद को मारा गया था, वैसे ही उन्हें भी मार दिया जाएगा। ऑडियो में 33 बार गालियां भी दी गई हैं और कहा गया है कि उनकी यात्रा के दौरान हमला किया जाएगा। 1 अप्रैल को ज्योतिष्पीठ के नंबर पर पहले धमकी भरा मैसेज आया था।

### सुनेत्रा पवार की निर्विरोध जीत तय

**बारामती।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश



चेन्निथला ने कहा कि उनकी पार्टी बारामती विधानसभा सीट से उपचुनाव नहीं लड़ेगी, जहां से उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार अपने पति अजित पवार के मृत्यु के बाद चुनाव मैदान में हैं। चेन्निथला ने कहा कांग्रेस की राज्य इकाई को अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का निर्देश दिया है।

बिहार में 14 या 15 अप्रैल से होगा भाजपा का मुख्यमंत्री

# गांधी मैदान में तैयारियां शुरू, जेडीयू ने लगाई मुहर

## दिल्ली पहुंचे सीएम नीतीश, आज लेंगे राज्यसभा सांसद पद की शपथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

बिहार में सत्तारूढ़ एनडीए सरकार का मुखिया बदलने की प्रक्रिया गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिल्ली पहुंचने के साथ तेज हो गई है। नीतीश शुक्रवार को पहली बार राज्यसभा सांसद की शपथ लेंगे। शुक्रवार को ही भाजपा के कोर ग्रुप की दिल्ली में बैठक है। इसमें भाजपा के सीएम के नाम पर सहमति बनाई जा सकती है। पटना में 14 या 15 अप्रैल को भाजपा के सीएम के नेतृत्व में एनडीए की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए गांधी मैदान खाली रखने कह दिया गया है।लंबे इंतजार के बाद भाजपा के लिए ऐतिहासिक घड़ी आई है। जेडीयू के कद्दावर नेता और सीनियर मंत्री विजय कुमार चौधरी ने पार्टी की तरफ से इस पर मुहर लगा दी है।



### संसदीय बोर्ड करेगा नाम की घोषणा

भाजपा बिहार में सरकार की कमान किसके हाथ में देती है, इसका फैसला भाजपा संसदीय बोर्ड करेगा, जिसमें पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन के अलावा नरेंद्र मोदी और अमित शाह भी बैठेंगे। विधायक दल के नेता का औपचारिक चुनाव कराने पार्टी में किसके नाम की पर्ची निकलती है, इस पर भी सबकी नजर है।

**अब तक 5 संकेतों से सम्राट ही दिख रहे चौधरी**

मुख्यमंत्री पद के लिए जिनके नाम दौड़ रहे हैं, उनमें सम्राट चौधरी या नित्यानंद राय को देवेंद्र फडणवीस या हिमंता बिस्वा सरमा वाले मॉडल में भविष्य दिख रहा होगा। मोहन यादव, विष्णुदेव साय, नायब सैनी, मोहन चरण मांझी और रेखा गुप्ता की तरह संकेत हैं।

### नए सीएम पर कोई मतभेद नहीं, सब तय : नवीन

बिहार के नए मुख्यमंत्री के नाम पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने काफी कुछ साफ कर दिया है। उन्होंने कहा है कि बिहार के नए सीएम को लेकर एनडीए में कोई मतभेद नहीं है। भाजपा अध्यक्ष नितिन ने कहा कि बैठक में सब कुछ तय कर लिया जाएगा। बिहार में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। नीतीश सरकार ने बिहार को विकास के पथ पर आगे ले गई है। जनता दल यूनाइटेड ने भी नई सरकार के गठन के लिए सहमत है। पार्टी ने व्यवस्थाएं शुरू कर दी है।

युद्धविराम पर थरूर ने कहा

## 'शांति' के लिए पाकिस्तान की भूमिका का जश्न मनाना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच में पाकिस्तान इस समय



मध्यस्थ की भूमिका में है। इस शांति समझौते के प्रयास पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा कि भारत को पाकिस्तान की मध्यस्थता का जश्न मनाना चाहिए, जिसकी वजह से अमेरिकी-ईरान सीजफायर हुआ। इतना ही नहीं उन्होंने भारत की प्रतिक्रिया को परिपक्व और समझदारीपूर्ण बताया। एक इंटरव्यू में शशि थरूर से सवाल किया गया कि क्या सीजफायर में मध्यस्थता करने में इस्लामाबाद की भूमिका से नई दिल्ली को चिंतित होना चाहिए। थरूर ने जवाब देते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि ऐसा क्यों होना चाहिए, क्योंकि सच कहूं तो, हर चीज एक के लिए फायदेमंद और दूसरे के लिए नुकसान वाली साबित नहीं होती। अगर पाकिस्तान को भारत में आतंकवादी भेजने के लिए सराहा जा रहा होता, तो यह चिंता की बात होती। पाक शांति के लिए काम कर रहा है।

# आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स को पहली बार नहीं चौथी बार मिली 1 रन से हार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 14वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 1 रन करीबी हार का सामना करना पड़ा। अरुण जेटली स्टेडियम में हुए मैच में जीटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 210/4 का स्कोर बनाया था। जवाब में डीसी की टीम 209/8 का स्कोर ही बना सकी। डीसी को आईपीएल इतिहास में 4 चौथी बार 1 रन से हार मिली है, जो सर्वाधिक है।

### सीएसके के खिलाफ 2015 में पहली हार

डीसी को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से पहली हार 2015 में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मिली थी। उस संस्करण के 9वें मुकाबले में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ड्वेन स्मिथ (34) और फाफ डु प्लेसिस (32) की पारियों से 150/7 का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी की टीम एल्बी मोर्कल (73) की अर्धशतकीय पारी के बाद भी 9 विकेट के नुकसान पर 149 रन ही बना पाई थी।



### गुजरात के खिलाफ 2016 में दूसरी हार

डीसी को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से दूसरी हार आईपीएल 2016 में गुजरात लायंस के खिलाफ मिली थी। उस संस्करण के 23वें मुकाबले में जीएल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्रेंडन मैकुलम (60) और ड्वेन स्मिथ (52) की अर्धशतकीय पारियों से 172/6 का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी क्रिस मॉरिस (82) और जेपी डुमिनी (48) की पारियों के बाद भी 5 विकेट के नुकसान पर 171 रन ही बना पाई थी।

### आरसीबी के खिलाफ 2021 में तीसरी हार

डीसी को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से तीसरी हार 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मिली थी। उस संस्करण के 22वें मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एबी डिविलियर्स (75) और रजत पाटीदार (31) की पारियों के दम पर 171/5 का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी की टीम ऋषभ पंत (58) की अर्धशतकीय पारी के बाद भी 4 विकेट के नुकसान पर 170 रन ही बना पाई थी।

### गुजरात के खिलाफ 2026 में चौथी हार

दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से चौथी हार वर्तमान में यानी 2026 में जीटी के खिलाफ मिली है। इस संस्करण के 14वें मुकाबले में जीटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शुभमन गिल (70), वाशिंगटन सुंदर (55) और जोस बटलर (52) की पारियों के दम पर 210/4 का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी की टीम केएल राहुल (92*) की अर्धशतकीय पारी के बाद भी 8 विकेट के नुकसान पर 209 रन ही बना पाई।

### धीमा ओवर फेंकने पर शुभमन पर लगा 12 लाख का जुर्माना

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण जुर्माना लगाया गया है। यह मामला दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 8 अप्रैल को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले से जुड़ा है। इस रोमांचक मैच में जीटी ने डीसी को 1 रन से हरा दिया। यह इस सीजन में टीम का पहला ओवर-रेट अपराध था, जिसके चलते गिल पर कार्रवाई की गई। आईपीएल के आधिकारिक बयान के अनुसार, आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत पहली बार धीमी ओवर गति रखने पर कप्तान पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। इसी नियम के तहत गिल पर भी इतना ही जुर्माना लगाया गया। नियमों के मुताबिक, दूसरी बार अपराध पर कप्तान पर 24 लाख रुपये और टीम के अन्य खिलाड़ियों पर भी जुर्माना लगाया जाता है, जबकि तीसरी बार सजा और कड़ी हो जाती है।

## खबर संक्षेप



### दादरा-नगर हवेली, यूपी व पंजाब सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी में जीते

**राजगीर (बिहार)।** पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश ने बृहस्पतिवार को यहां 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में डिवीजन 'ए' क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते। दिन के पहले मैच में दादरा और नगर हवेली तथा दम और दीव ने चंडीगढ़ को 2-1 से हराया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में पंजाब ने झारखंड को 5-3 से शिकस्त दी। तीसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश ने ओडिशा को 6-3 से हराया। दिन के अंतिम मैच में मध्य प्रदेश और हरियाणा ने गोल रहित ड्रॉ खेला जिसके बाद मध्य प्रदेश ने शूट आउट में 4-3 से जीत दर्ज की।

### मेदवेदेव ने बेरेत्तिनी से हार के बाद रैकेट सात बार फेंका



**मोनाको।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में मातेओ बेरेत्तिनी से 6-0, 6-0 से मिली हार के बाद अपना रैकेट सात बार लाल क्लेकोर्ट पर फेंका। इस समय दसवीं रैंकिंग पर काबिज मेदवेदेव 49 मिनट में मुकाबला हार गए। उन्होंने पांच डबल फॉल्ट किये जबकि बेरेत्तिनी ने एक भी नहीं किया। मेदवेदेव इस साल क्ले पर अपना पहला मैच खेल रही थी। उन्होंने हाल ही में इंडियन वेल्स में हार्डकोर्ट पर शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज को हराया था।

### खालिन ने कायम की आंध्र ओपन में तीन शॉट की बढ़त



**विशाखापत्तनम।** खालिन जोशी ने एक अंडर 70 का कार्ड खेल बृहस्पतिवार को यहां आंध्र ओपन 2026 के तीसरे दौर के बाद कुल सात अंडर 206 के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर तीन शॉट की बड़ी बढ़त कायम कर ली है। बेंगलुरु के 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाली इस प्रतियोगिता के शुरुआती दो दौर में समान 68-68 के कार्ड खेले थे। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई में छह बार के इस विजेता खिलाड़ी के पास अब चार साल के खिताबी सूखे को खत्म करने का अच्छा मौका है। उन्होंने अपना पिछला खिताब अगस्त 2022 में कोयंबतूर में जीता था। यश-राशिद संयुक्त दूसरे स्थान पर दुबई के यश मजमुदार (71-69-69) और दिल्ली के राशिद खान (70-72-67) चार अंडर 209 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। मजमुदार ने तीसरे दिन 69 का स्कोर बनाया, जबकि राशिद ने दिन का सर्वश्रेष्ठ 67 का कार्ड खेलकर अच्छी वापसी की।

## आईपीएल : तीन विकेट से हराया, चौधरी बने मैन ऑफ द मैच

# मुकुल की नाबाद अर्धशतकीय पारी से केकेआर पर एलएसजी की रोमांचक जीत

भाषा ▶▶| कोलकाता

मुकुल चौधरी की बेखौफ नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में बृहस्पतिवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आखिरी गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हराया। एलएसजी ने 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर 128 रन पर मोहम्मद शमी के रूप में अपना सातवां विकेट गंवा दिया था। टीम को आखिरी चार ओवर में 54 रन चाहिए थे, और चौधरी ने आवेश खान (नाबाद एक) के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। एलएसजी के लिए आयुष बडोनी ने भी 54 रन की शानदार पारी खेली। चौधरी ने अपनी पारी की शुरुआती आठ गेंदों में केवल दो रन बनाए, लेकिन बाद में सात छक्के लगाकर नाबाद 54 रन बनाए। इनमें से वैभव अरोड़ा की गेंद पर महेंद्र सिंह धोनी के अंदाज में खेला गया हेलीकॉप्टर शॉट दर्शनीय था। कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 181 रन बनाए। कैमरून ग्रीन ने मौजूदा सत्र में पहली बार गेंदबाजी करते हुए अपनी दूसरी गेंद पर कप्तान ऋषभ पंत को आउट किया और टीम को शुरुआती सफलता दिलाई। हालांकि, पारी के 19वें ओवर में वह रन रोकने में नाकाम रहे। आखिरी दो ओवर में केकेआर को 30 रन की जरूरत थी, लेकिन ग्रीन ने 16 रन लुटा दिए। एलएसजी को अंतिम ओवर में 14 रन चाहिए थे, और वैभव अरोड़ा दबाव में चूक गए। आईपीएल के अपने पहले सत्र में तीसरा मैच खेल रहे चौधरी ने ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का मारकर स्कोर




बराबर किया और फिर आखिरी गेंद पर चूकने के बाद एक रन लेकर टीम को यादगार जीत दिलाई। इससे पहले बडोनी ने 34 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाकर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। उनके बाद चौधरी की तेजी ने मैच का पासा पलट दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए एलएसजी ने सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (15) और एडेन मारक्रम (22) के बाद कप्तान ऋषभ पंत (10) और निकोलस पूरन (13) का विकेट सस्ते में गंवा दिया लेकिन चौधरी और बडोनी ने बेखौफ बल्लेबाजी से केकेआर की जीत के इंतजार को और बड़ा दिया।

### कोलकाता-181/4

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अजिंक्या रहाणे का शमी बो राठी | 41 |
| फिन ऐलन का राठी बो प्रिंस | 09 |
| रघुवंशी का मारक्रम बो सिद्धार्थ | 45 |
| कैमरुन ग्रीन नाबाद | 32 |
| रिंकू सिंह बो आवेश | 04 |
| रोवमैन पोवेल नाबाद | 39 |

अतिरिक्त: 11
कुल योग: (20 ओवर में 4 विकेट पर) 181 रन
**विकेट पतन:** 1-15, 2-99, 3-105, 4-111
**गेंदबाजी:** शमी 4-0-27-0, प्रिंस 4-0-47-1 सिद्धार्थ 3-0-34-1, राठी 4-0-25-1, आवेश 4-0-44-1

### लखनऊ-182/7

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मिचेल मार्श का रघुवंशी बो वैभव | 13 |
| एडेन मारक्रम का पोवेल बो वैभव | 22 |
| ऋषभ पंत का त्यागी बो ग्रीन | 10 |
| आयुष बडोनी का रिंकू बो अनुकूल | 54 |
| पूरन का रमनदीप बो त्यागी | 13 |
| अब्दुल समद बो अनुकूल | 02 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 54 |
| शमी का अनुकूल बो नारायण | 01 |
| आवेश खान नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 10
**कुल योग:** (20 ओवर में सात विकेट पर) 182 रन
**विकेट पतन:** 1-41, 2-42, 3-73 , 4-95, 5-104 , 6-125, 7-128
**गेंदबाजी:** वैभव 4-0-38-2, अनुकूल 4-0-32-2, सैनी 3-0-37-0, नारायण 4-0-13-1, त्यागी 3-0-31-1, ग्रीन 2-0-28-1

### आज होगी राजस्थान और आरसीबी के बीच भिड़ंत

**नई दिल्ली।** गुवाहाटी इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 16वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमें लगातार मिल रहीं जीत के कारण उत्साहित हैं। इस मैच में देखना यह होगा कि कौन सी टीम अपनी जीत की लय को बरकरार रखती है और कौन जीत हासिल करने से चूकती है। आईपीएल के इस संस्करण में आरसीबी ने 2 मुकाबले खेले हैं और उसे दोनों ही मैच में जीत मिली है। वहीं, राजस्थान रायल्स ने रियान पराग की कप्तानी में 3 मुकाबले खेले हैं और उसने भी सभी मैचों में जीत दर्ज की है। ऐसे में एक जोरदार भिड़ंत देखने को मिल सकती है। आरआर और आरसीबी के बीच यह मुकाबला आज 10 अप्रैल को गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में रात 7:30 बजे से खेला जाएगा।



## एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप

# मीनाक्षी फाइनल में, हंसिका और नेहा ने जीता कांस्य पदक



मिनाक्षी गोयत, (53 किग्रा)



हंसिका लांबा, (55 किग्रा)



नेहा, (59 किग्रा)

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में किर्गिजस्तान के बिश्केक में गुरुवार को भारतीय पहलवान हंसिका लांबा 55 किग्रा और नेहा ने 59 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में कांस्य पदक अपने नाम किए। मीनाक्षी गोयत ने महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में पहले ही पदक पक्का कर लिया है। उन्होंने उज्बेकिस्तान की सकिबजमाल एस्बोसिनोवा को 15-4 से और रिपब्लिक ऑफ कोरिया की सियोयंग पार्क को 4-2 से हराकर गोल्ड मेडल मुकाबले में जगह बनाई। वे फाइनल में चीन की पूर्व अंडर 20 विश्व चैंपियनजिन झांग से भिड़ेंगी। 55 किग्रा वर्ग में हंसिका लांबा ने किर्गिजस्तान की अरुके कादिरबेक क्यजी को 6-1 के स्कोर से हराकर पोडियम स्थान हासिल किया। हंसिका सेमीफाइनल में चीन की युक्सुआन ली से हारने के बाद फाइनल मुकाबले में पहुंची थीं। वहीं, 59 किग्रा वर्ग में नेहा ने मंगोलिया की बोलोर्तुया खुरेलखू को 10-4 से हराकर अपना पदक पक्का किया। दुसरी ओर, पिछले साल एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में 62 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मनीषा भनवाला इस बार 57 किग्रा में कांस्य पदक के लिए लड़ेंगी। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में हार के बाद रेपेचेज राउंड में जगह बनाई है। मानसी अहलावत ने भी 62 किग्रा वर्ग में रेपेचेज राउंड के लिए क्वालीफाई किया है। इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में कुल 30 भारतीय पहलवान हिस्सा ले रहे हैं, महिला, पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन वर्ग में 10-10 खिलाड़ी हैं। महिलाओं की फ्रीस्टाइल रेसलिंग बुधवार को शुरू हुई थी। ओलंपिक पदक विजेता अमन सेहरावत भी भारतीय रेसलिंग टीम का हिस्सा हैं और वे शनिवार से अपना अभियान शुरू करेंगे।

## 'इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-3'

# अनिमेष, हिमा सहित कई बड़े खिलाड़ी लेंगे भाग



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनिमेष कुजूर और हिमा दास की अगुवाई में कई बड़े एथलीट शनिवार को यहां होने वाली 'इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-3' में चुनौती पेश करने के लिए तैयार हैं। इस आयोजन में खिलाड़ियों को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हाल ही में बिछाए गए मोंडो ट्रैक पर प्रदर्शन करने का अतिरिक्त प्रोत्साहन भी मिलेगा। तूर गोला फेंक प्रतियोगिता में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे, क्योंकि इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सत्र में दो बार 20 मीटर से अधिक दूरी तक गोला फेंका है। अनिमेष सहित ये

### खिलाड़ी भी ले रहे हैं भाग

अनिमेष कुजूर (पुरुष 100 मीटर और 200 मीटर) और हिमा (महिला 400 मीटर) के अलावा विशाल टीके (पुरुष 400 मीटर) और तेजिंदरपाल सिंह तूर (पुरुष गोला फेंक) जैसे राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इसके अलावा 2025 तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में चौथा स्थान हासिल करने वाले भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव भी चुनौती पेश करते हुए दिखेंगे। इन सभी खिलाड़ियों के नाम भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा जारी प्रविष्टि सूची में शामिल हैं, हालांकि अंतिम प्रतिभागियों की पुष्टि शुक्रवार को होगी।

### खिलाड़ियों को मिलेगी दिग्गजों से चुनौतियां

पुरुष 100 मीटर में अनिमेष के लिए मुकाबला आसान नहीं होगा, क्योंकि पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुरिंदरवीर सिंह भी मैदान में होंगे। गुरिंदरवीर ने पिछले महीने भुवनेश्वर में आयोजित पहली राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप में 60 मीटर का स्वर्ण पदक जीता था। इस स्पर्धा के फाइनल में कुजूर को फॉल्स स्टार्ट के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। गुरिंदरवीर का 100 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 10.20 सेकंड है, जबकि अनिमेष का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 10.18 सेकंड है। विशाल अपनी मुख्य स्पर्धा 400 मीटर के साथ 200 मीटर में भी भाग लेंगे, जहां उनके सामने अनिमेष की चुनौती होगी।

**नीरज चोपड़ा भी दिखेंगे मैदान में :** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के अलावा पुरुष भाला फेंक में लगभग सभी शीर्ष भारतीय खिलाड़ी भाग लेंगे। चोपड़ा इस समय विदेश में प्रशिक्षण ले रहे हैं। सचिन विश्व चैंपियनशिप में 86.27 मीटर के साथ चौथा स्थान हासिल करने के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में उतरेंगे, जहां उन्हें किशोर कुमार जेना, रोहित यादव, यशवीर सिंह, विक्रांत मलिक और शिवम लोखरे की चुनौती का सामना करना होगा।

## बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप

### आयुष क्वार्टर फाइनल में, सिंधू और प्रणय हारे

**निंगबो (भाषा)।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए लेकिन पी वी सिंधू महिला एकल में हारकर बाहर हो गई । विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज आयुष ने 20वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के चि यू जेन को 21 . 16, 21 . 12 से हराया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगा । भारत के बाकी खिलाड़ियों के लिये बृहस्पतिवार का दिन निराशाजनक रहा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की वांग झियि ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21 . 18, 21 . 8 से हराया । कंधे की चोट से उबरकर वापसी करने वाले एच एस प्रणय को चीन के वेंग होंग यांग ने 21 . 12, 21 . 19 से मात दी । मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को चौथी वरीयता प्राप्त मलेशिया के चेन तांग जी ओर तो ई वेइ ने 21 . 13, 21 . 14 से हराया । महिला एकल में उन्नति हुडा जापान की विश्व नंबर नौ टोमोका मियाजाकी से 17 . 21 9 . 21 से हार गईं, जबकि प्रिया कोंजेंगबम एवं श्रुति मिश्रा की महिला जोड़ी जापान की युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो की जोड़ी से 10 . 21 13 . 21 से हार गईं।

# आईपीएल के बीच बीसीसीआई का नया फरमान, सिर्फ 16 खिलाड़ियों को ही एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग से जुड़े कई सख्त नियम बनाए हैं। नए नियम के मुताबिक मैच के दौरान केवल उन्हीं खिलाड़ियों को मैदान में आने या घूमने की अनुमति होगी जिनका नाम टीम शीट में शामिल होगा।

शीट में सिर्फ 16 खिलाड़ियों को शामिल करने की अनुमति होगी।नए नियम के मुताबिक टीम शीट में शामिल न होने वाले खिलाड़ी ड्रिंक्स, बैट या ग्लव्स लेकर मैदान में नहीं जा सकेंगे। वे खिलाड़ियों तक कोई मैसेज भी नहीं पहुंचा सकेंगे। बाउंड्री लाइन के पास केवल 5 खिलाड़ी ही बिब पहनकर घूम सकते हैं। बाकी खिलाड़ियों को डगआउट में ही रहना होगा।




### कौन-कौन होंगे शामिल

रिपोर्ट के मुताबिक, नए नियम के अनुसार प्रत्येक टीम अपने खिलाड़ियों की शीट में 16 खिलाड़ियों को शामिल कर सकती है। इसमें 11 खिलाड़ी वे होंगे जो प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे। इसके अलावा, इम्पैक्ट सब के रुप में 1 और 4 खिलाड़ी रिजर्व के रूप में रखे जा सकते हैं। इन 16 खिलाड़ियों के अलावा मैदान में टीम का कोई भी अन्य सदस्य मैदान पर प्रवेश नहीं कर सकेगा।

### नियमों का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई

सूत्रों के मुताबिक, टीम प्रबंधन को साफ निर्देश दिए गए हैं कि मैच के दौरान सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों की अनावश्यक आवाजाही पर पूरी तरह रोक रहेगी। बाउंड्री लाइन और एलईडी विज्ञापन बोर्ड के बीच केवल सीमित खिलाड़ियों को ही रहने की अनुमति होगी। इन नियमों का पालन न करना टीम और खिलाड़ियों की मुश्किल बढ़ा सकता है।

### इस कारण से लाए गए नए नियम

माना जा रहा है कि यह नया नियम एमपीसी (मैच खेलने की शर्तों) के क्लॉज 11.5.2 और 24.1.4 को और सख्ती से लागू करने के लिए लाया गया है। क्लॉज 11.5.2 के मुताबिक, बिना अंपायर की अनुमति के मैदान पर ड्रिंक्स ले जाना या समय बर्बाद करना नियमों के खिलाफ है।

## छक्के जड़कर बनाई अपनी अलग पहचान

# टी-20 क्रिकेट में गेल 1056 और पोलार्ड जड़ चुके हैं 982 छक्के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 क्रिकेट में छक्के लगाना सिर्फ ताकत का नहीं, बल्कि टाइमिंग और आत्मविश्वास का भी खेल है। दुनिया भर के कुछ चुनिंदा बल्लेबाज ऐसे हैं, जिन्होंने इस प्रारूप में 600 से ज्यादा छक्के जड़कर अपनी अलग पहचान बनाई है। ये खिलाड़ी मैदान पर आते ही गेंदबाजों पर हावी हो जाते हैं और मैच का रुख पलटने का दम रखते हैं। आइए जानते हैं उन धाकड़ बल्लेबाजों के बारे में, जिन्होंने टी-20 क्रिकेट में छक्कों की बारिश कर इतिहास रचा है।



### क्रिस गेल (1,056 छक्के)

इस सूची में पहले स्थान पर वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल हैं। उन्होंने अपना पहला टी-20 मुकाबला साल 2005 में खेला था। आखिरी बार वह 2022 में खेलते हुए नजर आए थे। इस खिलाड़ी ने 463 मुकाबले खेले थे और इसकी 455 पारियों में 1,056 छक्के लगाए थे। उनके बल्ले से 14,562 रन निकले थे। उन्होंने 22 शतक और 88 अर्धशतक भी जड़े थे।



### किरोन पोलार्ड (982 छक्के)


इस सूची में दूसरे स्थान पर वेस्टइंडीज के एक और दिग्गज खिलाड़ी किरोन पोलार्ड हैं। उन्होंने अब तक 735 टी-20 मुकाबले खेले हैं और इसकी 652 पारियों में 982 छक्के लगाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 31.62 की औसत और 150.96 की स्ट्राइक रेट से 14,482 रन निकले हैं। उन्होंने अपने टी-20 करियर में 1 शतक और 67 अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन रहा है।

### आंद्रे रसेल (784 छक्के)

तीसरे स्थान पर वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे रसेल हैं। उन्होंने हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लिया था। उन्होंने अपना पहला टी-20 मुकाबला 2010 में खेला था। इस खिलाड़ी ने 590 मुकाबले खेले हैं और इसकी 508 पारियों में 26.18 की औसत और 167.61 की स्ट्राइक रेट से 9,636 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 784 छक्के निकले हैं। उन्होंने 2 शतक और 34 अर्धशतक भी लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121* रन है।

### निकोलस पूरन (712 छक्के)

निकोलस पूरन इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के इस स्टार बल्लेबाज ने अब तक 444 टी-20 मुकाबले खेले हैं और इसकी 417 पारियों में 712 छक्के लगाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 29.91 की औसत और 147.89 की स्ट्राइक रेट से 10,379 रन भी निकले हैं। पूरन ने अपने टी-20 करियर में 4 शतक और 63 अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 108* रन रहा है।




# नेतन्याहू बोले- जहां जरूरत होगी, वहां करेंगे हमला, नुकसान पहुंचाने वालों को नहीं बख्शेंगे


## इजराइल की हिजबुल्लाह को सीधी चेतावनी



एजेंसी ▶▶ यरूशलेम/ तेहरान

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि हिजबुल्लाह के खिलाफ उनके हमले रुकने वाले नहीं हैं। लेबनान में हुए भीषण हमलों के बाद नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली सेना पूरी ताकत और सटीक रणनीति के साथ हिजबुल्लाह को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी इजराइली नागरिकों को नुकसान पहुंचाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। नेतन्याहू ने आगे कहा कि जब तक उत्तरी इजराइल के निवासी अपने घरों में सुरक्षित वापस नहीं लौट जाते, तब तक हिजबुल्लाह के ठिकानों पर जहां भी जरूरी होगा, हमला जारी रहेगा। पीएम नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल ने अब तक की लड़ाई में शानदार जीत हासिल की है, जो पहले असंभव लगती थी। अब ईरान पहले से कमजोर और इजराइल पहले से मजबूत है। उन्होंने कहा कि अभी भी कुछ लक्ष्य बाकी हैं, जिन्हें पूरा किया जाएगा, चाहे सहमति से हो या लड़ाई फिर से शुरू करके। नेतन्याहू के बयान ने पश्चिम एशिया में एक बार फिर से तनाव बढ़ा दिया है।

- ईरान पहले से कमजोर और इजराइल पहले से मजबूत
- इजराइल ने लड़ाई में शानदार जीत हासिल की
- अभी भी कुछ लक्ष्य बाकी हैं जिन्हें पूरा किया जाएगा



लेबनान के शहर बेरूत पर इजराइली हमले में क्षतिग्रस्त इमारतें

## लेबनान में हथियार भंडारण केंद्र, लॉन्चर और कमांड सेंटर तबाह

*इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने दावा किया है कि उसने लेबनान में हिजबुल्लाह से जुड़े महत्वपूर्ण ठिकानों और नेटवर्क को निशाना बनाया है। इजराइली सेना ने दक्षिण लेबनान में लितानी नदी के दक्षिण हिस्से में हिजबुल्लाह द्वारा हथियारों के परिवहन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले दो अहम मार्गों को भी निशाना बनाया। आईडीएफ ने दावा किया कि इस कार्रवाई में करीब 10 हथियार भंडारण केंद्र, लॉन्चर और कमांड सेंटर भी तबाह किए गए हैं। इजराइली सेना ने एक बार फिर बेरूत के दक्षिणी इलाकों पर हमला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हमला शहर के दक्षिणी उपनगरों में किया गया। इसके अलावा इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के कई कस्बों सफाद अल-बत्तिख, माजदल सेलेम, चाकरा और खेरबेत सेलेम पर भी बमबारी की है। हालांकि अभी हमलों में हुए नुकसान और हताहतों की पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। इजराइल ने लेबनान के दक्षिणी शहर हब्बूश पर हमला किया। इससे पहले हारूफ और अल दुवैर में भी इजराइली हमले किए थे।*




अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में लेबनान पर हुए हमलों के विरोध में सड़कों पर प्रदर्शन

## 15,400 टन रसोई गैस लेकर मुंबई पहुंचा 'ग्रीन आशा'

**जेएन पोर्ट के विशेष हिस्से में खड़ा किया गया**

मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में चल रहे युद्ध और तनाव के बीच रसोई गैस यानी एलपीजी लेकर एक भारतीय जहाज सुरक्षित भारत पहुंच गया है। जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि 15,400 टन एलपीजी लेकर आ रहा जहाज 'ग्रीन आशा' नवी मुंबई के पोर्ट पर सफलतापूर्वक पहुंच चुका है। इस जहाज को जवाहरलाल नेहरू पोर्ट के उस विशेष हिस्से (बर्थ) पर खड़ा किया गया है, जिसका संचालन भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन मिलकर करते हैं। इस पूरे मिशन की सबसे अच्छी बात यह रही कि जहाज पर मौजूद चालक दल (क्रू) के सभी सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। जहाज में लदी 15,400 टन एलपीजी और खुद जहाज को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।



नवी मुंबई तट पर 'ग्रीन आशा'

**इजराइली सेना का दावा**

## हिजबुल्लाह चीफ के भतीजे हर्शी की मौत

इजराइल ने दावा किया कि लेबनान की राजधानी बेरूत पर बुधवार को किए गए उसके भीषण हवाई हमलों में हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम का एक सहयोगी मारा गया। आईडीएफ के अनुसार, अली यूसुफ हर्शी, जो हिजबुल्लाह के महासचिव नईम कासिम के निजी सचिव, करीबी सलाहकार और भतीजा था। नईम कासिम संगठन के संचालन में अहम भूमिका निभाते थे।



## रूस ने 40 प्रतिशत तक सस्ती एलएनजी देने का दिया ऑफर

जब दुनियाभर के अलग-अलग देशों को तेल संकट से जुझना पड़ रहा था, तब रूस ने भारत को तेल सप्लाई की। अब एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) मार्केट में भी रूस ने एक बड़ा खेल खेला है। रूस ने अब भारत समेत एशियन बायर्स को एलएनजी खरीद पर 40 फीसदी तक का भारी डिस्टाउंट ऑफर दिया है। बता दें, अमेरिकी के रूसी तेल से प्रतिबंध को अस्थायी तौर पर हटाने पर माना जा रहा है कि अप्रैल महीने में रूस की तेल से होने वाली आय दोगुनी होकर 9 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगी।

**इजराइली मंत्री का आरोप**

## ईरान के साथ सीजफायर एक बड़ी गलती: चिकली

इजराइल के मंत्री अमिचाई चिकली ने कहा कि ईरान के साथ युद्धविराम करना गलती है। ऐसे देशों के खिलाफ सख्ती जरूरी होती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह युद्धविराम ज्यादा दिन चलेगा या नहीं, इसकी संभावना सिर्फ 50% है। उन्होंने ईरान की तुलना जापानी साम्राज्य और नाजी जर्मनी से करते हुए कहा कि ऐसे देशों को पूरी तरह हराना जरूरी होता है।



## पंजाब में आईएसआई समर्थित बीकेआई के दो आरोपी अरेस्ट, 5 हैंड ग्रेनेड-डेटोनेटर भी बरामद

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

पंजाब में बड़ी वारदात की साजिश को पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने नाकाम कर दिया। अमृतसर ग्रामीण, गुरदासपुर और एसएसओसी ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ संयुक्त ऑपरेशन में आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल एक विदेशी हैंडलर द्वारा संचालित किया जा रहा था। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो पंजाब में बड़े हमलों की साजिश रच रहे थे। इस ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को कई खतरनाक सामग्री बरामद हुई हैं, जिनमें 5 हैंड ग्रेनेड,



2 विशेष डेटोनेटर, एक पीटीटी टाइमर जिसमें कोडर और डिकोडर लगा हुआ है। इसके अलावा 9 वोल्ट की बैटरी, एक किलो उच्च विस्फोटक सामग्री जिसमें कीलें भरी हुई थीं, और एक बाओफेंग वॉकी-टॉकी शामिल है। इसके अलावा, एक ट्रिगर मैकेनिज्म भी मिला है, जो यह संकेत देता है कि आरोपी किसी बड़े और हमले की तैयारी में थे।

इस मामले में पुलिस स्टेशन कलानौर, जिला गुरदासपुर में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अब आगे और पीछे के लिंक की जांच कर रही है, जिसमें विदेशी हैंडलरों और स्थानीय सहयोगियों की पहचान शामिल है।

**8 से 10 अप्रैल तक अमेरिका की यात्रा पर हैं**

## विदेश सचिव ने अमेरिकी अधिकारियों से की पश्चिम-एशिया के हालात पर चर्चा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के दौर में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान वाशिंगटन डीसी में कई उच्च-स्तरीय बैठकें की हैं। जिनके केंद्र में दोनों देशों के सामरिक जैसे रक्षा-व्यापार संबंधों को और अधिक गहराई प्रदान करने के लिए की गई व्यापक समीक्षा से इतर संघर्षविराम के बावजूद पश्चिम-एशिया में बढ़ते तनाव और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के मामले को शामिल शामिल किया गया। बीते 8 अप्रैल से शुरू हुए मिस्री के तीन दिवसीय दौरे में अब तक उनकी पेंटागन स्थित रक्षा मंत्रालय में अवर सचिव माइक डफी, एलब्रिज कॉल्बे और वाणिज्य मंत्रालय में अवर सचिव जेफरी केसलर और विलियम किमिट से मुलाकात हो चुकी है। यह जानकारी अमेरिका में भारतीय दूतावास ने अपनी एक्स पोस्ट के जरिए दी है।

### रक्षा आदान-प्रदान को मिलेगी गति

दूतावास की पोस्ट के मुताबिक, विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने भारत, अमेरिका के बीच रक्षा आदान-प्रदान की गति को बनाए रखते हुए पेंटागन में युद्ध नीति से जुड़े दो अवर सचिवों से मुलाकात की है। जिसमें पश्चिम-एशिया के अलावा हिंद-प्रशांत के इलाके में चल रही गतिविधियों को शामिल किया गया। उनकी यह बैठक हालिया समय में राष्ट्रीय राजधानी में अमेरिकी पक्ष के साथ हुई वार्ताओं के ठीक बाद हो रही है। जो भारत-अमेरिका रक्षा नीति समूह की बैठक का ही भाग है। एक अन्य पोस्ट में दूतावास ने कहा, दोनों पक्षों के बीच सार्थक बातचीत हुई है। जिसमें रक्षा औद्योगिक, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला को गहराई प्रदान करने के तरीकों पर चर्चा की गई। जो कि बीते वर्ष 2025 में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय प्रमुख रक्षा साझेदारी के ढांचे में तय किए गए महत्वाकांक्षी लक्ष्यों में से एक है।

### व्यापार समझौते को मिलेगी गति

यहां बता दें विक्रम मिस्री की यह अमेरिका यात्रा एक ऐसे समय पर हो रही है। जब दोनों देश बीते वक्त में अलग-अलग कारणों की वजह से अपने संबंधों में आए तनाव को फिलहाल दूर करने की कोशिशों में लगे हुए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्षविराम का श्रेय लेने जैसे कारण संबंधों में गिरावट के लिए खासतौर पर जिम्मेदार रहे हैं। लेकिन अब इनमें काफी सुधार देखने को मिल रहा है। विदेश सचिव की इस अमेरिका यात्रा से यह उम्मीद की जा सकती है कि भारत, अमेरिका व्यापार समझौते के मामले में भी गति देखने मिलेगी।

### भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला पर हुई चर्चा

विदेश सचिव की अमेरिका के वाणिज्य विभाग के अधिकारियों से हुई बातचीत में वाणिज्यिक और जरूरी प्रौद्योगिकियों के विस्तार के मामले पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। क्योंकि यह 21वीं सदी की साझेदारी को परिवर्तित करने की महत्वपूर्ण कुंजी है। वार्ता में दोनों पक्षों के बीच एक लचीली और भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण के मुद्दे पर भी विचार साझा किए गए।

### अमेरिका दौरे पर वायुसेनाप्रमुख

उधर, विदेश सचिव के साथ-साथ वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह भी अमेरिका की यात्रा पर हैं। उन्होंने पीटरसन स्पेस फोर्स बेस का दौरा किया है, जिसमें एयरचीफ मार्शल सिंह की अमेरिकी नार्थ कॉम कमांडर जनरल ग्रेगोरी.एम.गुलॉट से मुलाकात हुई। वायुसेना ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच रणनीतिक मामलों और बढ़ती हुई साझेदारी पर चर्चा की गई। जिसमें दोनों देशों के सामरिक संबंधों को और अधिक गहराई प्रदान का मामला भी शामिल रहा।

**पूरा हुआ थिएटर कमांड बनाने का 90 फीसदी से अधिक काम**

## बोले सीडीएस, एक सप्ताह में थिएटर कमांड के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए रक्षा मंत्रालय को सौंपेंगे

- रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर का अर्थ केवल देश में हथियार बनाने तक सीमित नहीं
- यह जानकारी 'रण संवाद' कार्यक्रम के दौरान चीफ ऑफ इंटिग्रेटेड डिफेंस स्टाफ एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने दी है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

क्या भारत अपने अब तक के इतिहास के सबसे बड़े सैन्य सुधारों यानी तीनों सशस्त्र सेनाओं के मिश्रण वाली थिएटर कमांड के गठन की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है? क्या अगले मई महीने तक इसे लेकर सरकार द्वारा कोई महत्वपूर्ण घोषणा की जाएगी? घोषणा के बाद क्या भारत, पाकिस्तान और चीन की ओर से दो मोर्चों पर संयुक्त रूप से मिलने वाली युद्ध की चुनौती का पुरजोर अंदाज में मुकाबला कर पाएगा? यह वर्तमान समय में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच लगातार उभर रहे वह जरूरी सवाल हैं। जिनका जवाब हाल ही में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के एक वरिष्ठ अधिकारी और चीफ ऑफ इंटिग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने दिया है।

उन्होंने बेंगलुरु में आयोजित किए गए रण संवाद कार्यक्रम में कहा कि सेनाओं की संयुक्त थिएटर कमांड की योजना से जुड़ा हुआ 90% से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। लेकिन सिर्फ ढांचा बना देने से स्वतः ही तालमेल उत्पन्न नहीं होता है। असल बात तब बनती है। जब अलग-अलग सेनाओं के काम करने के तरीके में एकरूपता आए। बताते चलें की देश के सामरिक गलियारों में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि अगले मई महीने में थिएटर कमांड के गठन के संबंध में कोई जरूरी घोषणा की सकती है। जिसके पीछे मौजूदा प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान के मई में सेवानिवृत्त होने को भी एक वजह माना जा रहा है। उधर, बेंगलुरु में ही एक चर्चा के दौरान जनरल अनिल चौहान ने कहा कि वह थिएटर कमांड के गठन के प्रस्ताव को करीब एक सप्ताह में रक्षा मंत्रालय की मंजूरी के लिए सौंपेंगे। इससे जुड़ा हुआ कार्य लगभग पूरा हो गया है।

### गठन में शामिल हुए नए आयाम



सरकार द्वारा प्रस्तावित थिएटर कमांड के गठन की प्रक्रिया में कुछ नए आयाम भी जुड़े हैं। जिसमें पाकिस्तान से लगी पश्चिमी सीमा के मोर्चे का नेतृत्व वायुसेना का अधिकारी करेगा। जबकि चीन से लगी पूर्वी सीमा की कमान सेना के अधिकारी के पास होगी और समुद्री मोर्चे पर इस दायित्व का निर्वाह नौसेना का अधिकारी करेगा। नए आयामों यानी बदलावों में पश्चिमी कमांड वायुसेना, पूर्वी सेना और समुद्री कमांड बदस्तूर नौसेना के जिम्मे रह सकती है।

### सीसीएस की मंजूरी लेनी होगी

थिएटर कमांड की औपचारिक तौर पर घोषणा करने से पहले हालांकि रक्षा मंत्रालय को इससे संबंधित प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की मंजूरी लेनी पड़ेगी। जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते हैं। उनके अलावा इसमें रक्षा, वित्त, विदेश और गृह मंत्री शामिल होते हैं।

### हथियार निर्माण तक सीमित नहीं आत्मनिर्भरता

एयर मार्शल दीक्षित के मुताबिक, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल देश के अंदर हथियार बनाने तक ही सीमित नहीं है। इसमें संप्रभुता की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें तकनीक से जुड़े अहम भागों पर पूर्ण नियंत्रण रखना पड़ेगा। अगर ऐसा नहीं होगा तो मुश्किल वक्त में हमें विदेशों पर निर्भर रहना पड़ेगा। अमेरिका, इजरायल और ईरान युद्ध बहुपक्षीय अभियान का नजारा प्रस्तुत करता है। ईरान की होर्मुज स्ट्रेट में लगाई गई पाबंदी भौगोलिक स्थिति, आर्थिक ताकत को हथियार की तरह इस्तेमाल का उदाहरण प्रस्तुत करती है। यूक्रेन युद्ध में हमने देखा कि एक छोटी सेना कैसे जरूरी तकनीक की मदद से बड़ी सेना को भारी नुकसान पहुंचा सकती है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109